# देशबन्धु

जबलपुर, शनिवार 09 सितंबर 2023 । वर्ष –67 । अंक –303 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ फटा पोस्टर निकला मोदी
■ पानी को सहेजने की... 04
■ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए भाषण नहीं ...
■ ओमडुरमैन में तोपखाने के हमले में 32... 09
■ देश के 55 जिलों में सोने के आभूषणों की...
■ भारत के पास पर्याप्त चीनी, इस सत्र के दौरान... 11
■ पाकिस्तान के खिलाफ...
■ आईपीएल ट्रॉफी जीतने... 10





## जी-20 शिखर सम्मेलन को दिल्ली तैयार.. अमेरिकी राष्ट्रपति सहित कई देशों के प्रमुख पहुंचे

# बाइडेन-मोदी की 77 मिनट हुई बात, 29 मुद्दों पर बनी सहमति

### भारत में अगले 5 सालों में 400 मिलियन डॉलर का निवेश करेगा अमेरिका

### यूएनएससी पर भारत की स्थाई सदस्यता के लिए अमेरिका ने अपनी तरफ से पैरवी



**नई दिल्ली,देशबन्धु।** नई दिल्ली में 9 और 10 सितंबर को होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए विदेशी मेहमानों का आना जारी है। दिल्ली में सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। साथ ही सजावट ही देखते ही बन रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन जी-20 समिट के लिए तीन दिन के दौरे पर शुक्रवार को भारत पहुंचें। वह दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर उतरे। यहां केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह ने उन्हें रिसीव किया। बाइडेन इसके बाद भारत में अमेरिकी एम्बेसडर एरिक गार्सेटी और उनकी बेटी से भी मिले।

भारत पहुंचने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच शिखर वार्ता हुई जिसमें 77 मिनट में 29 मुद्दों पर सहमति बनी। इस मुलाकात के बाद दोनों नेताओं ने कहा कि- इस मुलाकात से दुनिया में खुशहाली के लिए भारत और अमेरिका की दोस्ती ऐसे ही कायम रहेगी।

**भारत को क्या-क्या मिला?**-बताया जा रहा है कि मुलाकात के दौरान राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पीएम मोदी को चंद्रयान 3 के लिए बधाई दी। उन्होंने इस बात पर खुशी जाहिर की कि भारत ने पहली बार चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड करकर दिखाया है। इसके अलावा दोनों नेताओं के बीच क्वाड को लेकर भी चर्चा की गई।

पिछले कुछ सालों में जिस तरह से ये संगठन मजबूत होता चला गया है, उस पर संतोष भी जाहिर किया गया और आगे की रणनीति पर भी चर्चा हुई। राष्ट्रपति बाइडेन के साथ हुई इस मुलाकात ने भारत को भी काफी कुछ दिया है। अमेरिका ने ऐलान कर दिया है कि भारत में अगले पांच सालों में 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश किया जाएगा। इसके अलावा यूएनएससी पर भारत की स्थाई सदस्यता के लिए अमेरिका ने अपनी तरफ से पैरवी कर दी है। ये वो मुद्दा है जो कई सालों से अटका हुआ है, चीन द्वारा लगातार बाधा डाली जा रही है।

**रक्षा सौदे हुए**-बताया जा रहा है कि दोनों देशों के बीच कुछ रक्षा सौदे भी हुए हैं। अमेरिका भारत को आने वाले सालों में 31एमक्यु-9बी आर्म्ड ड्रोन्स देने वाला है। इसके अलावा अगले साल होने वाले क्वाड सम्मेलन के लिए पीएम मोदी ने भी अपनी तरफ से जो बाइडेन को न्योत दे दिया है। यानी कि कुल मिलाकर बाइडेन-मोदी की ये द्विपक्षीय मुलाकात काफी अहम रही और भारत और अमेरिका की दोसती को नया आयाम देने वाली भी साबित हुई।

> जी-20 शिखर सम्मेलन मानव केंद्रित व समावेशी विकास का नया मार्ग प्रशस्त करेगा। देश ऐतिहासिक भारत मंडपम में शिखर सम्मेलन के आयोजन को लेकर उत्साहित है ।
> – प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

### जय सियाराम से हुआ सुनक का स्वागत

वहीं ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा व फ्रांस के राष्ट्रपति भी दिल्ली पहुंच गए हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक दोपहर करीब 2.15 बजे दिल्ली पहुंचे। केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने उनका स्वागत किया। ऋषि सुनक ने कहा कि जी-20 भारत के लिए एक बड़ी सफलता रही है। भारत इसकी मेजबानी के लिए सही समय पर सही देश है। अश्विनी कुमार चौबे ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने यहां पहुंचे सुनक का हवाई अड्डे पर 'जय सियाराम' से अभिवादन किया। ( पृष्ठ-2 और 3 पर भी विस्तृत खबरें )

# विधानसभा उपचुनाव में 'इंडिया' आगे

### 6 राज्यों की 7 विस सीटों के नतीजे घोषित

### -केरल में कांग्रेस, बंगाल में टीएमसी, झारखंड में जेएमएम व उप्र में सपा की जीत

**लखनऊ/रांची, देशबन्धु।** देश के 6 राज्यों की 7 विधानसभा सीटों के नतीजे आ गए हैं। इनमें त्रिपुरा की दो और उत्तराखंड की एक सीट पर भाजपा ने जीत दर्ज की। केरल की पुथुप्पली सीट कांग्रेस के खाते में गई। वहीं, बंगाल की एक सीट पर तृणमूल कांग्रेस ने जीत हासिल की। झारखंड में जेएमएम अलायंस की ओर से छुरूरू ने जीत दर्ज की। उत्तर प्रदेश की घोषी सीट समाजवादी पार्टी के सुधारक सिंह के खाते में गई। सभी सीटों पर 5 सितम्बर को उपचुनाव हुए थे। इनमें से पांच सीट-घोसी (यूपी), बागेश्वर (उत्तराखंड), डुमरी (झारखंड), बॉक्सानगर और धनपुर (त्रिपुरा) पर इंडिया गठबंधन की पार्टियों ने एकसाथ चुनाव लड़ा। धुपगुड़ी (बंगाल) और पुथुपल्ली (केरल) सीट पर विपक्षी पार्टियां एक-दूसरे के खिलाफ मैदान में थीं।

सात सीटों में से धनपुर, बागेश्वर और धूपगुड़ी पर पहले भाजपा का कब्जा था। उप्र और झारखंड की सीटें समाजवादी पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा के पास थीं। त्रिपुरा की बॉक्सनगर सीट और केरल की पुथुपल्ली सीट सीपीएम और कांग्रेस के पास थीं। ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

### भाजपा ने त्रिपुरा की दो, उत्तराखंड की एक सीट जीती

भाजपा ने त्रिपुरा के सिपाहीजला जिले की धनपुर और बोक्सानगर विधानसभा सीटें जीत ली हैं। करीब 66 फीसदी अल्पसंख्यक मतदाताओं वाली बोक्सानगर सीट पर भाजपा ने कब्जा जमा लिया है। धनपुर में बिंदु देबनाथ को जीत मिली है। वहीं बोक्सानगर में भाजपा के तफज्जल हुसैन ने 30,237 वोटों से जीत हासिल की। उत्तराखंड की बागेश्वर सीट से भाजपा की पार्वती दास ने जीत हासिल की। उन्होंने कांग्रेस के बसंत कुमार को हराया। भाजपा ने विधायक चंदन राम दास के निधन के बाद उनकी पत्नी पार्वती दास को इस सीट पर उम्मीदवार बनाया था।

### महाराष्ट्र में मंत्री के सिर पर हल्दी पाउडर डाला

**मुंबई।** महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल पर शुक्रवार को एक शख्स ने हल्दी पाउडर डाला। दरअसल, धनगर (चरवाह) समुदाय को दो लोग मंत्री के पास मराठा आरक्षण से जुड़ी मांगें लेकर पहुंचे थे। उन्होंने मंत्री को अपनी मांगों का पत्र सौंपा। राधाकृष्ण लैटर पढ़ने लगे, इसी दौरान एक शख्स ने जेब से हल्दी की पुड़िया निकालकर मंत्री के सिर पर उड़ेल दी।

**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

**बिरादरी की बात**

**चूहा**-सुनती हो-राहुल कह रहे हैं भारत में गांधी -गोडसे विचारधारा की लड़ाई चल रही है।
**चुहिया**- हां प्रिये- असल बात कोई नहीं कहता कि सारी लड़ाई वोट की है।

### कमिश्नर, आईजी व कलेक्टर-एस.पी. कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री

## कानून व्यवस्था हो या जनकल्याण के काम, सबमें चुस्ती-फुर्ती और सावधानी रहे : शिवराज

### शीघ्र लागू होगी मुख्यमंत्री जन आवास योजना

- जहां भी अल्प वर्षा के कारण नुकसान की स्थिति निर्मित होगी, वहां राहत दी जाएगी
- कृषि के लिए 10 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए
- किसानों को समय पर खाद उपलब्ध हो
- जल जीवन मिशन के कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण हों



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कमिश्नर, आईजी व कलेक्टर-एस.पी. कॉन्फ्रेंस को समत्व भवन से वर्चुअली संबोधित करते हुए प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति, फसलों की स्थिति की सतत निगरानी, खाद की आपूर्ति, बिजली व्यवस्था, हितग्राही मूलक योजनाओ में समय पर भुगतान, नल-जल योजनाओं के क्रियान्वयन और विकास रथों के संचालन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना हमारी ड्यूटी है, यह मेरी भी ड्यूटी है। हम अपनी चुस्ती, फुर्ती और सावधानी में कोई कमी न आने दें। पुलिस महानिदेशक तीज त्यौहार में कानून व्यवस्था की निरंतर समीक्षा करते रहें। एसपी-कलेक्टर शांति समिति की बैठक कर आवश्यक निर्णय लें, प्रदेश में सभी ओर शांति और सुरक्षा का वातावरण बनाएं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रसन्नता का विषय है कि प्रदेश में वर्षा आरंभ हुई है। इससे कई फसलों को जीवनदान मिलेगा, लेकिन कई जगह सोयाबीन की फसलों का नुकसान हुआ है। किसान चिंता न करें, किसानों का कल्याण हमारी सरकार की प्राथमिकता है। सभी जिला अधिकारी फसलों की ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

## मणिपुर में फिर हिंसा : 2 की मौत, 45 घायल



### असम राइफल्स के जवान भी जख्मी हुए

**इंफाल।** मणिपुर के तेंगनौपाल जिले के पैलेल में दो अलग-अलग गोलीबारियों में दो की मौत तो वहीं 50 अन्य घायल हो गए। घायलों में चार को गोली लगी है। पुलिस ने बताया कि पैलेल में सुबह के करीब छह बजे अज्ञात पुरुषों के दो समूहों के बीच गोलीबारी शुरू हुई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। व्यक्ति को तुरंत ककचिंग के जीवन अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं गोली लगने से घायल व्यक्ति को इंफाल क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में स्थानांतरित किया गया। फिलहाल व्यक्ति की हालत गंभीर है।

गोलीबारी की घटना के बारे में सुनकर थौबल और काकचिन जिले से बड़ी संख्या में लोगों का एक झुण्ड पैलेल पहुंचा, लेकिन असम राइफल्स के जवानों ने उन्हें रोक लिया। दो समूहों के बीच इस झड़प में एक 48 वर्षीय व्यक्ति की गोली लगने से मौत हो गई। स्थिति को शांत करने के लिए असम राइफल्स के जवानों ने आंसू गैस के गोले दागे, जिसके बाद करीब 50 महिलाएं घायल हुई। घायलों में असम राइफल्स के जवान भी शामिल हैं।

## ब्रसेल्स में बोले राहुल-भारत में गांधी-गोडसे विजन की लड़ाई

### इंडिया गठबंधन से डरकर देश का नाम बदलना चाहते हैं मोदी



**ब्रसेल्स।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी इन दिनों यूरोप दौरे पर हैं। शुक्रवार को ब्रसेल्स के प्रेस क्लब में राहुल गांधी ने कहा कि भारत में इस वक्त महात्मा गांधी और नाथूराम गोडसे के विजन के बीच लड़ाई है। लोकतंत्र और संस्थान पर हमला हुआ है। हिंसा-भेदभाव बढ़ा है।

अल्पसंख्यक, दलित, आदिवासी और निचली जातियां पर हमला किया जा रहा है। इंडिया गठबंधन से सरकार घबराई इसलिए देश का नाम बदलना चाहती है। कांग्रेस नेता ने कहा कि इंडिया अलायंस को लेकर सरकार घबराई हुई है।

हम भारत की आवाज हैं। इसे लेकर प्रधानमंत्री डरे हुए हैं इसीलिए वो देश का नाम बदलना चाहते हैं। यह पूरा मुद्दा अडाणी पर मेरी प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद हुआ, जिससे देश का ध्यान भटकाया जा सके।

## ज्ञानवापी सर्वे को 56 दिन का समय और मिला

**वाराणसी, देशबन्धु।** ज्ञानवापी सर्वे को लेकर जिला कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने एएसआई टीम को 56 दिन और सर्वे करने का आदेश दिया है। अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी ने 35वें दिन एएसआई टीम को परिसर में जाने से रोका था।

अंजुमन कमेटी ने कोर्ट के आदेश के बाद ही टीम को सर्वे के लिए अंदर जाने की बात कही थी। वहीं, गुरुवार को भी सर्वे शुरू होने के बाद मुस्लिम पक्ष ने विरोध जताया था, जिसके चलते सर्वे रोका गया था। अंजुमन कमेटी का कहना था कि कोर्ट के आदेश आने के बाद ही सर्वे की कार्रवाई को आगे बढ़ाया जाएगा। अधिकारियों ने एएसआई की टीम और मसाजिद कमेटी के पदाधिकारियों से बात की, लेकिन सहमति नहीं बन सकी थी।

मसाजिद कमेटी का कहना है कि जिला जज की अदालत ने सर्वे और उसकी रिपोर्ट जमा करने के लिए 2 सितंबर तक की इजाजत दी थी।

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School



ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

**उपलब्धि** टाइम पत्रिका की पहली शीर्ष सौ एआई सूची में कई भारतीय

## भारतीय-अमेरिकी स्नेहा रेवनूर सूची में सबसे युवा




### सूची में 43 सीईओ, संस्थापक व सह-संस्थापक भी शामिल

**न्यूयॉर्क,** 8 सितम्बर (एजेंसियां)। कई भारतीयों और भारतीय मूल के तकनीकी विशेषज्ञों ने टाइम पत्रिका की पहली टाइम 100 एआई सूची में जगह बनाई है, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) में 100 सबसे प्रभावशाली लोगों को शामिल किया गया है।

सूची में 18 वर्षीय भारतीय-अमेरिकी स्नेहा रेवनूर सबसे युवा हैं, जिन्होंने हाल ही में नैतिक एआई के लिए आयोजित एक युवा-नेतृत्व वाले अभियान इनकोड जस्टिस का नेतृत्व करने के लिए जो बाइडेन प्रशासन से मुलाकात की। रेवनूर को अक्सर एआई की ग्रेटा थुनबर्ग कहा जाता है। नील खोसला, जिन्होंने 2017 में टेलीहेल्थ स्टार्टअप क्यूराई हेल्थ की सह-स्थापना की, वह भी सूची में हैं। वाधवानी एआई के सह-संस्थापक रोमेश और सुनील वाधवानी को भी सूची में नामित किया गया है। मुंबई स्थित वाधवानी एआई एक गैर-लाभकारी संगठन है जिसका मिशन स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और कृषि सहित सामाजिक भलाई के लिए एआई समाधान विकसित करना और तैनात करना है।

तुशिता गुप्ता अमेरिका स्थित कंपनी रेफाइबर्ड की मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी हैं। इसका उद्देश्य विभिन्न कपड़ा वस्तुओं की संरचना की पहचान करने के लिए एआई का उपयोग करके कपड़ा रीसाइक्लिंग में क्रांति लाना है। प्रतिष्ठित सूची में एक अन्य भारतीय माइक्रोसॉफ्ट रिसर्च इंडिया की प्रमुख शोधकर्ता कालिका बाली हैं। उन्होंने प्रौद्योगिकी में भाषा संबंधी बाधाओं को तोड़ने के लिए कई साल से समर्पित काम किया है। 2023 टाइम 100 एआई अंक के मुख-पृष्ठ पर नील जैमीसन के इल्यूस्ट्रेशन हैं जिसमें सूची में शामिल 28 लोगों के चित्र हैं। इनमें ओपनएआई के सैम ऑल्टमैन, एंथ्रोपिक के डारियो और डेनिएला अमोदेई, गूगल डीपमाइंड के डेमिस हसाबिस और अन्य लोग शामिल हैं।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेसिका सिबली ने कहा कि टाइम का मिशन उन लोगों और विचारों को उजागर करना है जो दुनिया को एक बेहतर, अधिक न्यायसंगत जगह बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि एआई में असाधारण विकास और उन्नति के इस महत्वपूर्ण क्षण में, हमें एआई नवाचार का नेतृत्व करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने के लिए पहली बार टाइम 100 एआई सूची प्रकट करने पर गर्व है।

सूची में 43 सीईओ, संस्थापक और सह-संस्थापक शामिल हैं-एक्सएआई के एलन मस्क, ओपनएआई के सैम ऑल्टमैन, एक्ससिएंटिया के एंड्रयू हॉपकिंस, मूनहब के नैन्सी जू, अमिनी के केट कल्लोट, लेलापा एआई के पेलोनोमी मोइलोआ, एंथ्रोपिक के जैक क्लार्क, रकेल वाबी के उर्तासन, कोहेरे के एडन गोमेज़ तथा अन्य। सूची में शामिल 41 महिलाओं और नॉनबाइनरी लोगों में ह्यूमेन इंटेलिजेंस के ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

# देश-विदेश

## शेख हसीना ने की मोदी से मुलाकात

**नई दिल्ली।** जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने पहुंची बंगालदेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बैठक से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करके द्विपक्षीय वार्ता की। हसीना ने दिल्ली पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री आवास में मोदी से मुलाकात करके द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर वार्ता की। समझा जाता है कि बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने जी-20 के एजेंडे पर भी चर्चा की। इससे पहले जी-20 सम्मेलन में हिस्सा लेने पहंची हसीना का यहां इंदिरा गांधी हवाई अड्डा पहुंचने पर रेल राज्यमंत्री दर्शना जरदोश ने स्वागत किया। बंगलादेश जी-20 का सदस्य नहीं है लेकिन भारत ने उसे विशेष अतिथि के रूप में सम्मेलन में आमंत्रित किया है।

## कनाडा में एक और हिंदू मंदिर में खालिस्तानी समर्थकों ने की तोड़फोड़, लिखा- पंजाब इज नॉट इंडिया

**नई दिल्ली।** कनाडा में खालिस्तान चरमपंथियों द्वारा लगातार हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया जा रहा है। ताजा मामला कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया के सरे शहर का है, जहां एक मंदिर के बाहरी दीवारों पर भारत विरोधी स्लोगन के साथ उसे नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया है। ताजा मामला अलगाववादी समूह सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के वैंकूवर में भारत के वाणिज्य दूतावास को बंद करने की धमकी से एक दिन पहले आया है।

एक अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, जिस मंदिर पर हमला हुआ है वह माता भामेश्वरी दुर्गा मंदिर है। यह घटना गुरुवार सुबह की है। जब रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) को मंदिर को हुए नुकसान के बारे में सूचना मिली । मंदिर प्रबंधन के एक सदस्य, रोहित ने मीडिया को बताया कि मंदिर की बाहरी दीवार पर बने भित्तिचित्र को हटा दिया गया है। गौरतलब है कि इससे पहले ओटावा में भारत के उच्चायोग ने कनाडा के विदेश मंत्रालय ग्लोबल अफेयर्स कनाडा को वैंकूवर में अपने राजनयिक परिसर के लिए कथित खतरे के बारे में सूचित किया था । दरअसल, अलगाववादी समूह सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के समर्थकों ने शुक्रवार को वैंकूवर वाणिज्य दूतावास को बंद करने का आह्वान किया था। हालांकि इससे एक दिन पहले खालिस्तान चरमपंथियों द्वारा मंदिर पर निशाना बनाया गया।

# जी-20 में दुनिया देख रही बेमिसाल भारतीय टेक्नोलॉजी

**नई दिल्ली।** भारत में जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन वैसे तो 9 और 10 सितंबर को है, लेकिन दुनियाभर से आए मेहमानों के लिए भारत दर्शन ,यहां की परंपरा और भारतीय हस्तशिल्प समेत कई विभागों के स्टॉल प्रगति मैदान के भारत मंडपम में लगा हुआ है। लिहाजा जी-20 का आगाज 8 सितंबर से ही शुरू हो गया है, जो 10 सितंबर तक जारी रहेगा। प्रगति मैदान में भारत मंडपम में डिजीलॉकर सुविधा, यूपीआई पेमेंट और हस्तशिल्प हथकरघा समेत कई विभागों के स्टॉल और उनके प्रोडक्ट की धूम है।

दुनिया के राजनेताओं को भारतीय टेक्नोलॉजी का कमाल दिखाने के लिए प्रगति मैदान में भारत मंडपम में डिजीलॉकर सुविधा, पीआई पेमेंट और हस्तशिल्प हथकरघा समेत कई विभागों के स्टॉल लगाए गए हैं।

**भारत बना डिजीलॉकर इस्तेमाल करने वाला पहला देश**-भारत मंडपम के डिजीलॉकर के प्रतिनिधि प्रकाश पांडे ने डिजीलॉकर की विशेषता के बारे में प्रतिनिधियों को जानकारी दी।



## सम्मेलन में पीआई और डिजीलॉकर की धूम

उन्होंने एएनआई को बताया कि डिजीलॉकर में लोग अपने डॉक्यूमेंट डिजिटली स्टोर कर सकते हैं। इसमें आप जन्मप्रमाण पत्र, आईडी कार्ड, प्रोपर्टी, लैंड रिकॉर्ड, बीमा पत्र आदि स्टोर कर सकते हैं। इसमें जारी किए सारे डॉक्यूमेंट वैध होते हैं। यह प्लेटफॉर्म पूरी तरह से सुरक्षित है। इस तरह की तकनीक का इस्तेमाल करने वाले देशों में भारत पहला देश है।

**मेहमान समझ रहे हैं पीआई पेमेंट की तकनीक**-आरबीआई के पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम विभाग के महाप्रबंधक कश्यप बालाकृष्णन ने जी-20 समिट में अपने स्टॉल के जरिए भारतीय टेक्नोलॉजी का ऑनलाइन भुगतान में योगदान के बारे में जानकारी साझा किया। उन्होंने कहा कि हम भारत मंडपम में अपने स्टॉल के जरिए विदेशी प्रतिनिधियों को भारत में डिजिटल भुगतान के विकास को दिखा रहे हैं और विदेशी मेहमानों को पीआई का अनुभव लेने का मौका दे रहे हैं। एनआरआई भारत बिल भुगतान प्रणाली का उपयोग करके विदेश से भुगतान कैसे कर सकते हैं, मेहमानों को इसके बारे में भी जानकारी दे रहे हैं।

**विदेशी मेहमानों को कराया जा रहा है हस्तशिल्प हथकरघा से परिचित**-उत्तर पूर्वी हस्तशिल्प हथकरघा विकास निगम के प्रबंध निदेशक ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) आरके सिंह ने बताया कि भारत मंडपम के जरिए हम यहां आए हर विदेशी प्रतिनिधि को उत्तर-पूर्व की कला दिखाना चाहते हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### विधानसभा उपचुनाव....

उत्तर प्रदेश की घोसी सीट मौजूदा विधायक और ओबीसी नेता दारा सिंह चौहान के सपा छोड़कर बीजेपी में शामिल होने के बाद खाली हुई थी। इस सीट पर अब बीजेपी के प्रत्याशी के रूप में दारा सिंह को शिकस्त मिली है। समाजवादी पार्टी के सुधाकर सिंह ने दारा सिंह को 42759 वोटों से हरा दिया। उन्हें 1,24,447 वोट मिले जबकि दारा सिंह को 81,668 वोट मिले। वहीं बंगाल के धुपगुड़ी सीट पर तृणमूल कांग्रेस ने जीत हासिल की। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ट्विटर पर इसकी जानकारी दी। टीएमसी कैंडिडेट निर्मल चंद्र रॉय और बीजेपी की तापसी रॉय के बीच काउटिंग शुरू होने से खत्म होने तक कांटे की टक्कर देखने को मिली। टीएमसी ने करीब 4000 वोटों से बीजेपी को मात दी। इस सीट पर इंडिया अलायंस के सदस्य कांग्रेस और टीएमसी एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव में उतरे थे। कांग्रेस ने सीपीआई(एम) के उम्मीदवार ईश्वर चंद्र रॉय को समर्थन दिया था।

**डुमरी सीट पर जेएमएम की बेबी देवी जीतीं**-झारखंड के गिरिडीह जिले की डुमरी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा की उम्मीदवार बेबी देवी ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन की यशोदा देवी को 17,153 वोटों से हरा दिया. झामुमो उम्मीदवार को 100317 मत प्राप्त हुए हैं जबकि आजसू की उम्मीदवार को 83,164 वोट मिले हैं।

### कानून व्यवस्था....

स्थिति पर नजर रखे। जहां भी अल्प वर्षा के कारण नुकसान की स्थिति निर्मित होगी, वहां राहत दी जाएगी, फसल बीमा का भी भुगतान होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि क्षति का आकलन कर आरबीसी 6(4) के अंतर्गत राहत दी जाएगी। यह हमारा कर्तव्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली को लेकर अब स्थिति सामान्य हैं, लेकिन हम बिजली की स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए हैं। कलेक्टर-कमिश्नर भी अपने क्षेत्रों में ऊर्जा विभाग के साथ आपूर्ति की स्थिति का आंकलन करते रहें। कृषि के लिए 10 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। मुख्यमंत्री ने किसानों को फसलों के नुकसान से बचाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने की व्यवस्था विकसित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है, जिलों में खाद की आपूर्ति सुनिश्चित कराना कलेक्टर की जिम्मेदारी है। जिले में खाद की उपलब्धता का समय पर आंकलन कर, जिले की मांग से राज्य शासन को अवगत कराया जाए। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि किसानों को जरूरत के समय खाद उपलब्ध हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल-जीवन मिशन के कार्यों में यह सुनिश्चित करें कि कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण हों। उन्होंने कहा- हितग्राहियों को भुगतान में कोई समस्या नहीं आए।मुख्यमंत्री ने कहा कि शीघ्र ही प्रदेश में मुख्यमंत्री जन आवास योजना लागू की जा रही है। वो गरीब जिनके नाम प्रधानमंत्री आवास तथा आवास प्लस में शामिल नहीं हो सके हैं, उन्हें इस योजना के अंतर्गत आावस उपलब्ध कराए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 सितम्बर को लाड़ली बहना दिवस पर ग्वालियर से बहनों के खातों में लाड़ली बहना योजना की राशि डाली जाएगी। उन्होंने गरीब कल्याण रिपोर्ट की प्रतियां पंचायत स्तर तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।उन्होंने प्रधानमंत्री के 14 सितंबर के कार्यक्रम पर भी चर्चा की। बैठक में मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विनोद कुमार, अपर मुख्य सचिव गृह राजोरा, अपर मुख्य सचिव किसान कल्याण तथा कृषि विकास अशोक वर्णवाल, प्रमुख सचिव ऊर्जा संजय दुबे तथा पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना उपस्थित थे। सभी संभाग तथा जिले के अधिकारी बैठक से वर्चुअली जुड़े।

### भारतीय अमेरिकी....

सीईओ और सह-संस्थापक रुम्मन चौधरी; संज्ञानात्मक वैज्ञानिक अबेबा बिरहाने; गूगल डीपमाइंड की सीओओ लीला इब्राहिम; स्टैनफोर्ड के प्रोफेसर फी-फी ली; कलाकार लिंडा दूनिया रेबीज; कलाकार केली मैककर्नन भी हैं। सूची में मान्यता प्राप्त वैज्ञानिकों, प्रोफेसरों, शोधकर्ताओं और कार्यकर्ताओं में कंप्यूटर वैज्ञानिक और कलाकार जॉय बुओलामविनी, शोधकर्ता इनिओलुवा डेबोरा राजी और शोधकर्ता टिमनिट गेब्रू भी हैं।

---

**कार्यालय प्राचार्य शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी**

- 26.09.18 को नैक द्वारा B++ ग्रेड प्राप्त - अग्रणी महाविद्यालय, जिला- कटनी -

Phone: 07622-299423, E-Mail: gtc_katni@yahoo.co.in, hegtckat@mp.gov.in

क्र./652/ शातिम/निविदा/23-24 — कटनी, दिनांक 25.08.2023

// निविदा //

शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी के ऑडिटोरियम हेतु ऑडिटोरियम कुर्सियाँ क्रय किया जाना है। जिसकी खुली निविदा क्रमांक Gem / 2023/B/3876508 दिनांक 25.08.2023 जेम पोर्टल पर है। जिसकी ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 15.09.2023 तक है। इच्छुक प्रदायकर्ता फर्म जेम पोर्टल पर ऑनलाईन निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकते है। निविदा के संबंध में अन्तिम निर्णय प्राचार्य / डी. डी. ओ. शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी का होगा।

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

(डॉ. एस. खरे) प्राचार्य
शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महा. कटनी

G-19446/23

---

**पश्चिम मध्य रेल**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई-बोली आमंत्रित करता है। **Category -** Advertisement, **Catalogue No. -** JBP-C-NFR-23, **Lot No.-** Advt-EBW-56359-23-1, **Assets Details -** ट्रेन नं. 12181 / 82 JBP-ALL Exp में विनायल रेपिंग के माध्यम से विज्ञापन कार्य, **Auction Start-** 20.09.2023 11:00Hrs, **Auction End-** 20.09.2023 11:30 Hrs, **Lot No.-** Advt-EBW-130799-23-1, **Assets Details -** ट्रेन नं. 11449 / 50 JBP-SVDK & 12193/94 JBP-YPR Exp में विनायल रेपिंग के माध्यम से विज्ञापन कार्य, **Auction Start-** 20.09.2023 11:00Hrs, **Auction End-** 20.09.2023 11:40 Hrs. **Lot No.-** Advt-EBW-129381-23-1, **Assets Details -** ट्रेन नं. 22181 / 82 JBP-NZM Exp में विनायल रेपिंग के माध्यम से विज्ञापन कार्य,। **Auction Start-** 20.09.2023 11:00 Hrs, **Auction End-** 20.09.2023 11:50 Hrs, **Lot No.-** Advt-EWB-127874-23-1, **Assets Details -** ट्रेन नं. 11463 / 64 / 65 / 66 JBP-SMNH Exp, 22191/92 JBP-INDR Exp में विनायल रेपिंग के माध्यम से विज्ञापन कार्य,। **Auction Start-** 20.09.2023 11:00 Hrs, **Auction End-** 20.09.2023 12:00 Hrs, **Lot No.-** Advt-EBW-155494-23-1, **Assets Details -** ट्रेन नं. 22189/90 JBP-REWA, 11265/66 JBP-ABKP & 11651/52 JBP-SGRL Exp में विनायल रेपिंग के माध्यम से विज्ञापन कार्य। **Auction Start-** 20.09.2023 11:00 Hrs, **Auction End-** 20.09.2023 12:10 Hrs, **Lot No.-** Advt-EBW-182126-23-1, **Assets Details -** ट्रेन नं. 11753/54/55/66 REWA-ITR Exp में विनायल रेपिंग के माध्यम से विज्ञापन कार्य,। **Auction Start-** 20.09.2023 11:00 Hrs, **Auction End-** 20.09.2023 12:20 Hrs, **Lot No.-** Advt-EWB-129400-23-1, Assets Details - ट्रेन नं. 12187/88 JBP-CSMT Exp. में विनायल रेपिंग के माध्यम से विज्ञापन कार्य,। **Auction Start-** 20.09.2023 11:00 Hrs, **Auction End-** 20.09.2023 12:30 Hrs, **Lot No.-** Advt-EWB-130802-23-1, **Assets Details -** ट्रेन नं. 12189/90 JBP-NZM & 12159/60 JBP-NGP Exp. में विनायल रेपिंग के माध्यम से विज्ञापन कार्य,। **Auction Start-** 20.09.2023 11:00 Hrs, **Auction End-** 20.09.2023 12:40 Hrs, **Lot No.-** Advt-EWB-130800-23-1, **Assets Details -** ट्रेन नं. 12191/90 JBP-NZM Exp. में विनायल रेपिंग के माध्यम से विज्ञापन कार्य,। **Auction Start-** 20.09.2023 11:00 Hrs, **Auction End-** 20.09.2023 12:50 Hrs, **Lot No.-** Advt-EWB-127872-23-1, Assets Details - ट्रेन नं. 11705/06 JBP-REWA Shuttle Ex. में विनायल रेपिंग के माध्यम से विज्ञापन कार्य,। **Auction Start-** 20.09.2023 11:00 Hrs, **Auction End-** 20.09.2023 13:00 Hrs, **Lot No.-** Advt-EWB-130732-23-1, **Assets Details -** ट्रेन नं. 12121/22 JBP-NZM(MP Sampark Kranti Ex) में विनायल रेपिंग के माध्यम से विज्ञापन कार्य,। **Auction Start-** 20.09.2023 11:00 Hrs, **Auction End-** 20.09.2023 13:10 Hrs, **Lot No.-** Advt-EBW-137350-23-1, **Assets Details -** ट्रेन नं. 11703/04 REWA-DADN & 02185/86 REWA-RKMP Exp. में विनायल रेपिंग के माध्यम से विज्ञापन कार्य,। **Auction Start-** 20.09.2023 11:00 Hrs, **Auction End-** 20.09.2023 13:20 Hrs, **Lot No.-** Advt-EBW-152746-23-1, **Assets Details -** ट्रेन नं. 22173/74 JBP-CAF Exp. में विनायल रेपिंग के माध्यम से विज्ञापन कार्य,। **Auction Start-** 20.09.2023 11:00 Hrs, **Auction End-** 20.09.2023 13:30 Hrs, संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाईट (www.ireps.gov.in) पर E-Auction Leasing मॉडयूल देखें। लॉट-वार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध हैं। ई-बोली सूचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

मंडल रेल प्रबंधक(वाणिज्य) / पमरे / जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

---

**In The Court of VI Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur presiding Officer:**

**तबस्सुम खान**

**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**

(RCS A/6000044/2015)

श्रीमती चंपा बाई ..........वादी
Vs
श्रीमती फगुनी बाई ...........प्रतिवादी

Process Id- /2023
पेशी दि.:- 11/09/2023

प्रेषिती-
(1) रूपवती केवट पति सुखनंदी केवट पता- तेंदूखेडा केवट मोहल्ला दमोह म.प्र.
(2) प्रहलाद केवट पति नंदलाल केवट पता - मरघटाई रोड मडई थाना रांझी जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी श्रीमती चंपा बाई ने आपके विरूद्ध दावा वास्ते स्वत्व घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा हेतु तथा बंटवारा बादव वाद का मूल्यांकन 1500 रूपये एक हजार पांच सौ रूपये के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 22 अगस्त 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी- प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ दावा वास्ते स्वत्व घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा हेतु तथा बंटवारा बादव वाद का मूल्यांकन 1500 रूपये एक हजार पांच सौ रूपये की छायाप्रति संलग्न है।

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

( श्रीमती तबस्सुम खान )
षष्टम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड जबलपुर ( म.प्र. )

र.नं. 1134

---

**In The Court of XII Additional District and Session, Judge, District Court, Jabalpur presiding Officer:**

**रवींद्र प्रताप सिंह चुंडावत**

**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**

(RCA/0000084/2023)

ईश्वरदयाल ( मृत ) ..........वादी
Vs
खेत सिंह मृत ...........प्रतिवादी

Process Id- /2023
पेशी दि.:- 09/10/2023

प्रेषिती-
(1) प्रेमचंद पिता बल्लूलाल पता-जवाहरगंज जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी ईश्वर दयाल (मृत) ने आपके विरूद्ध आर सी ए नयमित सिविल अपील अंतर्गत धारा 96 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 26 अगस्त 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी- प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ नियमित सिविल अपील अंतर्गत धारा 96 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 108 की छायाप्रति संलग्न है।

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

( रवीन्द्र प्रताप सिंह चुण्डावत )
जिला न्यायाधीश ( द्वादश )
जबलपुर ( म.प्र. )

र.नं. 1121

---

**कार्यालय म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, संभाग क्रमांक-2, धनवंतरी नगर जबलपुर**

**भवन लीज हस्तांतरण/ नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि सुभाष नगर महाराजपुर जबलपुर में भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस. 158 श्री राजू सिंह बोरिया पिता श्री रामलाल के नाम आबंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 29/03/2014 को निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्री राजू सिंह बोरिया द्वारा दिनांक 17/04/2023 को विक्रय विलेख के माध्यम से श्रीमती संगीता कुर्मी पति श्री अनिल कुमार कुर्मी को विक्रय किया है अत: श्रीमती संगीता कुर्मी के द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण/ नामांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये है यदि किसी व्यक्ति को लीज हस्तांतरण/ नामांतरण बावत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित आवधि के पश्चात् लीज हस्तातरण/ नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी का कोई दावा मान्य नहीं होगा ।

सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग क्र. 2, धनवंतरी नगर जबलपुर

र.नं. 1135

---

फौती नामांतरण

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**

रा.प्र.क्र./0179/अ-6/2023-24

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सारा स्वामी पति धर्मेन्द्र सिंह नि. 3216 डॉ. घोष क्लीनिक के पास तुलसी नगर चंद्रशेखर वार्ड ने नजूल ब्लाक नं. 04 प्लाट नं. 45 निर्मित रकवा/रकवा 1025 व.फु./ अवि.हिस्सा...ग्राम रांझी प.ह.नं. ... खसरा नं. 243/1 रकवा 1025 व.फु./हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक दिनांक 10/03/1980 मृत्यु दिनांक .... को हो जाने के कारण वारसान हक/क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र शपथपत्र खसरा की छाया प्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 04 प्लाट नं. 45 निर्मित रकवा/रकवा 1025 व.फु./अवि. हिस्सा.../ ग्राम रांझी प.ह.नं. ... खसरा नं. 243/1 रकवा 1025 व.फु./हे. राजमनी उर्फ एस. राजू सा. नरसिंह नगर राँझी के नाम दर्ज है।

अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 13/09/2023 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 29/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**जारी दिनांक 29/08/2023**
**पेशी दिनांक 13/09/2023**

तहसीलदार
रांझी जबलपुर

र.नं.- 1132

---

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार ऋषि पटेल पिता सुरेन्द्र कुमार पटेल के प्राप्त निर्देशो के अनुसार आम सूचना प्रेषित करता हूँ कि मेरे पक्षकार ने सम्पति मौजा दिघौरा न.ब. 198 प.ह.न. 44 रा.नि.म. शहपुरा तहसील शहपुरा जिला जबलपुर स्थित भूमि ख.न. 136/1 कुल रकवा 0.800 हे. जिसकी चौहद्दी-उत्तर में रेल्वे लाइन, दक्षिण में देवीसिंह का खेत, पूर्व में कच्चीसैर, पश्चिम में चौहान का खेत है जिसे विक्रेता श्री इफ्तिखार हसन पिता मोहम्मद अख्तर अंसारी निवासी 1500 अंसार नगर नमाज गाह के पास गोहलपुर से मेरा पक्षकर क्रय कर रहा है। उक्त सम्पति के संबंध में यदि आम जनता, व्यक्ति, संस्था, बैंक सरकारी, गैर सरकारी, प्राधिकरण या अन्य को क्रय-विक्रय मैं किसी प्रकार की आपत्ति हो या किसी का कोई हक हिस्सा दावा उक्त सम्पति पर हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 15 दिवस के अंदर मेरे समक्ष मय दस्तावेजों सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। निधारित अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जबलपुर, दिनांक 8/9/2023

सुधीर कुमार पटैल ( अधिवक्ता )
म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर
कार्यालय/निवासी - 677 गली न. 18 शान्तिनगर दमोहनाका जबलपुर म.प्र.
मो.नं.-9993209791

र.नं. 1133

---

**बेदखली की सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री नारायण दास सोनी पुत्र स्व. श्री चुन्नीलाल जी सोनी निवासी - म.प्र. 567, मौलाना साहब की गली कोतवाली वार्ड जबलपुर के निवासी है। उनका छोटा पुत्र रोहित सोनी जो कि बालिग होने के बाद से ही उनका आज्ञाकारी ना होकर अपनी मर्जी से हर कार्य करत एवं अपने अनुसार जीवनयापन करता था। जिसके कारण मेरे पक्षकार ने अपने पुत्र रोहित सोनी को आज से लगभग 8-10 वर्ष पूर्व ही अपने घर से निकालकर सभी समस्त संबंधो को समाप्त कर अपनी संपत्ति से बेदखल कर दिया था तब से आज दिनांक तक मेरा या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का रोहित सोनी से किसी भी प्रकार का कोई संबंध नही रह गया है। अत: उसके द्वारा किये गये किसी भी कार्य या संव्यवहार के प्रति मेरे पक्षकर की कोई जिम्मेदारी व जवाबदारी नही है।

जबलपुर, दिनांक 8/9/2023

मोहम्मद रिजवान खान, अधिवक्ता
म.प्र. उच्च न्यायालय एवं डिस्ट्रीककोर्ट जबलपुर
कार्यालय- 568 , मौलाना साहब की गली मन्नूलाल अस्पताल के पीछे, कोतवाली वार्ड जबलपुर ( म.प्र. ) 482002
मो.नं.-9425866999

र.नं. 1137

---

## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

**न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर जिला नरसिंहपुर**

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र. 84 / अ- 20 (1) फ्री-होल्ड वर्ष/2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार म.प्र. नजूल निर्वतन 2020 के तहत भूमिस्वामी हक में संपरिवर्तन की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 15/09/2023 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिए गए हों या वैद्य प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अनुसूची

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | क्षेत्रफल वर्गफुट में | विधमान अभिलेख में अंकित धारक/धारकों का नाम/पिता/माता/पिता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 08 | कंदेली | 8/50 8/43/3 एवं8/22 | 5600 वर्गफुट | डॉ.राजकुमार नीखरा आ. धन्नालाल नीखरा निवासी शंकराचार्य वार्ड कंदेली | डॉ.राजकुमार नीखरा आ.धन्नालाल नीखरा निवासी शंकराचार्य वार्ड कंदेली |

आज दिनांक- 31/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर जिला नरसिंहपुर**

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र. 83 / अ- 20 (1) फ्री-होल्ड वर्ष/2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार म.प्र. नजूल निर्वतन 2020 के तहत भूमिस्वामी हक में संपरिवर्तन की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 15/09/2023 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिए गए हों या वैद्य प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अनुसूची

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | क्षेत्रफल वर्गफुट में | विधमान अभिलेख में अंकित धारक/धारकों का नाम/पिता/माता/पिता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 05 | कंदेली | 18/14 | 1500 वर्गफुट | महेन्द्र कटारे आ. हरप्रसाद कटारे निवासी कंदेली | महेन्द्र कटारे आ. हरप्रसाद कटारे निवासी कंदेली |

आज दिनांक- 31/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

---

**कार्यालय नगरपालिका परिषद पसान, जिला - अनूपपुर (म.प्र.)**

2566/ई-टेंडरिंग/पसान/2023 — पसान, दिनांक 04/09/2023

**(द्वितीय आमंत्रण) अनुभाग-1**

निम्नलिखित कार्यों के लिये ऑनलाईन प्रतिशत दर की निविदा पंजीकृत ठेकेदारों और पंजीकरण मानदण्डों को पूरा करने वाली फर्मों से आमंत्रित की जाती है-

| क्र./ टेंडर क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (रूपये) लाख में | धरोहर राशि (EMD) (रूपये में) | निविदा प्रपत्र की लागत (रूपये में) | ठेकेदार की श्रेणी | पूर्णता की अवधि (दिन में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2023_UAD_305076_1 | वार्ड क्रमांक 09, पुराने कार्यालय भवन का नवीनीकरण | 845727/- | 8460/- | 2000/- | ठेकेदार न्यू सेंट्रलाइज्ड PWD पंजीकरण प्रणाली के माध्यम से पंजीकृत | 90 दिवस |

1. इच्छुक निविदाकार वेबसाईट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर एनआईटी देख सकते है।
2. निविदा प्रपत्र 17.30 समय 05/09/2023 दिनांक से 17.30 समय 20/09/2023 तक ऑनलाईन खरीदा जा सकता है।
3. एनआईटी में संशोधन यदि कोई हो तो केवल वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र में नहीं।
4. विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में निर्माण शाखा में देखी व प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद पसान, जिला अनूपपुर (म.प्र.)

---

**कार्यालय नगरपालिका परिषद शहडोल (म.प्र.)**

D.D. Complex, Near Tagore Shahdol, Distt. Shahdol

Email :cmoshahdol@mpurban.gov.in — Ph.No. 07652-245175 (0), 241015(F)

क्र./5046/न.पा.श./2023 — शहडोल, दिनांक 08/09/2023

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत वेबसाइट https://mptenders.gov.in पद देखा जा सकता है।

| क्र. | टेन्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2023 UAD_305418_1 | जल प्रदाय मरम्मत संधारण सामग्री क्रय | 16.94 लाख | 2,000/12,750 | 09 Oct 2023 |
| 2 | 2023 UAD_305379_1 | जल प्रदाय मरम्मत संधारण सामग्री क्रय | 16.94 लाख | 2,000/12,750 | 09 Oct 2023 |
| 3 | 2023 UAD_305336_1 | जल प्रदाय मरम्मत संधारण सामग्री क्रय | 16.94 लाख | 2,000/12,750 | 09 Oct 2023 |
| 2 | 2023 UAD_305312_1 | जल प्रदाय मरम्मत संधारण सामग्री क्रय | 16.94 लाख | 2,000/12,750 | 09 Oct 2023 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन लाईन https://mptenders.gov.in की बेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेंगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद शहडोल (म.प्र.)

---

**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला-मण्डला (म.प्र.)**

E-mail id-deodmandla01@gmail.com

क्रमांक / निर्वा./निविदा/2023/586 — मण्डला, दिनांक 21/08/2023

**आगामी विधान सभा आम निर्वाचन-2023 / लोक सभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत लाईट, माईक, शामियाना, जनरेटर आदि सामग्रियों की किराये से आपूर्ति हेतु ई-निविदा आवेदन हेतु शुल्क रु 1000= 00 (एक हजार रुपये मात्र) Non Refundable (भाग एक)**

**विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना ( Tender ID 2023_DC_302309_1)**

आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023/ लोक सभा निर्वाचन 2024 सम्पन्न कराने हेतु प्रशिक्षण, नामांकन कार्यवाही, सामग्री वितरण एवं प्राप्ति केन्द्र, मतदान केन्द्र, मतगणना, एवं अन्य निर्वाचन संबंधी कार्यों में उपयोग में लाई जाने वाली लाईट, माईक, शामियाना आदि सामग्री किराये पर लिये जाने हेतु GST पंजीकृत अनुभवी प्रतिष्ठित फर्मों से वेबसाईट www.mptenders.gov.in / https://mptenders.gov.in के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा संबंधी कार्यक्रम निम्नानुसार निर्धारित है-

| स.क्र. | Tender Schedule | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Published Date | 28.08.2023 | 17.00 am |
| 2 | Document Sales Start Date | 29.08.2023 | 10.00 pm |
| 3 | Document Sales End Date | 18.09.2023 | 17.00 pm |
| 4 | Bid Submission Start Date | 29.08.2023 | 10.00 pm |
| 5 | Bid Submission End Date | 18.09.2023 | 17.00 pm |
| 6 | Technical Bid Opening Date | 20.09.2023 | 16.00 pm |
| 7 | Financial Bid Opening Date | कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार यथा समय। | |

किसी प्रकार के संशोधन की सूचना अलग से प्रकाशित नहीं की जावेगी। संशोधन संबंधित सूचनायें केवल वेबसाईट पर ही अपलोड की जावेगी।

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

(डॉ. सलोनी सिडाना) कलेक्टर एवं
जिला निर्वाचन अधिकारी मण्डला (म.प्र.)

G-19415/23

---

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालाघाट**

**ई-टेंडरिंग निविदा आमंत्रण**

बालाघाट जिले के विकासखण्डों में ट्रांसफार्मर सुधार कार्य की मुहरबंद निविदा प्रपत्र 'अ 2.10' ( प्रतिशत दर) में एम.पी. टेण्डर्स पद्धति के माध्यम से पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है जो कि एम.पी. टेण्डर्स सिस्टम पोर्टल के http://mptenders.gov.in द्वारा निर्धारित शेड्यूल के अनुसार निविदा प्रक्रिया की जावेगी।

निविदा का विवरण निम्नानुसार है:-

| ई- टेंडरिंग पद्धति क्रमांक | निविदा क्रमांक/ आमंत्रित दिनांक | कार्य की अनु. लागत (राशि रु. लाख में) | धरोहर राशि (अर्नेस्ट मनी) रु. में | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | निविदा प्रपत्र क्रय करने की एवं दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | ऑन लाईन खुलने की तिथि | पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2023_PHED_301829_1 | 80/25.08.2023 | 17.66 | 35330/- | 2000/- | 15 दिवस | 11.09.2023 | 13.09.2023 | लोक निर्माण विभाग में नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन |

निविदा आमंत्रण सूचना, विस्तृत विवरण एवं Key dates की जानकारी वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

नोट: 1. सभी इच्छुक ठेकेदार ई-टेंडरिंग पोर्टल (http://mptenders.gov.in) में पंजीयन करायें। 2. 'निविदा में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनों को समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। यह संशोधन केवल http://mptenders.gov.in पर ही प्रकाशित किये जायेंगे' निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क क्रेडिट कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इंटरनेट बैंकिंग एकाउंट के माध्यम से उपरोक्त वेबसाईट पर भुगतान कर केवल ऑन लाइन पर ही क्रय किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

कार्यपालन यंत्री,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बालाघाट (म.प्र.) (07632-241131)

G-19418/23

# देश-प्रदेश

उवाच

## प्रदेश की तरक्की के लिए आशीर्वाद मांगने आई भाजपा

**कोलारस।** कोलारस में केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि भाजपा की सोच राष्ट्र प्रथम के भाव की रही है। भारत आगे बढ़े, मध्य प्रदेश आगे बढ़े यह प्रयत्न भाजपा का है, इसलिए जन आशीर्वाद यात्रा के माध्यम से भाजपा आपसे आशीर्वाद मांगने आई है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को भरपूर आशीर्वाद दें और आने वाले चुनाव में भाजपा की सरकार बनाएं। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य की सरकार गरीब कल्याण के विषयों पर काम कर रही है। विधानसभा चुनाव में पुन: भाजपा को जिताएं और विकास के संकल्प के आगे बढ़ाएं।



### ऋषि सुनक ने दिल्ली पहुंचते ही कही दिल की बात

# मैं हिंदू हूं और मुझे इस पर गर्व है 'वसुधैव कुटुंबकम' बेहतरीन विषय



**नई दिल्ली।** जी20 शिखर सम्मेलन में शिरकत करने भारत की राजधानी दिल्ली पहुंचे ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने हिंदू धर्म से अपने जुड़ाव पर खुल कर बात की। हिंदू धर्म से अपने जुड़ाव पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा, मैं एक गौरवान्वित हिंदू हूं और इसी तरह मेरा पालन-पोषण हुआ है, मैं ऐसा ही हूं।

उन्होंने आगे बोला कि मुझे उम्मीद है कि अगले कुछ दिनों तक मेरे यहां रहने के दौरान मैं किसी मंदिर के दर्शन कर सकूंगा। अभी रक्षा बंधन था जिसमें मेरी बहनों ने मुझे राखी बांधी, मेरे पास दूसरे दिन ठीक से जन्माष्टमी मनाने का समय नहीं था लेकिन उम्मीद है जैसा कि मैंने कहा कि- हम अगर किसी मंदिर जाएं तो मैं इसकी भरपाई कर सकूंगा। मेरा मानना है कि आस्था एक ऐसी चीज है जो हर उस व्यक्ति की मदद करती है जो अपने जीवन में आस्था रखता है।

**जी-20 भारत के लिए एक बड़ी सफलता रही है**-यूके के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने एक समाचार एजेंसी को दिए इंटरव्यू में कहा, जी-20 भारत के लिए एक बड़ी सफलता रही है। भारत इसकी मेजबानी के लिए सही समय पर सही देश है। मुझे लगता है कि हमारे पास कुछ दिनों तक विचार-विमर्श और निर्णय लेने का बहुत अच्छा मौका होगा।

### खानिस्तान मुद्दे पर कहा-उग्रवाद या हिंसा स्वीकार नहीं

खालिस्तान मुद्दे पर, यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा- यूके में किसी भी प्रकार का उग्रवाद या हिंसा स्वीकार्य नहीं है। इसीलिए हम विशेष रूप से खालिस्तान समर्थक उग्रवाद से निपटने के लिए भारत सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

जी-20 भारत की थीम वसुधैव कुटुंबकम पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा, मुझे लगता है कि यह एक बेहतरीन विषय है। जब आप एक परिवार कहते हैं, तो मैं उस अविश्वसनीय जीवंत पुल का उदाहरण हूं

भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता पर चल रही चर्चा पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा, मोदी जी और मैं दोनों हमारे दोनों देशों के बीच एक व्यापक और महत्वाकांक्षी व्यापार समझौते को संपन्न होते देखने के इच्छुक हैं। हम दोनों का यह मानना है कि एक अच्छा समझौता होना बाकी है लेकिन व्यापार समझौतों में हमेशा समय लगता है, हमें दोनों देशों के लिए काम करना होगा। हालांकि हमने काफी प्रगति की है लेकिन अभी भी कड़ी मेहनत बाकी है।

### जी-20 देश, विश्व के 105 शहरों के मेयरों ने दी मंजूरी

# शहरी विकास केंद्रित बिंदुओं के एक्शन प्लान पर काम करेंगे

**नई दिल्ली।** जी-20 सम्मेलन के साझा घोषणापत्र पर सदस्य देशों के बीच माथापच्ची जारी है, लेकिन जिन विषयों पर सभी के बीच स्वाभाविक सहमति कायम हुई है, उसमें शहरी विकास के लिए छह बिंदुओं वाला एक्शन प्लान भी है। यह सहमति पत्र साझा घोषणापत्र के सहयोगी दस्तावेज के रूप में शामिल किया जाएगा। इस एक्शन प्लान में विकसित और विकासशील देशों ने भविष्य के शहरों के विकास के लिए स्थानीय संस्कृति पर आधारित शहरी अर्थव्यवस्था और डिजिटल तौर-तरीके अधिक से अधिक अपनाने पर जोर दिया है।

पूरी दुनिया के 105 शहरों के मेयरों ने अहमदाबाद में अर्बन-20 की अंतिम बैठक में इस एक्शन प्लान को आधिकारिक रूप से स्वीकार किया था। किसी भी अर्बन-20 परिपत्र को मंजूरी देने वाले शहरों की यह सबसे अधिक संख्या है। इसके पहले इस तरह के किसी परिपत्र को 50 से अधिक शहरों की मंजूरी नहीं मिली थी। यह सहमति और सदस्य देशों के बीच सहयोग इसलिए अहम है, क्योंकि दुनिया में सबसे अधिक तीव्र शहरीकरण वाला देश भारत ही है, लेकिन इसके आधार पर उभरीं चुनौतियों से निपटने के लिए बड़े पैमाने पर नीतिगत हस्तक्षेप के साथ ही विशाल निवेश की भी जरूरत है। इस परिपत्र को अर्बन-20 शहरों द्वारा चिह्नित छह प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए एक्शन प्लान की तरह ड्राफ्ट किया गया है।

## प्राथमिकता वाले ये क्षेत्र हैं

शहरी विकास के क्रम में पर्यावरण की दृष्टि से जिम्मेदारी भरा व्यवहार, क्लाइमेट फाइनेंसिंग की रफ्तार तेज करना, स्थानीय संस्कृति पर आधारित शहरी अर्थव्यवस्था का विकास, पेयजल सुरक्षा सुनिश्चित करना, शहरी प्रशासन में डिजिटल तौर-तरीकों की तरफ बढ़ना और शहरी नियोजन तथा शासन को नए सिरे से देखना। यह परिपत्र भी जी-20 की थीम वसुधैव कुटुंबकम-एक धरती, एक परिवार की भावना पर केंद्रित है।केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप पुरी के मुताबिक तमाम वैश्विक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए शहर मुख्य भूमिका में रहने वाले हैं। प्रधानमंत्री शहरीकरण को एक अवसर मानते हैं। पुरी ने मिलकर काम करने के लिए नौ बिंदु बताए हैं। इनमें स्थानीय शासन को मजबूत करना, परंपरागत सीमाओं से परे जाकर योजनाएं बनाना, वित्तीय रूप से शहरों को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाना, डाटा तकनीक के इस्तेमाल की शक्ति विकसित करना, नई पहल, परिणाम से ज्यादा असर पर फोकस करना और सबसे अधिक अहम शहरी नीतियों के केंद्र में नागरिकों को लाना शामिल हैं।

## जी-20 : राष्ट्राध्यक्षों का गर्मजोशी और विभिन्न परंपराओं के साथ हुआ भव्य स्वागत,पहली बैठक आज



दिल्ली पहुंचे विभिन्न राष्ट्रों के प्रमुखों का गर्मजोशी और विभिन्न परंपराओं के साथ भव्य स्वागत हुआ। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा भी अपनी पत्नी के साथ दिल्ली पहुंचे हैं। वहीं, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनिपिंग समिट में शामिल होने के लिए भारत नहीं आ रहे हैं। पुतिन की जगह उनके विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव रूस का प्रतिनिधित्व करेंगे। जी-20 समिट के दौरान प्रधानमंत्री मोदी 15 वर्ल्ड लीडर्स से बाइलेट्रल बातचीत करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इनमें से तीन द्विपक्षीय वार्ता आज उनके आवास पर होंगी। नौ सितम्बर को जी-20 समिट का पहला दिन है।

प्रधानमंत्री मोदी यहां बैठकों में हिस्सा लेने के अलावा यूके, जापान, जर्मनी और इटली के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। 10 सितम्बर को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ पीएम मोदी की वर्किंग लंच मीटिंग करेंगे। कनाडा के साथ एक अलग बैठक होगी और कोमोरोस, तुर्किये, संयुक्त अरब अमीरात, दक्षिण कोरिया, ईयू/ईसी, ब्राजील और नाइजीरिया के साथ भी द्विपक्षीय वार्ता होने की उम्मीद है। शिखर सम्मेलन का आयोजन अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा, जिसे भारत मंडपम के नाम से भी जाना जा रहा है। पिछले दिनों पीएम मोदी ने इसका उद्घाटन किया था। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, ब्रिटिश प्रधान मंत्री ऋषि सुनक और चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग सहित विश्व के शीर्ष नेताओं के भाग लेने रहे हैं।

### ग्वालियर-चंबल संभाग की जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल हुए मुख्यमंत्री, केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, उमड़ा सैलाब

# प्रदेश का चहुंमुखी विकास भाजपा का ध्येय : शिवराज



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा का ध्येय प्रदेश का चहुंमुखी विकास है। इसलिए मध्य प्रदेश को विकसित, समृद्ध व शक्तिशाली राज्य बनाने के लिए फिर से भाजपा की प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएं।

यह बात मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जन-आशीर्वाद यात्रा के दौरान आयोजित कोलारस और जौरा में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने जौरा में कहा कि आपकी वर्षों पुरानी मांग पूरी कर रहा हूं। जौरा को नगर पालिका बनाया जाएगा। श्री चौहान ने कहा कि नौकरी के अलावा स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत भी कोई अपना बिजनेस व्यापार, काम-धंधा चालू करना चाहेगा तो मामा बैंक से लोन दिलवाएगा और गारंटी भी मम्मी-पापा नहीं लेंगे, सरकार गारंटी लेगी, मामा गारंटी लेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी हमने तय किया है हमारे बच्चे जो काम सीखना चाहते हैं अलग-अलग कंपनियों में काम सीखना चाहते हैं, उन्हें काम कंपनी में सिखाएंगे और 8 हजार रुपए महीना स्टाइपेंड दिया जाएगा। आप सब परिवार की तरह हैं आप लोगों की तकलीफ दूर करना, आपकी जिंदगी में बेहतरी लाना हमारा कर्तव्य है। जितनी सड़कें भाजपा सरकार ने बनवाई हैं कभी कांग्रेस ने बनवाई थी क्या? कर्ज माफी के नाम पर कमलनाथ जी ने धोखा दिया, किसान डिफाल्टर हो गए और डिफाल्टर किसानों के 2200 करोड़ रुपए ब्याज के भाजपा सरकार ने भरे हैं। उन्होंने कहा कि जब मैं चौथी बार मुख्यमंत्री बना तो मुझे भी लगा प्रधानमंत्री जी 6 हजार रुपए किसानों के खाते में डाल रहे हैं, मैं भी 4 हजार रुपए किसानों को दूँ लेकिन अब प्रधानमंत्री जी 6 हजार रुपए डालेंगे और मैं भी 6 हजार रुपए अब डालूंगा।

इसके पहले ग्वालियर-चंबल संभाग की यात्रा का प्रारंभ शुक्रवार को सबलगढ़ से हुआ। उसके बाद यात्रा आगे की ओर रवाना हुई। यात्रा में जनता का अभिवादन करते हुए केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर चलते रहे। कैलारस पहुंचने पर रथ में मुख्यमंत्री श्री चौहान एवं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा शामिल हुए।

### भारी बारिश के बीच दिखा लोगों में उत्साह

जन आशीर्वाद यात्रा जब देर रात जौरा पहुंची, तो वहां बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। सभा के दौरान भारी बारिश होती रही लेकिन लोगों को उत्साह नहीं कम हुआ। स्थानीय लोग केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर, मुख्यमंत्री श्री चौहान एवं प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री शर्मा की एक झलक देखने और लोकप्रिय नेताओं को भाषण सुनने के लिए जुटे रहे। भारी बारिश के बीच वरिष्ठ नेताओं ने सभा को संबोधित किया और लोगों को आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश महामंत्री रणवीर सिंह रावत, यात्रा सह प्रभारी चौ. मुकेश चौधरी, पूर्व विधायक सुबेदार सिंह राजौधा, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी जवाहर प्रजापति, प्रदेश प्रवक्ता बृजगोपाल लोया, नगर पालिका अध्यक्ष अखिल महेश्वरी, प्रदेश मीडिया विभाग के सदस्य बृजराज सिंह, मंडल अध्यक्ष पंकज गुप्ता, विधानसभा संयोजक आशाराम कुशवाह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश त्यागी सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 'मोदी है तो मनु है', जी-20 के डिनर में खड़गे को न बुलाने पर दलित कार्ड खेल गई कांग्रेस

**नई दिल्ली।** जी-20 शिखर सम्मेलन के रात्रिभोज की गेस्ट लिस्ट से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नाम गायब है। मोदी सरकार के इस कदम को पार्टी नेता दलित विरोधी बता रहे हैं। एक कांग्रेसी नेता ने पीएम मोदी की तुलना मनु से कर दी। सरकार के इस कदम की आलोचना करते हुए कांग्रेस नेता ने जातिगत भेदभाव का आरोप लगाया है। तमिलनाडु कांग्रेस के नेता मोहन कुमारमंगलम ने कहा कि मोदी है तो मनु है। कुमारमंगलम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी प्राचीन हिंदू ऋषि महर्षि मनु की विरासत को कायम रख रहे हैं, जिन्होंने मनुस्मृति लिखी थी, जिसे अक्सर हिंदू आचरण के लिए मार्गदर्शक के रूप में वर्णित किया जाता है। जाति-आधारित भेदभाव को बढ़ावा देने के लिए कई विद्वानों द्वारा इसकी आलोचना की गई है।

### पिछले उदाहरण भी गिनाए

कांग्रेस नेता ने कई उदाहरणों का हवाला दिया जहां पिछड़े वर्ग के नेताओं को महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में आमंत्रित नहीं किया गया। कुमारमंगलम ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद को अयोध्या में राम मंदिर के भूमि पूजन में आमंत्रित नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भी नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह में आमंत्रित नहीं किया गया था। कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं ने भी हाई-प्रोफाइल कार्यक्रम में दलित नेता खरगे को आमंत्रित नहीं करने के लिए सरकार की आलोचना की।

## राहुल गांधी का भाजपा पर निशाना



खुद पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जी-20 शिखर सम्मेलन के रात्रिभोज में खरगे को आमंत्रित नहीं किए जाने की खबरों को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भगवा पार्टी भारत की 60 प्रतिशत आबादी के नेता को महत्व नहीं देती है।

# विस चुनाव : कांग्रेस 15 को जारी कर सकती है प्रत्याशियों की पहली सूची

**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव प्रत्याशी चयन को लेकर फूंक-फूंककर कदम रख रही कांग्रेस 15 सितम्बर को अपनी पहली सूची जारी कर सकती है। इस सूची में तकरीबन सौ प्रत्याशियों के नामों की घोषणा पार्टी की ओर से किए जाने की उम्मीद है। इनमें वह विधानसभा सीटें शामिल होंगी जिनमें कोई विवाद की स्थिति नहीं हैं और पार्टी प्रत्याशियों के नामों को लेकर आम सहमति बन चुकी है। कांग्रेस की छानबीन समिति की दिल्ली में 11 और 12 सितंबर को होने वाली बैठक में इन संभावित दावेदारों के नाम पर विचार के बाद पहली सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि भाजपा ने प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर 39 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। जिसके बाद उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही भी प्रत्याशियों की पहली सूची जारी करेगी। सूत्रों की मानें तो कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भोपाल में वरिष्ठ नेताओं की बैठक करने के साथ-साथ कार्यकर्ताओं और दावेदारों से मुलाकात कर पूरी रिपोर्ट तैयार कर ली है, यह रिपोर्ट दिल्ली में हाई कमान को सौंप दी जाएगी।

सूत्र यह भी बताते हैं कि आला कमान की मुहर लगने के बाद 15 सितंबर तक पहली सूची जारी कर दी जाएगी। प्रदेश प्रवक्ता केके मिश्रा के मुताबिक 15 सितंबर के बाद कभी भी पहली लिस्ट जारी हो सकती है। इस बार कांग्रेस में दावेदारों के बीच काफी प्रतिस्पर्धा है, लेकिन सभी दावेदारों ने समन्वय के साथ पार्टी पर पूरा फैसला छोड़ा है। जिसे पार्टी टिकट देगी, उसे सभी दावेदार मिलकर चुनाव में जीत दिलाएंगे। उम्मीद जताई जा रही है कि इस सूची में वह नाम भी शामिल हो सकते हैं, जो कि अन्य राजनीतिक दलों को छोड़ कांग्रेस में आए हैं। माना जा रहा है कि इस बार कांग्रेस एक-एक कर 3 अलग-अलग चरणों में प्रत्याशियों की सूची जारी करेगी। पहली सूची में अधिकांश विधायकों के नाम होंगे. विधायकों को एक बार फिर मैदान में उतारा जाएगा। दूसरी सूची में वह नाम शामिल होंगे जहां पर दावेदारों के बीच अधिक प्रतिस्पर्धा नहीं है। जहां कांग्रेस के टिकट के अधिकतर दावेदार हैं, उन स्थानों पर अंतिम सूची में नाम घोषित किए जाएंगे। सिर्फ कांग्रेस के टिकट के दावेदारों को ही सूची जारी होने का इंतजार नहीं है, बल्कि भाजपा भी कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची का इंतजार कर रही है।


**Change of Name & DOB**

Army No 15706244H SIGMN AMAR SINGH Resident of Village JAMALPUR BHAKANDA MAJARA DERA PO , BHAKANDA Teh.-MANJHANPUR DIST KAUSHAMBI (UP) My mother name is KALAVATI DEVI and Date of Birth is 01 JULY 1961 as per my Army Service Records name & date of birth which is wrong. My mother correct name is KALAWATI and Date of Birth is 01 JAN 1956 as per his Aadhar Card and PAN Card, and should be corrected in my all Army Records to mother name is KALAWATI and Date of Birth is 01 JAN 1956 which is my actual name & date of birth of my mother. SR

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

// द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PRO-395<br>08/09/2023 | संभाग क्रं. 14 डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड अंतर्गत मुख्तार होटल से उचुआ अंसार नगर चौक तक सड़क निर्माण कार्य। | 03 माह<br>रू. 10.80 | 2000/-<br>8106/- | 19/09/2023 |

1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री, नगर निगम जबलपुर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै Biji L Pillai पत्नि C Baiju उम्र 44 वर्ष निवासी House Name- Kala Bhavan ग्राम- Valakom पोस्ट ऑफिस- Vayakal तहसील- Kottarakara जिला- Kollam राज्य- Kerala पिन कोड- 691532 मेरे पति का आर्मी सर्विस रिकॉर्ड न.JC378650Y Rank Sub Maj & Hony Lt C Baiju है मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम Biji Baiju दर्ज हो गया है जो कि गलत है जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम Biji L Pillai दर्ज है जो की सही है दोनों ही नाम एक व्यक्ति के हैं मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरे नाम Biji Baiju के स्थान पर Biji L Pillai दर्ज कर लिखा व पढ़ा जावे।

जबलपुर - 08/09/2023

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Jeevanrekha Sahu पत्नी Hem Prakash उम्र 33 वर्ष ग्राम- Sarbada, पोस्ट ऑफिस - Madeli तहसील- Kurud, जिला- Dhamtari, राज्य-Chhattisgarh,पिन कोड- 493770, मेरे पति का आर्मी नंबर- 15705975K, Rank-Sigmn, Hem Prakash है मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम Jeevanrekha दर्ज है जो कि गलत है जबकि मेरे समस्त दस्तावेजो में मेरा नाम Jeevanrekha Sahu दर्ज है जो सही है दोनों एक ही व्यक्ति हैं, मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम Jeevanrekha के स्थान पर Jeevanrekha Sahu दर्ज किया जाकर लिखा व पढ़ा जावे ।

जबलपुर - 08/09/2023

**नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं Ram Ujagir पुत्र -Govardhan उम्र 78 वर्ष निवासी- ग्राम Sonbersa पोस्ट ऑफिस-Kusaura, टेलीग्राम ऑफिस - Kalwari जिला-Basti राज्य- Uttar Pradesh पिन कोड- 272301 ,मेरे पुत्र का आर्मी न.JC376757P, Rank- Sub.Maj.Hony Lt. Pramod kumar है, मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम Ram Ujagair एव जन्मतिथि 01/07/1942 दर्ज है जो कि गलत है जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम Ram Ujagir एव जन्मतिथि 01/01/1945 दर्ज है जो सही है दोनों नाम एव जन्म तिथि एक ही व्यक्ति का है। मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम Ram Ujagair एव जन्म तिथि 01/07/1942 के स्थान पर मेरा नाम Ram Ujagir एव जन्मतिथि 01/01/1945 दर्ज की जावे।

जबलपुर - 08/09/2023

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै, Rameshwari R पत्नी Muthu Vijaya Kumar M उम्र 31वर्ष निवासी- 1/67 Bharthiyar Street, Village - Rajapathy, पोस्ट ऑफिस Sethukkuvaithan तहसील - Thiruchendur, जिला - Thoothukudi, राज्य Tamil Nadu, पिन कोड-628207, पति का आर्मी नंबर - 15706562W, Rank - L/NK, Muthu Vijaya Kumar M, है मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम Rameshwari दर्ज है जो कि गलत है जबकि मेरे समस्त दस्तावेजो में मेरा नाम Rameshwari R दर्ज है जो सही है दोनों एक ही व्यक्ति हैं। मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम Rameshwari के स्थान पर Rameshwari R दर्ज किया जाकर लिखा व पढ़ा जावे ।

जबलपुर - 08/09/2023

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं ARMY NO 2701018F, RANK - HAV, NAME- SHESH PRATAP SINGH BAGHEL, UNIT- 11 GRENADIERS निवासी R/O FLAT NO 106, SANT JALARAM BAPU NAGAR, TILHARI POST- BILHARI, TEH- JABALPUR DISTT- JABALPUR, STATE- (MP) PIN - 482020 शपथपूर्वक कथन करता हॅ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माताजी का नाम PREMLATA SINGH BAGHEL एवं मेरे पिताजी का नाम MAHESH SINGH BAGHEL दर्ज है जो कि गलत है। मेरी माताजी का सही नाम PREMLATA SINGH एवं मेरे पिताजी का सही नाम MAHESH PRATAP SINGH है जो कि उनके आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी माताजी एवं मेरे पिताजी के इन नामों को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस 222 रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं आर्मी नं. 13773218F Rank HAV Name AJAY KUMAR of Presently residing at Vill- CHAMBI, PO CHAMBI, TEH- SUNDER NAGAR, DISTT- MANDI,(HP) PIN 174404 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम INDIRA DEVI दर्ज है जो कि गलत है मेरी माता का सही एवं वास्तविक नाम INDRA DEVI है जो कि मेरी माता के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी माता के इस नाम INDRA DEVI को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र नं. 36AA 755604 दिनांक 08/09/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.

गलत नाम- INDIRA DEVI
सही नाम- INDRA DEVI

**निविदा/नियुक्ति/जाहिरात**

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार के निर्देशानुसार आम जनता को यह सूचित कर रहा हूँ कि मेरे पक्षकार IDFC First Bank Ltd. Ranital Jabalpur, द्वारा उक्त सम्पत्ति जो कि मौजा- माढोताल, प... 31. बंदोबस्त न.660, तहसील अधारताल जिला जबलपुर, खसरा नं. 187/1 नामान्तरण पश्चात खरारा न.187/1/1/1/1/1/2, जिसका कुल रकवा 15×50-750 वर्गफूट है, को श्री हरी शंकर गुप्ता पिता श्री महादेव प्रसाद गुप्ता ने पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 29.09.2020 ई-पंजीयन क्रमांक MP182552020A1616904 के माध्यम से विक्रेता मंसूर अहमद खान पिता मंजूर अहमद खान से क्रय किया था तथा मंसूर अहमद खान पिता मंजूर अहमद खान ने उक्त संपत्ति पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 11.12.1964, पंजीयन क्रमांक 5761 के माध्यम से पूर्व भूमिस्वामी श्रीमती सुगरा बी पति जनाब काजी मोहम्मद इशाक से क्रय किया था।

यह कि श्री हरी शंकर गुप्ता पिता श्री महादेव प्रसाद गुप्ता, मेरे पक्षकार IDFC First Bank Ltd. Ranital Jabalpur से ऋण प्राप्त करना चाहता है, जिसकी सुरक्षा हेतु श्री हरी शंकर गुप्ता पिता श्री महादेव प्रसाद गुप्ता द्वारा उक्त संपत्ति / मकान बैंक में बंधक की जा रही है। चूंकि उक्त सम्पत्ति पर साम्यिक बंधक करने हेतु उक्त संपत्ति की लिंक विक्रय पत्र दिनांक 11.12.1964, पंजीयन क्रमांक 5761 की मूल प्रति की आवश्यकता है, जो कि श्री हरी शंकर गुप्ता पिता श्री महादेव प्रसाद गुप्ता के पास नहीं है। अत: उक्त संपत्ति या संपत्ति के बंधक के सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा किसी प्रकार का कोई विवाद हो तो वह प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के अन्दर मेरे पक्षकार IDFC First Bank Ltd. Ranital Jabalpur को अथवा मेरे कार्यालय में लिखित रूप में मय दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत करें, समय उपरांत किसी भी आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

जबलपुर, दिनांक-06/09/2023

साकेत प्यासी (एडवोकेट)
म.प्र. उच्च न्यायालय
कार्या-319, गली नं. 5, त्रिमूर्ति नगर, दमोहनाका, जबलपुर (म.प्र.)
मो.नं. 9806373695

र.नं. 1138

# अभिमत

**देश का कोई कोना नहीं छूटा जहां जी-20 का डंका नहीं बजाया गया। जी-20 के जुनून में अखबारों में विज्ञापन, सड़कों पर पोस्टर-बैनर, विशालकाय एलईडी स्क्रीन से लेकर ई-रिक्शा तक को नहीं छोड़ा। इसके सिंबल को ध्यान से देखिये, खिलते हुए कमल पर टिका संपूर्ण ब्रह्मांड। मित्रों, कमल किस पार्टी का चुनाव चिह्न है? पीएम मोदी जी-20 के पोस्टर ब्वाय बने हुए हैं, उनके विराट स्वरूप को उकेर कर पूरी दुनिया को बताया जा रहा है कि पीएम मोदी की वजह से भारत की पहचान विश्व मंच पर है।**

## फटा पोस्टर, निकला मोदी!



पुष्परंजन

**शिवपूजन सहाय ने 'कहानी का प्लॉट' में लिखा था, 'अमीरी की कब्र पर पनपी ग़रीबी बड़ी ज़हरीली होती है।' लेकिन जी-20 के आयोजन से पहले ग़रीब बस्तियां जिस बेरहमी से उजाड़ी गईं, वो ग़रीबी की कब्र पर अमीरी की घास है, जो उससे कई गुणा अधिक ज़हरीली है। आप उजड़े हुए लोगों का रूदन सुनिये, दिल कांप जाता है।**

दिल्ली में लुटियन की सड़कें पोस्टरों से पटी पड़ी है। विदेशी अतिथियों के लिए तय मार्ग एयरपोर्ट से शुरू और राजघाट पर जाकर समाप्त होता है। बीच में आता है लुटियन, बाक़ी सड़कें बकवास। भलस्वा, गाजीपुर, ओखला के कूड़ा पहाड़, पूर्वी-पश्चिमी दिल्ली की मलिन बस्तियों, बजबजाते नालों को मत देखिये। यह देखिये कि भक्त कैसे लहालोट हैं। मोदी विश्वगुरू हैं। महान विचारक। बुद्ध, महावीर, अरस्तु, प्लुटो, माओ, मार्क्स, स्वामी विवेकानंद, टाम बटलर से भी बड़े। मोदी इस धरती के महानायक के रूप में कुछ इस तरह प्रस्तुत हैं, कि जी-20 छोटा पड़ गया।

आख़िरी बार विश्व पुस्तक मेले में मैं प्रगति मैदान गया था। यह लोकेशन तब मोहनजोदड़ो हडप्पा बना हुआ था। देखना है, तो अब जाकर देखिये भारत मंडपम के जलवे। न भूतो न भविष्यति। जब से यह देश जन्मा, इतना दिव्य और भव्य आयोजन किसी नेता ने नहीं किया था। जो दिवंगत हो गये, और जो वैकुंठधाम प्रस्थान करने के वास्ते प्रतीक्षारत पूर्व प्रधानमंत्री हैं, उन्हें भी इसका अफसोस होगा कि इस तरह का विराट समारोह उन्होंने कुर्सी पर रहते क्यों नहीं किया? दुनिया का सबसे बड़ा इन्डोर हॉल, समिट के लिए विदेश से आया झूमर, ग्राउंड ज़ीरो पर खड़े रिपोर्टर दीदे फाड़कर देख रहे हैं, लिख रहे हैं, कमेंट कर रहे हैं।

मदारी का तमाशा देखना हो तो उन बयानों पर ग़ौर कीजिए, जिसमें दावा ठोका जा रहा है कि दिल्ली को सुंदर हमने बनाया। केजरीवाल सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने खम ठोका कि हमने दिल्ली को ब्यूटीफुल बनाया। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पलटवार करते हुए कहते हैं कि सौंदर्यीकरण का 95 प्रतिशत केंद्र सरकार के फंड से हुआ है। एनडीएमसी को केंद्र सरकार फंड उपलब्ध कराती है। आईटीओ शहीदी पार्क, राजघाट पर सौंदर्यीकरण, रिवरसाइड बेड, धौला कुआं से एयरपोर्ट तक सौंदर्यीकरण, यह सब केंद्र सरकार के फंड से एलजी की देखरेख में की गई है। बीरेंद्र सचदेवा ने बयान दिया कि केंद्र सरकार ने अब तक जी-20 पर 4,064 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, जबकि केजरीवाल सरकार ने केवल 51 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। मगर, दिल्ली को सुंदर बनाने का दावा करने वाले नेताओं-नौकरशाहों से कोई पूछे कि पूर्वी-पश्चिमी और उत्तरी दिल्ली को बदसूरत बना रहने देने की ज़िम्मेदारी किसकी है? सवाल पूछियेगा, वो बगलें झांकने लगेंगे।

सचदेवा के बयानों से एक बात समझ में आती है कि केवल दिल्ली को संवारने पर 4,064 करोड़ स्वाहा हुए हैं। देशभर में जी-20 के नाम पर जितने आयोजन हुए, उसपर केंद्र सरकार ने कितने ख़र्च किये, यह जानना दिलचस्प होगा। हमें उस समय का इंतज़ार रहेगा, जब सीएजी जैसी संस्था इसका ब्योरा देगी कि जी-20 के नाम पर टैक्स पेयर्स के पैसे का कितनी बेरहमी से दुरूपयोग हुआ है। जी-20 के आयोजन पर 10 करोड़ डॉलर से अधिक का खर्च आने का अनुमान है। देश के 50 से अधिक शहरों में जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले लगभग 200 बैठकों का आयोजन हो चुका है। इनमें योग, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा मोदी मन भावे वाले स्वादिस्ट भारतीय भोजन का मेन्यू भी शामिल रहा है।

पिछले एक साल से देश का कोई कोना नहीं छूटा जहां जी-20 का डंका नहीं बजाया गया। जी-20 के जुनून में अखबारों में विज्ञापन, सड़कों पर पोस्टर-बैनर, विशालकाय एलईडी स्क्रीन से लेकर ई-रिक्शा तक को नहीं छोड़ा। इसके सिंबल को ध्यान से देखिये, खिलते हुए कमल पर टिका संपूर्ण ब्रह्मांड। मित्रों, कमल किस पार्टी का चुनाव चिह्न है? इवेंट मैनेजरों ने जी-20 को भी चुनावी बना दिया। पीएम मोदी जी-20 के पोस्टर ब्वाय बने हुए हैं, उनके विराट स्वरूप को उकेर कर पूरी दुनिया को बताया जा रहा है कि पीएम मोदी की वजह से भारत की पहचान विश्व मंच पर है।

जी-20 का अगला सम्मेलन 2024 में ब्राज़ील में, और 2025 में दक्षिण अफ्रीका में होना तय है। क्या वहां भी दिल्ली जैसा दिखावा होगा? शिवपूजन सहाय ने 'कहानी का प्लॉट' में लिखा था, 'अमीरी की कब्र पर पनपी ग़रीबी बड़ी ज़हरीली होती है।' लेकिन जी-20 के आयोजन से पहले ग़रीब बस्तियां जिस बेरहमी से उजाड़ी गईं वो ग़रीबी की कब्र पर अमीरी की घास है, जो उससे कई गुणा अधिक ज़हरीली है। आप उजड़े हुए लोगों का रूदन सुनिये, दिल कांप जाता है। फेंके हुए बर्तन और गूदड़ी समेटती बेसहारा औरतें बद्दुआएं दे रही हैं, लेकिन बेहिस शासन पर कोई असर नहीं।

जुलाई 2023 का अंतिम महीना था, जब आवास और शहरी मामलों के कनिष्ठ मंत्री कौशल किशोर ने संसद को बताया कि 1 अप्रैल से 27 जुलाई के बीच दिल्ली में बस्तियां ढहाने के 49 अभियान चलाये गये, जिसमें 230 एकड़ सरकारी जमीन को वापिस लिया गया है। मंत्री कौशल किशोर ने संसद में सफेद झूठ बोला कि जी-20 के लिए एक भी मकान नहीं तोड़ा गया है। आप इन इलाक़ों में जाइये, तो कहानी कुछ और है।

दिल्ली के भैंरो मार्ग स्थित जनता कैंप में जिनके मकान टूटे, उन्हें झांसा दिया गया था कि जी-20 शिखर समारोह से गरीबों के हक में कुछ होगा, यहां से उजड़े बेघरों को पीएम मोदी मकान देंगे। भैंरो मार्ग जनता कैंप के भूतपूर्व हो चुके निवासी मोहम्मद शादाब ने एक समाचार एजेंसी से कहा कि जो कुछ हो रहा है, वह तो बिल्कुल उलटा है। बड़े लोग आएंगे, हमारी कब्र पर बैठेंगे, और खाएंगे। उजड़ चुकी बस्तियां पीएम मोदी के गगनचुंबी कटआउट्स, नियोन साइन और एलईडी लाइट्स से गुलजार हैं। कोई कह नहीं सकता कि कुछ हफ्ते पहले यहां टाट में पैबंद लगाकर लोग अपना ज़िस्मो-जान छिपाते थे। यह है मोदी का भारतवर्ष, जब वो 'इंडिया-इंडिया' बघारते थे, उनके दिये नारे याद कीजिए- 'जहां झुग्गी-वहां मकान'!

दिल्ली शहर का वीवीआईपी एरिया इस समय भिखारी मुक्त है। महानगर के मुख्य स्थानों से भिखारियों को हटा दिया गया है। दिल्ली में 20 हज़ार 719 भिखारी दर्ज़ हैं। मगर, यह पता नहीं चल पाया कि भिखारी गये कहां? पुलिस भी नहीं बताती कि भिखारी कहां तड़ीपार किये हैं? आपको ट्रंप की अहमदाबाद विजिट याद करनी पड़ेगी। उसी शैली में दिल्ली शहर की कई झुग्गी-झोपड़ियों को छिपाने के लिए उनके किनारे कपड़े लगाकर उन्हें ढंक दिया गया है। ग़रीबी छिपाने का गुज़रात मॉडल जी-20 में भी काम आ गया।

लगभग एक हफ्ते से कामकाजी लोग अपने घरों पर दो से चार घंटे लेट पहुंच रहे हैं। सप्लाई वाली ट्रकों का दिल्ली सीमा में प्रवेश नहीं के बराबर है। ज़रूरत के सामान औने-पौने भाव में मिल रहे हैं। धूल-मिट्टी, जाम, नाकेबंदी से परेशान लोग सदरे इंतज़ामिया से 'पारिवारिक संबंध' स्थापित करें भी, तो बला से। मोदी जी ने बोल तो दिया है-'रूकावट के लिए खेद है।' धरती के भगवान ने इतना कह दिया, अमृत वाणी समझिये इसे। खाये-पीये-अघाये लोग एक हफ्ते की पिकनिक मनाने दिल्ली से बाहर निकल गये। जो दिल्ली में किन्हीं वजहों से हैं, लाख तकलीफें के बावजूद जी-20 को कुदरत का करिश्मा और मोदी का प्रताप मान रहे हैं। जी-20 के बहाने देश में अंगूठा छाप से लेकर उच्च शिक्षित लोगों तक को रोबोट बनाया जा सकता है, यह मोदी ने मुमकिन कर दिखाया है।

15-16 नवंबर 2022 को इंडोनेशिया के बाली में जी-20 की शिखर बैठक हुई थी। तब के घोषणापत्र को इंटरनेट से डाउनलोड करके पढ़ियेगा। कोविड के बाद जिस तरह से विश्वव्यापी ग़रीबी बढ़ी है, उसपर साझा चिंता व्यक्त की गई थी। घोषणापत्र में इसका अहद किया गया था कि हम सब मिलकर ग़रीबी को मिटायेंगे। इसका हस्ताक्षर करने वालों में भारत के माननीय प्रधानमंत्री मोदी भी थे। प्रश्न यह है कि क्या साल भर ग़रीबी मिटाने का लक्ष्य प्राप्त हो गया? हो गया, तभी तो जी-20 के आयोजन में भारत ने 10 करोड़ डॉलर से अधिक फूंक डाले। माले मुफ्त, दिले बेरहम। बाली घोषणापत्र के सारे 52 बिंदुओं पर नज़र दौड़ा लीजिए, कोविड और यूक्रेन युद्ध के बाद विश्व की भरभराती अर्थव्यवस्था को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की गई थी। फ़िर कोई अतिथि देश का नेता मोदी से क्यों नहीं पूछता कि शान दिखाने के वास्ते 10 करोड़ डॉलर क्यों उड़ा डाले?

हम यह भूल जाते हैं कि एशिया में आर्थिक संकट पैदा होने के कारण जी-20 अस्तित्व में आया था। जी-20 की पहली बैठक 2008 में वाशिंगटन डीसी में हुई थी। दुनिया के समृद्ध देशों के वित्त मंत्रियों व रिज़र्व बैंक के गर्वनर तब जी-20 की बैठकों में शिरकत करते थे। बाद के वर्षों में शासन प्रमुखों की भागीदारी होने लगी। 2011 के बाद हर साल शिखर बैठक बारी-बारी से सदस्य देशों की अध्यक्षता में होने लगी। 1999 में स्थापना वर्ष के बाद के कालक्रमों को ठीक से देखिये कि जी-20 शिखर बैठकों पर किस देश ने कितना ख़र्च किया। भारत ने सबकी लकीर छोटी कर दी है। हम पांच ट्रिलियन डॉलर के संकल्प को पूरा करें, न करें, अतिथि देशों को यह बताना है कि हम शाहखर्च थे, और रहेंगे।

जी-20 दो ट्रैक में विभाजित है। फाइनांस ट्रैक और शेरपा ट्रैक। शेरपा ट्रैक का नेतृत्व शासन प्रमुखों के प्रतिनिधियों द्वारा किया जाता है। यह कृषि, भ्रष्टाचारविरोधी, जलवायु, डिजिटल अर्थव्यवस्था, शिक्षा, रोजगार, ऊर्जा, पर्यावरण, स्वास्थ्य, पर्यटन, व्यापार और निवेश जैसे सामाजिक-आर्थिक मुद्दों पर केंद्रित है। फाइनांस ट्रैक का नेतृत्व वित्त मंत्री और केंद्रीय बैंक गवर्नर करते हैं, जो राजकोषीय और मौद्रिक नीतियों के निस्बतन है। फाइनांस ट्रैक से संबंधित कार्य समूह वैश्विक अर्थव्यवस्था, अधोसंरचना, वित्तीय विनियमन, वित्तीय ढांचा, अंतरराष्ट्रीय कराधान पर केंद्रित रहते हैं। सवाल यह है कि भारत फाइनांस ट्रैक और शेरपा ट्रैक की अवधारणाओं को आगे बढ़ाने में कितना सफल रहा है? उत्तर पूछिये तो अधिकारी कुछ गोल-गोल धुमाने लगते हैं, जिससे लगता है कि कोविड और यूक्रेन युद्ध के बाद हम अपनी अर्थव्यवस्था को सही से संभालने में चीन के मुक़ाबले अब भी काफी पीछे चल रहे हैं।

pushpr1@rediffmail.com

### बीता सप्ताह

**2 सितंबर**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छग विलासपुर के एक दीक्षांत समारोह में कहा कि कठिनाई का डटकर मुकाबला करें सफलता कदम चूमेगी।
- इसरो का सूर्य मिशन आदित्य एल-1 सफलतापूर्वक 11.50 बजे सूर्य की कक्षा में पहुंचा।
- इंफाल राजभवन के सूत्रों के अनुसार मणिपुर के हिंसा मामले की तेजी से जांच के लिए 42 एसआईटी बनेगी।
- हांगकांग ने शक्तिशाली तूफान साओली का आठ नंबर संकेत जारी किया।।

**3 सितंबर**

- एक देश एक चुनाव के लिए कमेटी गठित की गई जिसमें पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद अध्यक्ष बनाए गए।
- केंद्रीय जांच ब्यूरो ने ओडिशा के बालासोर रेल हादसे मामले में तीन अधिकारियों के खिलाफ आरोप पत्र तैयार किया।
- सिंगापुर के राष्ट्रपति चुनाव में भारतीय मूल के थर्मन शनमुगरत्नम राष्ट्रपति पद के लिए चुने गए।
- ब्रिटेन के प्रसिद्ध उद्योगपति मुहम्मद अल फायद का निधन हो गया।

**4 सितंबर**

- जिम्बाब्वे के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति एमर्सन म्नागांग्वा ने पद की शपथ ली।
- इसरो ने आदित्य एल-1 को अगली कक्षा में भेजा।
- भारत में जी-20 सम्मेलन 9 व 10 सितंबर को किया गया जिसमें विदेशी अधिकारियों की सुरक्षा के लिए पुख्ता व्यवस्था की गई। भारतीय वायुसेना ने हवाई क्षेत्र की निगरानी एयरक्राफ्ट द्वारा की गई।
- ओडिशा में आकाशीय बिजली गिरने से 10 नागरिकों की मौत हो गई।

**5 सितंबर**

- यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने बताया कि रक्षामंत्री ओलेक्सी रेजनिकोव को बर्खास्त कर दिया गया।
- चीन के दक्षिणी-पश्चिमी प्रांत में गुआंग डोंग में साओली तूफान में 8 हजार नागरिक फंसे।
- सूडान की राजधानी खार्तूम में आरएसएफ हमले में 16 नागरिकों की मौत हो गई।
- छत्तीसगढ़ की राजधानी में हड़ताली 3 हजार स्वास्थ्य कर्मचारियों पर एस्मा लगाने के बावजूद हड़ताल जारी रखने पर बर्खास्तगी की कार्रवाई की गई।
- एडीआर की जारी की घई रिपोर्ट के अनुसार भारतीय जनता पार्टी सबसे अमीर दल है।
- नासा का स्पेस एक्स क्रू-6 फ्लोरिडा के तट पर सुरक्षित उतरा।
- इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन आसियान के विदेश मंत्रियों की बैठक शुरू।

**6 सितंबर**

- जी-20 सम्मेलन के रात्रिभोज के आमंत्रण पर प्रेसीडेंट ऑफ इंडिया के स्थान पर प्रेसीडेंट ऑफ भारत लिखा गया।
- सुप्रीम कोर्ट के अनुच्छेद-370 पर सुनावई पूरी कर फैसला सुरक्षित रखा।
- इसरो ने सूर्य मिशन आदित्य एल-1 की दूसरी बार बढ़ाई गई कक्षा।
- भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने विश्वकप के लिए भारतीय टीम की घोषणा की।रोहित शर्मा कप्तान एवं हार्दिक पंड्या उप कप्तान बनाए गए।
- छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में शिवनाथ नदी के पुल से बुलेरो वाहन नदी में गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई।
- ट्यूनेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री इस्लामिक पार्टी एन्नाहधा के पूर्व महासचिव हमाही जेबाली को गिरफ्तार कर लिया गया।
- संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटीरिया गुंटेरस ने कहा कि प्रतिवर्ष प्रदूषित वायु से 70 लाख लोगों की मृत्यु होती है।
- अमेरिकी अदालत ने 'प्राइड बॉयज' नेता टोरियों को 22 साल की सजा सुनाई।

**8 सितंबर**

- जापान ने अपने पहले चंद्र मिशन एत-ए वाहक राकेट 47 से एक्स रे इमेजिंग तथा स्पेक्ट्रोस्कोपी मिशन नामक उपग्रहों के साथ तनेगाशिया स्पेस सेंटर से प्रक्षेपित किया।
- पिछले 123 सालों में 2023 का जुलाई माह सबसे अधिक गर्म तापमान वाला रहा।
- मेक्सिको के सुप्रीम कोर्ट ने प्रतिबंधित गर्भपात को अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया।
- जी-20 सम्मेलन भाग लेने मारिशस के प्रधानमंत्री प्रवींद्र जगनौथ भारत पहुंचे।

## पानी को सहेजने की परम्परा

■ राजकुमार सिन्हा

धरती पर पानी की कुल मात्रा लगभग 13,100 लाख घन किलोमीटर है। इस पानी की लगभग 97 प्रतिशत मात्रा समुद्र में खारे पानी के रूप में और लगभग तीन प्रतिशत मात्रा (390 लाख घन किलोमीटर) साफ या स्वच्छ पानी के रूप में धरती पर अनेक रूपों में मौजूद है। इस साफ पानी का लगभग 75 प्रतिशत हिस्सा धरती के ऊपर और लगभग 25 प्रतिशत हिस्सा धरती के नीचे विभिन्न गहराइयों में मिलता है। भारत की धरती पर पानी की मात्रा 4000 लाख हेक्टेयर मीटर आंकी गई है तथा भूजल भंडार की मात्रा 396 लाख हेक्टेयर मीटर है।

इस सबके बावजूद जलवायु परिवर्तन के कारण विश्व में लगभग तीन अरब लोग जल संकट की चपेट में हैं। 'नीति आयोग' के अनुसार 2030 तक भारत के 40 प्रतिशत लोगों की पहुंच पीने के पानी तक नहीं होगी। देश में 15 वर्ष पहले 15 हजार नदियां और 75 साल पहले 30 लाख कुएं, तालाब और झील थे जिनमें से 4500 नदियां सूख गई और 20 लाख कुएं, तालाब और झील गायब हो गए।

पाताल में प्रतिवर्ष जा रहे 120 घन किलोमीटर भूगर्भीय जल के बदले प्रतिवर्ष लगभग 190 घन किलोमीटर जल निकाला जाता है। यानि वर्षा आदि से भूमि के अंदर जाने वाले और निकाले जाने वाले पानी में 70 घन किलोमीटर का अंतर रह जाता है। मध्यप्रदेश में हर साल भूजल करीब 4 इंच नीचे जा रहा है। पिछले 10 साल में 40 इंच यानि सवा तीन फीट तक नीचे जा चुका है। यह इसलिए कि पानी क्षमता से ज्यादा निकाला जा रहा है, लेकिन रीचार्जिंग पर ध्यान नहीं है, जबकि प्रदेश की जमीन में 75 लाख घन मीटर (एमसीएम) पानी को समाने की क्षमता है।

**पानी सरीखे बुनियादी संसाधन को लेकर क्या किया जाए? अव्वल तो जलस्त्रोतों को चिन्हित करके उनके संरक्षण, प्रबंधन के लिये ग्रामसभा में चर्चा कर इसकी जिम्मेदारी गांव समिति को दी जाए। दूसरे, समाज के पारम्परिक जल संरक्षण, प्रबंधन और नियंत्रण के तरीके के लिए गांव स्तर के अध्ययन दलों का गठन किया जाए। तीसरे, पास के नदी-नाले के पानी को बरसात में रोकने हेतु बोरी बंधान या अन्य उपाय किए जाएं और चौथे, वर्षा जल को रोकने के लिए गांव के आसपास जल संचय व्यवस्था कायम की जाए।**

भारत की जलनीति में पानी के उपयोग की प्राथमिकताओं का उल्लेख तो है, परन्तु विभिन्न कामों में लाए जाने वाले पानी की सीमाओं का उल्लेख नहीं है। नतीजे में हर साल करीब 90 खरब लीटर पानी बिना उपयोग के बह जाता है। भूजल विशेषज्ञ जॉन शेरी (2020 के 'स्टॉकहोम वाटर प्राइज' के विजेता) के शब्दों में 'भूजल पृथ्वी की रक्षा प्रणाली है।'

जाहिर है, ऐसे में प्रकृति के प्रसाद की तरह मुफ्त मिलने वाला पानी बिकाऊ माल में तब्दील हो रहा है। पीने के पानी का कारोबार 1.80 लाख करोड़ रुपए का हो गया है जो अगले कुछ सालों में 4.5 लाख करोड़ रुपए का हो जाएगा। बोतलबंद पानी में सर्वाधिक 40 प्रतिशत हिस्सेदारी अकेले बिसलेरी की है। जैसे-जैसे बोतलबंद पानी का बाजार बढ़ रहा है, कम्पनियां भूजल दोहन, भूमि उपयोग, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, कार्बन उत्सर्जन आदि को प्रभावित कर रही हैं।

ऐसा नहीं है कि हमारे पूर्वज पानी के मामले में लापरवाह थे। गोंडकाल में अधिकांश लोगों की आजीविका का आधार खेती और उससे जुड़ी सहायक गतिविधियां थीं, लेकिन गौंड राजाओं द्वारा बनाए गए अधिकांश तालाब नहर-विहीन थे। इसका मतलब है कि तालाबों का उपयोग आधुनिक तरीके से खेतों की सिंचाई के लिए नहीं, बल्कि मुख्यत: नमी और भूजल स्तर बढ़ाने, जलवायु का संतुलन कायम रखने, पेयजल स्त्रोतों को भरोसेमंद बनाए रखने, आजीविका (मछली, सिंघाड़, कमलगटटा और खेती) को स्थायित्व प्रदान करने के लिए होता था। मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर, जबलपुर, सागर और दमोह जिलों की गहरी काली मिट्टी में नमी संचित करने और इसी आधार पर रबी में बिना सिंचाई बढ़िया फसल लेने की देशज व्यवस्था प्रचलित थी।

कहते हैं कि पौराणिक राजा विराट ने मण्डला जिले के मवई इलाके में अधिकांश तालाब बनवाए थे। इस मामूली से कस्बे में 150 तालाबों का जिक्र तो अंग्रेजों के गजेटियर में भी मिलता है। बैगाओं की खास जीवन शैली, खेती- पाती और समाज व्यवस्था को देखते हुए अंग्रेजों ने 19 वीं शताब्दी में उन्हें एक खास इलाका 'बैगाचक' बनाकर उसमें बसाया था। बैगा एक तरह से घुमंतू समाज के लोग रहे हैं इसलिए पानी का उनका साधन हर साल नदी-नालों के किनारे झिरिया खोदकर ही रहा है। इन झिरियों के किनारे ही बैगाओं की संस्कृति, समाज फला-फूला है।

भारतीय संविधान में पानी के मामले में केन्द्र और राज्य सरकारों के दायित्वों को रेखांकित किया गया है और अन्तराज्यीय नदियों के संचालन एवं विकास का उल्लेख किया गया है, परन्तु इस पूरी इबारत में समाज का कोई उल्लेख नहीं है। इसी तरह जलनीति में पानी के उपयोग का नियोजन और क्रियान्वयन की प्राथमिकताओं का जिक्र है पर इसमें से समाज गायब है।

अर्थव्यवस्था में भूमंडलीकरण के बाद 1999 में विश्वबैंक ने भारत में पानी के परिदृश्य पर एक रिपोर्ट तैयार की थी। इस रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत आने वाले दिनों में जल प्रबंधन की चुनौतियों का मुकाबला नहीं कर सकेगा। इसलिए आवश्यक है कि वह विश्वबैंक द्वारा सुझाई तकनीक का पालन करे। लोग मानते हैं कि भारत की 'राष्ट्रीय जलनीति 2002' में निजीकरण का उल्लेख विश्वबैंक की इसी रिपोर्ट के बाद आया। विश्वबैंक जैसी अन्तरराष्ट्रीय वित्तीय एजेंसियों के प्रभाव में दुनियाभर में नीतिगत बदलाव हुए हैं। भारत में भी तकनीकी सहायता के कारण जलक्षेत्र में बड़े नीतिगत बदलाव किए गए हैं जिससे जलप्रदाय व्यवस्था के परिदृश्य में आमूलचूल बदलाव आया है।

इस नीति का एक प्रभाव 'छोटे तथा मझौले नगरों की अधोसंरचना विकास योजना' (यूआईडीएसएसएमटी) के तहत मध्यप्रदेश की खंडवा और शिवपुरी की जलप्रदाय योजनाओं को 'पीपीपी' (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशीप) माडल के तहत निजी कंपनियों को सौंपा जाना है। इन योजनाओं में लगने वाला 90 प्रतिशत धन देश की जनता का है, लेकिन छोटा निवेश करने वाली कंपनियों को मालिक बना दिया गया है जिसे स्थानीय समुदाय ने स्वीकार नहीं किया है।

अब इस योजना को समाप्त कर 'मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना' बनाई गई है। 2013 में प्रदेश सरकार ने 'मध्यप्रदेश जल विनियमन कानून' पारित किया था। इस कानून के तहत बनने वाला 'जल नियामक आयोग' प्रदेश में पानी का बाजारू उपयोग निर्धारित करेगा। समुदाय की आर्थिक हैसियत बिजली की तरह जलक्षेत्र को भी उनकी पहुंच से दूर कर देगी।

वैश्विक आर्थिक संकट का लाभ उठाते हुए अंतरराष्ट्रीय वित्त संस्थान पानी के निजीकरण पर जोर दे रहे हैं। ग्रीस, पुर्तगाल, इटली और आयरलैंड में इन प्रयासों का तीव्र विरोध हुआ, जिससे उन्हें पीछे हटने के लिए मजबूर होना पड़ा है। यह संघर्ष बोलिविया के कोचाबाम्बा और अमेरिका के अटलांटा में पानी के निजीकरण के खिलाफ हुए संघर्ष की तरह सफल हुआ है।

ऐसे में पानी सरीखे बुनियादी संसाधन को लेकर क्या किया जाए? अव्वल तो जलस्त्रोतों को चिन्हित करके उनके संरक्षण, प्रबंधन के लिये ग्रामसभा में चर्चा कर इसकी जिम्मेदारी गांव समिति को दी जाए। दूसरे, समाज के पारम्परिक जल संरक्षण, प्रबंधन और नियंत्रण के तरीके के लिए गांव स्तर के अध्ययन दलों का गठन किया जाए। तीसरे, पास के नदी-नाले के पानी को बरसात में रोकने हेतु बोरी बंधान या अन्य उपाय किए जाएं और चौथे, वर्षा जल को रोकने के लिए गांव के आसपास जल संचय व्यवस्था कायम की जाए। संभव है, इन उपायों से हम अपने पानी को लंबे समय तक बचा पाएं।

**(लेखक बरगी बांध विस्थापित संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं।)**

## परिवार नियोजन के लिए अलग नजरिये की जरूरत

■ डॉ.संजना मोहन-लेखा रत्तनानी

परिवार नियोजन के लिए शुरू की गई सरकारी पहल 'मिशन परिवार विकास' (एमपीवी) अब अपने सातवें वर्ष में है। इस मुहिम को मूल रूप से तीन से अधिक की कुल प्रजनन दर (टीएफआर) के साथ 'उच्च प्रजनन क्षमता' क्षेत्रों के रूप में पहचाने गए 146 जिलों में कुछ सफलता हासिल हुई है। चिन्हित जिले सात राज्यों- राजस्थान, असम, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और झारखंड हैं। एमपीवी को उम्मीद है कि 2025 तक इन उच्च फोकस क्षेत्रों में टीएफआर 2.1 तक कम हो सकती है।

जनसंख्या नियंत्रण के लिए केंद्रित प्रयासों के परिणाम आंकड़ों में देखे जा सकते हैं लेकिन ये उन छिपी हुई समस्याओं के साथ आते हैं जिन्हें आंकड़े पकड़ नहीं पाते या नहीं पकड़ सकते हैं। उदाहरणार्थ, परिवार नियोजन सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने के सरकारी प्रयासों के बाद इन क्षेत्रों में गर्भ निरोधकों के उपयोग में तेजी आई है लेकिन गर्भ निरोधक का सबसे लोकप्रिय तरीका सर्जरी से जुड़े परिवार नियोजन की अपरिवर्तनीय विधि है। नतीजों के नजरिए से यह अच्छा है लेकिन महिलाओं के दृष्टिकोण से हमेशा अच्छा नहीं है। स्थायी विधि की लोकप्रियता राष्ट्रीय वरीयता को प्रतिबिंबित करती है जहां एनएफएचएस-5 के अनुसार वर्तमान में विवाहित महिलाओं के 36.3 प्रतिशत ने इस विकल्प को अपनाया जिससे यह गर्भ निरोधक सभी विकल्पों में सबसे लोकप्रिय हो गया। एमपीवी जिलों वाले राज्यों में कई और महिलाओं ने स्थायी विधि का विकल्प चुना। चूंकि एमपीवी पिछड़ेपन के उच्च स्तर वाले जिलों में अनिवार्य रूप से चलती है, वह इन जिलों में कमजोर संचार तथा स्वास्थ्य देखभाल के खराब वितरण का संकेत देती है इसलिए महिला नसबंदी के नकारात्मक पक्ष यहां अधिक स्पष्ट होंगे।

**तीन घटनाक्रमों ने संभवत: नसबंदी संख्या में लगातार वृद्धि में योगदान दिया है। पहला, हर गांव में आशा (एक्रिडिएटेड सोशल हेल्थ एक्टिविस्ट-मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता) की उपस्थिति ने व्यवस्था को एक मानवीय चेहरा दिया है। इस उपस्थिति ने लोगों में विश्वास का निर्माण किया है तथा सरकार के व्यवस्था-संचालित निश्चय को गांव के अंतिम घर तक पहुंचाया है।**

महिला नसबंदी जैसी स्थायी विधि आमतौर पर तब अपनाई जाती है जब दंपति के पास उतने बच्चे होते हैं जितने वे चाहते थे तथा अब और बच्चे पैदा न करने का विकल्प चुनते हैं। ग्रामीण भारत में बच्चों व युवा वयस्कों की मृत्यु असामान्य नहीं है। खासकर आदिवासी समुदायों में कई अप्रत्याशित घटनाओं के कारण-जैसे सर्पदंश, तेंदुए के हमले, पेड़ से गिरने, गांव के तालाब में डूबने और कई रोकथाम योग्य या उपचार योग्य बीमारियों का इलाज न होने के कारण मौतें होती हैं। समय पर देखभाल व उपचार न मिल पाने के कारण अक्सर बच्चों की मृत्यु हो जाती है। ऐसे मामले भी सामने आए हैं जहां दुर्घटनाओं के बाद दो या तीन बच्चों के बाद नसबंदी का विकल्प चुनने वाली महिलाएं खुद को अचानक कम बच्चों के साथ या बेटे के बिना पाती हैं। ऐसे मामलों में सर्जरी का उलटना असंभव नहीं है लेकिन बहुत मुश्किल है। इसके अलावा परिवार पर हुआ आघात का असर अंतहीन है। ग्रामीण भारत में महिला नसबंदी की बढ़ती स्वीकार्यता के ये दुर्भाग्यपूर्ण परिणाम हैं। वे गर्भ निरोध के अपरिवर्तनीय तरीकों की विशिष्ट भारतीय समस्याओं को भी उजागर करते हैं। खराब स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा भी सर्जरी के दौरान जटिल समस्याओं और यहां तक कि मौतों का कारण बनता है। एक बड़ा आघात यह भी होता है कि अगर सर्जरी से महिला बच जाती है तो वह अपने बच्चों को खो देती है और अब उसे और बच्चे नहीं हो सकते।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने मार्च 2018 में लोकसभा में बताया था कि वर्ष 2014-2017 में नसबंदी के बाद कुल 358 मौतें हुईं। मंत्री ने लोकसभा को बताया कि 'भारत सरकार द्वारा प्रकाशित नसबंदी सेवाओं में मानक और गुणवत्ता आश्वासन- 2014 में निर्धारित मानदंड निर्धारित किए गए हैं और इन्हें नसबंदी प्रक्रियाएं करते समय सेवा प्रावधान में गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करने के लिए सभी राज्यों और सेवा प्रदाताओं को उपलब्ध कराया गया है।'

सिर्फ आंकड़ों के संदर्भ में देखें तो एनएफएचएस-3 से एनएफएचएस-5 की अवधि में ग्रामीण क्षेत्रों में महिला नसबंदी (वर्तमान में विवाहित महिलाओं के प्रतिशत के रूप में) राजस्थान में 32.2 प्रश से बढ़कर 44.5, बिहार में 22.6 से 35.3, छत्तीसगढ़ में 39.8 से 47.6, झारखंड में 19.8 से 37.4 और मध्य प्रदेश में 46.9 से बढ़कर 55.7 फीसदी हो गई है।

हाल के तीन घटनाक्रमों ने संभवत: नसबंदी संख्या में लगातार वृद्धि में योगदान दिया है। पहला, हर गांव में आशा (एक्रिडिएटेड सोशल हेल्थ एक्टिविस्ट-मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता) की उपस्थिति ने व्यवस्था को एक मानवीय चेहरा दिया है। इस उपस्थिति ने लोगों में विश्वास का निर्माण किया है तथा सरकार के व्यवस्था-संचालित निश्चय को गांव के अंतिम घर तक पहुंचाया है। दूसरा, गांवों में स्मार्टफोन और उच्च कनेक्टिविटी की पहुंच ने ग्रामीणों की आकांक्षाओं को बढ़ा दिया है। गांव में होने वाली शादियों में डीजे बजाना, जन्मदिन मनाना, ग्रामीण लड़कियों का बदलता पहनावा इसके उदाहरण हैं। शहरों में छोटे परिवारों के आकार और जीवन शैली को भी ग्रामीण परिवार नोट कर रहे हैं तथा इसे खुद अपनाने को तैयार हैं। नसबंदी की संख्या बढ़ाने में योगदान देने वाला तीसरा कारक काम के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों में पुरुषों के प्रवास की बढ़ती प्रवृत्ति है। दक्षिणी राजस्थान में ही करीब 70 प्रतिशत परिवारों में कम से कम एक पुरुष सदस्य आजीविका के लिए गुजरात या महाराष्ट्र अथवा किसी और राज्य के शहरों में पलायन करता है। पति की अनुपस्थिति में महिलाओं के लिए बच्चों का पालन-पोषण करना और ज्यादा मुश्किल हो जाता है। इन हालातों में नसबंदी ऑपरेशन हर किसी के लिए हालातों पर एक जीत जैसा लगता है।

प्रसूति विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि ऑपरेशन अंतिम विकल्प होना चाहिए क्योंकि ऑपरेशन के लिए शरीर को खोलने के अपने जोखिम हैं इसलिए अन्य उपलब्ध तरीकों का उपयोग किया जाना चाहिए जो सुरक्षित हैं। महिला नसबंदी से जटिलताएं और मौतें असामान्य नहीं हैं लेकिन ये घटनाएं इस विधि का चयन करने वाली महिलाओं की संख्या को प्रभावित नहीं करतीं। शायद उन्हें नसबंदी करने के लिए उचित प्रोत्साहन के साथ लुभाया जाता है। फिर भी हम इस समस्या से भाग नहीं सकते। भारत में जनसंख्या नियंत्रण का पूरा बोझ महिलाओं द्वारा वहन किया गया है और अभी भी वहन किया जा रहा है। यह बोझ विशेष रूप से नसबंदी के मामले में है। पिछले दस वर्षों का सच यही है जो सरकार के एनएचएफएस 2005-2006 से एनएचएफएस 2015-2016 के सर्वेक्षण में दिखाई दे रहा है।

गर्भधारण रोकने के लिए आज कई विकल्प उपलब्ध हैं इसलिए महिलाएं ट्यूबेक्टोमी के लिए 'ना' कह सकती हैं। अंतर्गर्भाशयी गर्भनिरोधक उपकरण (आईयूसीडी) जैसे कॉपर-टी या अन्य हार्मोनल उपकरण लंबी अवधि के लिए प्रभावी हैं। ये लगभग स्थायी विधि की तरह काम करते हैं। महिलाओं के लिए इनका एक या दो बार उपयोग करना पूरे प्रजनन चक्र में गर्भावस्था को रोकने के लिए पर्याप्त हो सकता है। इस प्रकार यह एक स्थायी विधि के रूप में भी कार्य करता है।

जहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) नियमित रूप से नहीं खुलते हैं, डॉक्टर और नर्स पूरी तरह से मौजूद नहीं हैं और लोगों को सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों पर बहुत कम भरोसा है वहां जन्म दर नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए नसबंदी एक निश्चित तरीका है। विकल्प उपलब्ध कराने और सुझाने के लिए हमारे डॉक्टरों तथा नर्सों को प्रशिक्षण देने की आवश्यकता होगी। इन तरीकों को उपलब्ध कराने और इन विभिन्न तरीकों से जुड़े भय एवं मिथकों को दूर करने के लिए लोक संवाद बढ़ाना होगा। इस मामले में कॉपर-टी एक उदाहरण है जिसके बारे में एक आम डर यह है कि 'यह पेट में ऊपर जाएगा।'

इस भय पर काबू पाने के लिए महिलाओं के डर को सुनने और स्वीकार करने की आवश्यकता होगी तथा महिलाओं को यह समझने में मदद मिलेगी कि ये भय निराधार क्यों हो सकते हैं। इसके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं को सातों दिन और चौबीसों घंटे खुला रखने और वहां स्वास्थ्य कर्मियों को मौजूद रहने की आवश्यकता होगी ताकि वे अन्य तरीकों के उपयोग से होने वाले रक्तस्राव व पेट दर्द जैसे किसी भी दुष्प्रभाव का प्रबंधन करने में सक्षम हो सकें।

प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल पर नए सिरे से जोर देना, नए स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों की स्थापना, पीएचसी तथा उप-केंद्रों में डॉक्टरों व कुशल कर्मचारियों की बढ़ती संख्या इस सिलसिले में स्वागतयोग्य कदम हैं जो इस आदर्श बदलाव को संभव बना सकते हैं।

**(डॉ. संजना चिकित्सक व लेखा वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट:दी बिलियन प्रेस)**

# पर्याप्त मात्रा में नहरों में पानी उपलब्ध नहीं होने पर कलेक्टर ने लगाई फटकार



## किसानों की समस्याओं के समाधान बैठक में कलेक्टर ने दिये निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि से जुड़े सभी विभागों के जिला अधिकारी तथा विभिन्न किसान संघों के पदाधिकारी मौजूद थे।

किसान प्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर कलेक्टर श्री सुमन द्वारा निर्देश दिये गये कि वर्तमान फसल एवं आगामी रबी सीजन को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त मात्रा में नहरों में पानी उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसानों को समस्या न हो। जिले में नहरों की मरम्मत एवं रख रखाव हेतु भी निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये।

बैठक में माढ़ोताल में अक्सर होने वाले ट्रेफिक जाम का मुद्दा किसान प्रतिनिधियों द्वारा उठाया गया। कलेक्टर ने इस मुद्दे को नगर सुरक्षा समिति के एजेंडे में जोड़कर समस्या के निराकरण के निर्देश दिये। खाद वितरण हेतु डबल लॉक केन्द्रों में विगत वर्ष की भांति अतिरिक्त काउंटर खोलकर सुचारू रूप से खाद वितरण की व्यवस्था करने हेतु कृषि विभाग एवं सहकारिता विभाग को निर्देशित किया गया। किसानों की समस्या को देखते हुए जिले में आगामी रबी सीजन के पहले विद्युत व्यवस्था सुधारने एवं ट्रांसफार्मर बदलने हेतु भी निर्देश विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिये गये । एक जिला एक उत्पाद योजना में जिले के मटर फसल के उत्पादन एवं निर्यात को बढ़ावा देने हेतु उचित प्रचार-प्रसार एवं जागरूक किसानों को चिन्हित करने पर चर्चा की गई।

बैठक में बी.डी. अरजरिया, आलोक कुमार पटेल, डॉ. आर. एम. पटेल, रामकिशन पटेल के साथ भारतीय किसान संघ, भारत कृषक समाज, के किसान प्रतिनिधि, उप संचालक कृषि रवि कुमार आम्रवंशी, सुशील कुमार निगम, परियोजना संचालक आत्मा, सिंचाई विभाग, विद्युत विभाग, विपणन संघ, खाद्य विभाग, राजस्व, उद्यान आदि विभागों के विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कृष्ण जन्मोत्सव पर हुआ भजन संध्या का आयोजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** कृष्ण जन्माष्टमी की शाम को आलोक ओंकार तिवारी का जन्म दिवस कार्यक्रम और भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव, महाराज की गद्दी में बड़ी धूमधाम से एक भजन संध्या का आयोजन कर मनाया गया। जहां आर्केस्ट्रा कार्यक्रम के दौरान सभी कलाकारों ने कृष्ण भक्ति की भजनों से सभी संगीत प्रेमियों को मंत्र मुग्ध कर दिया. कार्यक्रम में अनिल तिवारी, आलोक तिवारी अनूप तिवारी के साथ-साथ अंतू जैन, मुन्ना इस्तखार, अनु शाह, सरफराज, आसिफ, अनूप शुक्ला, बिशन सिंह राजपूत, विशाल दत्त, जय कुमार जैन, नंदू यादव, नवीन रिछारिया, भारत सिंह यादव, शरद ताम्रकार, सुशील शुक्ला, जीवन अहिरवार, मगू गोयल, विजय सरावगी, किशन अग्रवाल, मुकेश गुप्ता (चप्पू), मुकेश पाठक, गुड्डू चौबे, पिंटू तिवारी, आस्तिक तिवारी, शुभम मिश्रा, पारस तिवारी, एड. आशीष त्रिवेदी, एड. असीम त्रिवेदी, आलोक त्रिवेदी, गुड्डू सेन, मुकेश दुबे, रजनीश दुबे, जेडी बैरागी, सुरेश खंडेलवाल, राजेश द्विवेदी, लालू ताम्रकार, बॉबी केसरवानी, समेत अनेक महिलाएं, वरिष्ठ जन, परिजनों समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**महाराज की गद्दी में सभी संगीत प्रेमी हुए मंत्र मुग्ध**



# काशी हिंदू विश्विद्यालय की प्रोफेसर ने वाराणसी में किया रिटायर्ड प्रिंसिपल डॉक्टर ऊषा दुबे का सम्मान

**जबलपुर, देशबन्धु।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय हिंदी विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर रचना शर्मा द्वारा वाराणसी में आयोजित ऑथर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के अधिवेशन के दौरान शासकीय मानकुंवर बाई कॉलेज से रिटायर्ड हुई प्राचार्य , साहित्यकार डॉक्टर ऊषा दुबे का सम्मान स्मृति चिह्न भेंट करके किया। इस मौके पर डॉक्टर उषा दुबे के भतीजे पत्रकार विवेक दुबे, पंडित मुकेश दुबे, पियूष, सौरभ अवस्थी, सरस्वती शिशु मंदिर नरसिंह मंदिर की प्राचार्य मधु अवस्थी ने बधाइयां प्रेषित की हैं।

# आयोध्या का राम मंदिर मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में हो शामिल

**जबलपुर,देशबन्धु।** भगवान श्रीराम की जन्म भूमि आयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कार्य प्रगति पर है इसका शुभारंभ आगामी नववर्ष जनवरी 2024 में होने की संभावना है। ऑल प्रोविंस पब्लिक संगठन के संस्थापक एवं चेयरमैन अधिवक्ता यश सोनी ने प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर मांग की है कि हिन्दुओं का यह सबसे बड़ा आस्था का केन्द्र है, इस बात को ध्यान में रखते हुए इस पुण्य भूमि को भी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना नियम 2012 की तीर्थ स्थान की सूची में शामिल किए जाने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि यश सोनी इसके पूर्व भी कई सामाजिक एवं अन्य बिन्दुओं को समय समय पर उठाते रहे हैं। श्रद्धालुओं द्वारा इसे अच्छा कदम बताया जा रहा है।

# केंद्रीय मंत्री पटेल जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल होंगे

**जबलपुर, देशबन्धु।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जल शक्ति राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल जबलपुर प्रवास के दौरान शनिवार 9 सितंबर को दोपहर 12.10 बजे पनागर में, दोपहर 2.20 बजे पाटन में तथा शाम 4.10 बजे शहपुरा में जन आशीर्वाद यात्रा एवं जन सभा में शामिल होंगे।




# भारत गौरव ट्रेन का जबलपुर स्टेशन पहुंचने पर ढोल नगाड़े से किया गया स्वागत

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर मंडल मे भारत गौरव ट्रेन स्पेशल में तीर्थ दर्शन के लिए जबलपुर एवं आसपास के बुजुर्ग लोगों को लेकर जबलपुर रेल मंडल के रीवा स्टेशन से भारत गौरव स्पेशल ट्रेन न. 00131 का प्रारंभ किया गया जो रीवा से चलकर सतना, जबलपुर, इटारसी, नागपुर, विजयवाड़ा, तिरुचिरापल्ली होते हुए कुंडल नगर स्टेशन जाएगी जिसका जबलपुर स्टेशन में यात्रियों का ढोल नगाड़े बजाकर स्वागत किया गया एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन के निर्देश पर जबलपुर स्टेशन पर ट्रेन का सघन निरीक्षण सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक गुन्नार सिंह एवं वाणिज्य निरीक्षक रविकांत कुमार, स्टेशन प्रबंधक वाणिज्य संजय जयसवाल एवं अन्य वाणिज्य निरीक्षकों के द्वारा ट्रेन के साथ ही पैंटी कर का भी निरीक्षण किया गया इसके साथ ही जबलपुर स्टेशन से सभी तीर्थ स्थल घूमने के लिए यात्रियों का जत्था जबलपुर स्टेशन से बैठकर रवाना हुआ।

# पमरे से गुजरने वाली तीन जोड़ी रेलगाड़ियों को दिया गया ठहराव

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल प्रसाशन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु गढ़वा स्टेशन पर एक जोड़ी तथा कतरासगढ़ स्टेशन पर दो जोड़ी रेलगाड़ियों को प्रायोगिक तौर पर ठहराव देने का निर्णय लिया गया है । पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 13025/13026 हावड़ा- भोपाल - हावड़ा साप्ताहिक एक्सप्रेस का गढ़वा स्टेशन पर, तथा गाड़ी संख्या 19413/19414 अहमदाबाद-कोलकाता-अहमदाबाद साप्ताहिक एक्सप्रेस एवं गाड़ी संख्या 19607/19608 कोलकाता-मदार-कोलकाता एक्सप्रेस गाड़ियों का कतरासगढ़ स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर ठहराव दिया गया है।

**पमरे से गुजरने वाली ट्रेनों की प्रायोगिक हाल्ट की विस्तृत जानकारी निम्नानुसार है -**

गाड़ी संख्या 13025 हावड़ा- भोपाल के मध्य चलने वाली साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का गढ़वा स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर 12 सितम्बर से ठहराव दिया गया है। उक्त गाड़ी का गढ़वा स्टेशन पर आगमन समय मध्यरात्रि 00.04 बजे तथा प्रस्थान समय 00.06 बजे रहेगा।

गाड़ी संख्या 13026 भोपाल - हावड़ा के मध्य चलने वाली साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का गढ़वा स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर 07 सितम्बर से ठहराव दिया गया है । उक्त गाड़ी का गढ़वा स्टेशन पर आगमन समय मध्यरात्रि 01.44 बजे तथा प्रस्थान समय 01.46 बजे रहेगा।

गाड़ी संख्या 19413 अहमदाबाद - कोलकाता के मध्य चलने वाली साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का कतरासगढ़ स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर 15 सितम्बर से ठहराव दिया गया है । उक्त गाड़ी का कतरासगढ़ स्टेशन पर आगमन समय सुबह 08.53 बजे तथा प्रस्थान समय 08.55 बजे रहेगा।

गाड़ी संख्या 19414 कोलकाता - अहमदाबाद के मध्य चलने वाली साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का कतरासगढ़ स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर 09 सितम्बर से ठहराव दिया गया है । उक्त गाड़ी का कतरासगढ़ स्टेशन पर आगमन समय शाम 17.45 बजे तथा प्रस्थान समय 17.47 बजे रहेगा।

गाड़ी संख्या 19607 कोलकाता -मदार के मध्य चलने वाली साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का कतरासगढ़ स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर 14 सितम्बर से ठहराव दिया गया है । उक्त गाड़ी का कतरासगढ़ स्टेशन पर आगमन समय शाम 17.45 बजे तथा प्रस्थान समय 17.47 बजे रहेगा। गाड़ी संख्या 19608 मदार -कोलकाता के मध्य चलने वाली साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का कतरासगढ़ स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर 13 सितम्बर से ठहराव दिया गया है । उक्त गाड़ी का कतरासगढ़ स्टेशन पर आगमन समय सुबह 08.53 बजे तथा प्रस्थान समय 08.55 बजे रहेगा।

# साक्षरता में भागीदारी प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य : डॉक्टर जितेन्द्र जामदार

## साक्षरता से ही विकसित भारत का स्वप्न होगा साकार : विनय



**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत शासन शिक्षा एवं साक्षरता मंत्रालय द्वारा साक्षरता सप्ताह जाने के निर्देश के अनुपालन में संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र एवं कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण जिला जबलपुर द्वारा आज राज्य विज्ञान शिक्षण संस्थान जबलपुर में जिले का मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे डॉक्टर जितेन्द्र जामदार प्रदेश उपाध्यक्ष जन अभियान परिषद राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त ने कहा कि साक्षरता में भागीदारी प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है सभी साक्षर व्यक्तियों को आगे जाकर इसमें जुड़ना चाहिये उन्होंने सभी अक्षर साथियों तथा नवसाक्षरों को साक्षरता की शपथ दिलाई। विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित उत्तरप्रदेश विधानसभा के विधायक विनय सक्सेना ने कहा कि शत प्रतिशत साक्षरता से ही विकसित भारत का स्वप्न साकार होगा। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत के उपाध्यक्ष विवेक पटेल ने साक्षरता कार्यक्रम में सदैव सहयोग करने और अक्षर साथियों को निरंतर कार्य करने हेतु प्रेरित किया समारोह में जिले के सभी व्यक्तियों से यदि उनके परिवार संपूर्ण साक्षर है तो गर्व के साथ अपने घर के सामने संपूर्ण साक्षर परिवार लिखने का आव्हान किया गया इसी तरह जो व्यक्ति अक्षर साथी के रुप में साक्षरता कार्यक्रम में जुड़े हैं, उसमें भी अक्षर साथी निवास लिखने का आव्हान किया गया। समारोह में प्राचार्य डाइट शशि वाला झा, जिला प्रोढ़ शिक्षा अधिकारी श्रीमती अंजनी सेलट, जिला सह समन्वयक प्रकाश चंदेल, डाइट से डॉक्टर गजेश खरे, विकासखंड सह समन्वयक आईपी गोस्वामी , केपी दुबे, अमृता कोरी सहित सैकड़ों अक्षर साथी और नव साक्षर सम्मिलित हुए।

# स्वास्थ जागरूकता कार्यक्रम एवं नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित




**जबलपुर, देशबन्धु।** स्वस्थ महिलाएं स्वस्थ समाज के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाती हैं, इस उद्देश्य के साथ शैल्बी हॉस्पिटल, जबलपुर में विभिन्न महिला अस्सोसिएशन्स के लिए स्वास्थ जागरूकता कार्यक्रम एवं नि: शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन 08 सितम्बर को किया गया। इस अद्वितीय अवसर पर जबलपुर नगर निगम के महापौर, जगत बहादुर सिंह (अन्नु भैया) के मुख्य - आथित्य में इस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। महापौर, जगत बहादुर सिंह (अन्नु भैया) द्वारा जबलपुर जिले की विभिन्न महिला अस्सोसिएशन्स की प्रतिनिधी जो महिलाओं के उत्थान में हमेशा अग्रसर रहती है, उनका सम्मान मोमेंटो एवं पुष्प गुच्छ से किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य को सुधारना एवं उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस आयोजन में डॉ. अमित जैन, डॉ. आशीष तिवारी , डॉ. प्रतीक सिंह और डॉ. चारु पाठक ने अपने विशेषज्ञता का मूल्यवान ज्ञान साझा किया, जिससे महिलाओं को उनके स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों के बारे में सही जानकारी मिल सके।

शैल्बी हॉस्पिटल परिवार इस स्वास्थ जागरूकता कार्यक्रम एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर में उपस्थित हुए सभी आदरणीयों का आभार व्यक्त करता है और इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी महिलाओं के जीवन में स्वस्थ्य और खुशहाल जीवन की कामना करता है ।



# घनश्याम पांडे बने पूर्व क्षेत्र वितरण कंपनी के जनसंपर्क अधिकारी

**जबलपर, देशबन्धु।** पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के डीजीएम प्रशासन घनश्याम पांडे को कंपनी का नया जनसंपर्क अधिकारी नियुक्त किया गया है आपकी नियुक्ति पर हार्दिक शुभकामनाएं दी गई हैं। यहां यह बात ध्यान देने बात है कि नये जनसंपर्क अधिकारी के लिये अधिकारियों द्वारा प्रयास किये जा रहे थे। जिसमें श्री पांडे को इस तरह के महत्वपूर्ण पद की जवाबदारी दी गई।

# नौदरा ब्रिज हनुमान मंदिर के आस-पास का क्षेत्र हुआ साफ-स्वच्छ

**जबलपुर, देशबन्धु।** नौदरा ब्रिज के समीप के हनुमान मंदिर के बगल से कचरा एवं गंदगी फैलने की शिकायत स्थानीय जनों के द्वारा महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू से की गई।

शिकायत को तत्काल संज्ञान में लेते हुए महापौर श्री अन्नू के द्वारा स्वास्थ्य अमले को भेजकर मंदिर के चारों तरफ की साफ-सफाई व्यवस्था दुरूस्त कराई और मंदिर के बाहर के वातावरण को साफ स्वच्छ कराया गया, जिससे वहॉं आने जाने वाले श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल है। मंदिर के पुजारी सहित वहॉं आने जाने वाले श्रद्धालुओं ने महापौर की इस अनुकर्णीय पहल की सराहना करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता अर्पित की। इस संबंध में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि सुबह सुबह मंदिर आगमन और भगवान दर्शन के दौरान कुछ श्रद्धालुओं ने मंदिर के पास गंदगी और कचरा फैलने होने की शिकायत की थी, जिसपर तत्परता दिखाते हुए मंदिर के पास स्वास्थ्य अमले को भेजगर चारों बगल की साफ सफाई बेहतर कराई गयी।

उन्होंने कहा कि मंदिर के बगल से कचरा गाड़ियों के जो आने जाने का रास्ता था उसे दरबाजा लगाकर आवागमन बंद कर दिया गया है, जिससे कि वहॉं अब भविष्य में भी गंदगी नहीं फैलेगी और मंदिर आने जाने वाले श्रद्धालुओं को साफ स्वच्छ वातावरण में हवन पूजन करने व भण्डारा आदि करने के लिए स्वच्छ वातावरण मिलेगा।

# कॉर्नियल अंधत्व दूर करने जागरूकता जरुरी : डॉ. स्थापक

**जबलपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा के समापन के अवसर पर जनज्योति सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल गोल बाजार में एक नि:शुल्क कॉर्नियल र`सिपिए`ट रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया गया।



डॉ पवन स्थापक ने बताया कि विश्व के अंधत्व का एक चौथाई अंधत्व भारत देश में है, हर वर्ष 50,000 कॉर्निया अंधत्व के मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है।

स्वास्थ मंत्रालय भारत सरकार ने नेत्रदान में जागरूकता के लिए वर्ष 1985 में राष्ट्रीय नेत्रदान जागरूकता पखवाड़ा की शुरुआत की जिससे नेत्रदान का प्रतिशत बढ़ सकें हुए ऐसे लोग जो अंधत्व के शिकार है उनके जीवन में रौशनी आ सकें।

जबलपुर में दादा वीरेंद्र पुरी जी आई बैंक के पास 524 ऐसे मरीज पंजीकृत है जिनको नेत्रों(कॉर्निया) की जरूरत है ढ्ढ अभी तक 1806 मरीजों का नि:शुल्क नेत्र प्रत्यारोपण अत्याधुनिक शल्य क्रिया के माध्यम से जनज्योति सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल में सफलतापूर्वक सम्पन्न हो चुका है ढ्ढ आशा है की नेत्रदान के लिए समाज के लोगों के मन में जागरूकता आएगी और स्वप्रेरणा से लोग नेत्रदान करेंगे। नेत्रदान किसी भी आयु का व्यक्ति कर सकता है सिर्फ कैंसर,एड्स, रैबीज ,हेपेटाइटिस, सेप्टिसीमिया और 48 घंटे से ज्यादा जो लोग वेंटिलेटर पर है वो नेत्रदान नहीं कर सकते। नेत्रदान के लिए दादा वीरेंद्र पुरी जी आई बैंक (नि:शुल्क उपक्रम ) के दूरध्वनी 9754601010 पर संपर्क कर सकते है।

# निबंध प्रतियोगिता जैसे आयोजन शहर विकास के लिये आवश्यक : विवेक तन्खा

**जबलुपर, देशबन्धु।** मित्रसंघ और नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में मेगा माइंड के सहयोग से स्वच्छ जबलपुर स्वस्थ जबलपुर तथा महानगर का रूप लेता जबलपुर विषय पर एक जुलाई से निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिसमें 4500 बच्चों ने इस निबंध प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने भीतर छुपी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। वहीं निबंध प्रतियोगिता में विजेता छात्रों के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम मानस भवन में आयोजित किया गया। दो दिवसीय पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के पहले दिवस पर स्कूली बच्चों ने जहाँ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी तो वहीं निबंध के जरिए शहर को साफ और स्वच्छ रखने का भी संदेश दिया।

कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी, लखन घनघोरिया, विनय सक्सेना, निगमाध्यक्ष रिंकु विज, नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल, अमरीश मिश्रा, व्यवसायी संदीप विजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना से किया गया। जिसमें स्कूली छात्राओं ने माँ सरस्वती वंदना पर नृत्य प्रस्तुत किया।




**अपनी कमियों को सुधारकर आगे बढ़े- विवेक तन्खा**-कार्यक्रम में उपस्थित रहे सांसद विवेक तन्खा ने मित्र संघ और नगर निगम के इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम शहर विकास के लिए काफी अहम होते हैं। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों के साथ उनके परिजनों और समाज को एक अच्छा संदेश जाता है। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं से कहा कि जो छात्र विजयी हुए उन्हें शुभकामनाएं लेकिन जो विजयी नहीं हुए वे अपनी कमियों को सुधार कर फिर से आगे बढ़े और अगले से प्रथम स्थान प्राप्त करें। उन्होंने यह भी कहा कि अगले साल फिर से इस कार्यक्रम में स्कूल के बच्चे भाग लें। लेकिन अगली बार संख्या एक लाख होनी चाहिए।

**महापौर ने दिलाई स्वच्छता की शपथ-** महापौर जगत बहादुर अन्नू ने कार्यक्रम में सभी को शहर को साफ सुथरा रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने निबंध प्रतियोगिता कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के बौद्धिक विकास को बढ़ाते हैं। उन्होंने प्रतिभा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कोई भी छात्र किसी से कम प्रतिभाशाली नहीं हैं। किसी भी जीत को हासिल करने के लिए लक्ष्य और मेहनत का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी विजय बच्चों के साथ वे डिनर करेंगे। श्री अन्नू ने

**विजयी बच्चों को हवाई सफर कराने की भी बात कही अनूठा कार्यक्रम-अशोक रोहाणी** - कार्यक्रम की सराहना करते हुए विधायक अशोक रोहाणी ने कहा कि यह एक अनूठा कार्यक्रम है। इससे ना सिर्फ शहर विकास के लिए लोगों को जानकारी मिलेगी साथ ही शहर साफ और सुथरा रखने में जागरूकता भी आएगी।

कार्यक्रम में शाामिल विधायक लखन घनघोरिया, विनय सक्सेना, रिंकू विज, निगम कमिशनर स्वप्रिल वानखड़े ने भी इस कार्यक्रम की सराहना की और ऐसे कार्यक्रम आगे भी आयोजित किये जाने के लिए संस्था मित्र संघ और नगर निगम का आभार भी व्यक्त किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मित्रसंघ के आयोजन के संबंध में अध्यक्ष सच्चिदानन्द शेकटकर ने प्रकाश डाला। अतिथियों का स्वागत परितोष वर्मा और साथियों ने किया। कार्यक्रम का संचालन सत्यम तिवारी ने किया।

**शिक्षकों और अभिभावकों के साथ पहुँचे छात्र**-पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में 90 स्कूलों ने भाग लिया। जिनमें स्कूली छात्र छात्राओं के साथ शिक्षक और अभिभावक साथ पहुँचे। आलम यह था कि मानस भवन में छात्रों से भरा हुआ था और तालियों की गडगड़ाह छात्रों के उत्साह और खुशी को प्रदर्शित कर रही थी। बड़ी संख्या में छात्रों की भीड़ को देखते हुए पुरस्कार वितरण कार्यक्रम दो दिवसीय रखा गया। वहीं शनिवार को कार्यक्रम के अंतिम दिन तीन बजे से मानस भवन में ग्रुप बी के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये जाएंगे।

# चार माह में एग्जाम का बेस बनेंगे सैम्पल पेपर

## 15 फरवरी से होने वाले एग्जाम में मिलेगी मदद



**जबलपुर, देशबन्धु।** स्कूल एजुकेशन का आधे से ज्यादा सेशन पूरा हो चुका है। फर्स्ट टर्म के एग्जाम भी हो चुके हैं। इस बीच 15 फरवरी से होने वाले एग्जाम के लिए स्टूडेंट्स की तैयारी शुरू हो चुकी है। बाकी बचे चार माह में एग्जाम के लिए स्टूडेंट्स का बेस बेहतर ढंग से कम्प्लीट हो, इसके लिए बोर्ड द्वारा सैम्पल पेपर जारी किए गए हैं। इन सैम्पल पेपर के लिए जरिए स्टूडेंट्स स्वयं का आंकलन कर सकेंगे, वहीं पेपर के लिए खुद की तैयारी को मजबूत भी कर सकेंगे। इन सैम्पल पेपर को सीबीएसई की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

### सैम्पल पेपर में यह शामिल

- परीक्षा पैटर्न
- मार्किंग स्कीम
- प्रश्नों की प्रकृति
- टाइम मैनेजमेंट
- यूनिट एंड चैप्टर

### स्ट्रेटजी बनाने में आसानी

टीचर अनिमेश गुप्ता का कहना है कि सीबीएसई 2024 की परीक्षा 15 फरवरी से शुरू होकर अप्रेल तक चलेंगी। ऐसे में स्टूडेंट्स के लिए सैम्पल पेपर का जारी होना उन्हें फाइनल एग्जाम में स्ट्रेटजी बनाने में सहूलियत प्रदान करेगी।

### मार्किंग स्कीम जानकारी

टीचर अनुप्रिया त्रिपाठी का कहना है कि सैंपल पेपर से स्टूडेंट्स को प्रश्नों की कठिनाई स्तर का अंदाजा हो जाता है। स्वयं के आंकलन के बाद उनके पास सुधार के लिए समय भी खूब बचेगा। मार्किंग स्कीम की जानकारी के अनुसार भी तैयार करने में मदद मिलेगी।

### प्रैक्टिस की शुरुआत

जारी किए गए सैम्पल पेपर्स की मदद से स्टूडेंट्स ने प्रैक्टिस शुरु कर दी है। स्टूडेंट्स का कहना है कि इस बार बोर्ड द्वारा जल्दी सैम्पल पेपर जारी किए गए हैं। मॉक से खुद की कमियों का पता चल रहा है। चार माह में इन सैम्पल पेपर्स से काफी मदद मिलेगी।



### इनरव्हील क्लब प्लेटिनम

# जीवन बनाने वाले गुरुओं का किया सम्मान

**जबलपुर, देशबन्धु।** जीवन में गुरु का स्थान बड़ा है। गुरु जीवन बनाते हैं और ऐसे व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं, जो हर मुसीबतों के लिए तैयार होते हैं। जिन्दगी संवारने वाले ऐसे ही गुरुओं को इनरव्हील क्लब ऑफ प्लेटिनम के तत्वावधान में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में क्लब प्रेसिडेंट स्वाति अग्रवाल, अमिता स्वामी, उमा नेब, जैसमीन श्रीवास्तव, भूमिका, मलिका, अभिलाषा पाण्डे, फातिमा खण्डेलवाल मौजूद रहीं।

## काव्यांतस महोत्सव

**जबलपुर, देशबन्धु।** अंतस संस्था के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में 9 सितम्बर को शनिवार शाम 5.30 बजे से रानी दुर्गावती कलावीथिका में काव्यांतस और लोकार्पण समारोह सम्पन्न होगा। इस दौरान नृत्य उत्सव का रंग भी खास होगा।

## कृष्ण जन्मोत्सव

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री गुजराती महिला मंडल के तत्वावधान में कृष्ण जन्मोत्सव 11 सितम्बर को शाम 4.30 बजे से गुजराती सामुदायिक भवन में आयोजित होगा। इस दौरान कृष्ण जन्म के साथ, झांकी प्रदर्शन, हाउजी और मनोरंजक खेल होंगे।

### जीवन के कोलाज में सुख-दुख दोनों है

# शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में नाटक मंचन

**जबलपुर, देशबन्धु।** जीवन एक फोटो फ्रेम के कोलाज की तरह है, जिसमें सुख और दुख की तस्वीरें बराबर है। इसमें संवदेनाएं भी हैं और सपने भी। ठीक इसी तरह देश में होने वाले विकास कार्य भी समाज में चमक के साथ तबके के लोगों की मुस्कान छीन लेते हैं। सर्वे सुखंतु भविन नाटक मंचन के जरिए कलाकारों ने ऐसे ही मुद्दों को उठाया है। शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में शुक्रवार को रायरोथ थिएटर हाउस और विवेचना रंगमंडल के तत्वावधान में हुए मंचन में 1980 के दशक के दौर से शुरू हुई औद्योगिकरण की चमक को दर्शाया।

**विकास के चक्कर में लोग बेघर भी हुए** - मंचन में कलाकारों ने बताया कि देश की प्रगति और निर्माण से लोगों को बेघर भी किया है। गरीबों को जहां रहने की जगह मिली, वहां अव्यवस्थाओं का दौर फैला हुआ है। औद्योगों से निकला हुआ कचरा पानी को जहरीला बना रहा है। कलाकारों ने यह सवाल भी उठाए कि जरूरतमंद के जीवन को कठिन बनाने में कहीं ना कहीं हम भी जिम्मेदार हैं।



# एंटी पॉलीथिन रैली से फैलाई जागरुकता

**जबलपुर, देशबन्धु।** घर से जब भी निकले अपने साथ कपड़े का थैला जरूर रखें। इससे पॉलीथिन के उपयोग की आदत रुकेगी, वहीं पर्यावरण संरक्षण में योगदान भी संभव होगा। शुक्रवार को एंटी पॉलीथिन रैली निकालकर कैडेट्स ने लोगों को को जागरुक किया। वनएसटीसी कमाण्डेंट ब्रिगेडियर राहुल मलिक ने कैडेट्स को पॉलीथिन से होने वाले नुकसान की जानकारी दी। कैम्प में वनएमटीआर के कमान अधिकारी कर्नल विजय पुण्डीर, कैम्प कमाण्डेंट दिनेश जायसवाल मौजूद थे।

# धूमधाम से मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी का महापर्व



**जबलपुर, देशबन्धु।** डी डी धाम संकट मोचन हनुमान मंदिर मानेगांव रांझी में धूमधाम से मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी का महापर्व जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर सुबह से मंदिर परिसर में पूजन अर्चन एवं कृष्णा भगवान का श्रृंगार कर उनके द्वारा की गई कृष्ण लीलाओं का वर्णन संगीत भजन द्वारा मंदिर परिसर में महिलाओं की टोलियां द्वारा किया गया इस पूजन अर्चन कार्यक्रम में मंदिर आचार्य धीरज कृष्ण शास्त्री एवं मंदिर पुजारी पंडित श्री सोमनाथ शुक्ला द्वारा कार्यक्रम विधि विधान से कर रात्रि 12:00 बजे जन्मोत्सव को उपरांत प्रसाद वितरण किया गया जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु ने इस पूजन अर्चन में पुण्य लाभ अर्जित किया इस कार्यक्रम में उपस्थित थे मंदिर संस्थापक समाज सेवी सुधीर सोनू दुबे, रमेश सिंह ,जितेंद्र कुमार, प्रमोद वर्मा, वीरेंद्र श्रीवास ,निर्मल शर्मा एवं महिला मंडल की सभी पदाधिकारी उपस्थित थी।

# इमाम हुसैन ने सब्र की तालीम दी दुनिया को - मौलाना



**जबलपुर, देशबन्धु।** मदन महल दरगाह के मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी के निवास पर गतरात्रि जिक्रे शहादतेन का एहतेमाम किया गया। वासित अली कादरी, डॉ. सैय्यद मक़बूल अली कादरी, इनायत कादरी, न्याज मंसूरी, हाफिज असद कर्बलाई ने इमाम आली मुकाम की शान मे कलाम पेश किये। मौलाना रईस साहब ने अपनी तक़रीर मे फरमाया कि हज़रत इमाम हुसैन ने पूरी दुनिया को सब्र की तालीम दी है लिहाजा हमे भी सब्र और शरीयत के बताये अनुसार जिंदगी गुजारना चाहिए। जल्से मे मुबारक कादरी, नसीर खान सुल्तानी, इसरार अहमद, जवाहर कादरी सहित सेकड़ो अक़ीदतमंद मौजूद रहे।अंत मे सलातो सलाम पेश करने के बाद मुल्क मे तरक़्क़ी और खुशहाली की खास दुआएँ मांगी गई।

# वोटर्स को जोड़ा, समझाया मतदान का महत्व




**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रथम वर्ष के छात्रों के इंडक्शन प्रोग्राम के अंतर्गत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में डॉ. ममता आनंद ने मानव मूल्यों पर व्याख्यान दिया। उप समन्वयक डॉ. कमल कुशवाह ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूती देने के लिए मतदान की जागरुकता आवश्यक है। स्वीप समन्वयक प्रमोद श्रीवास्तव ने मतदान की महत्ता समझाई। डॉ. राजलक्ष्मी त्रिपाठी, डॉ. सुजीत महोबिया, डॉ. याशिमा पांडे, डॉ. कंचन खरे मौजूद रहीं।

## दैनिक राशिफल

**शनिवार 09 सितम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। भाद्रपद कृष्ण पक्ष की दशमी। नक्षत्र- ।**

**मेष** – आज आप नए काम आसानी से शुरू कर सकेंगे, परंतु आपके विचारों में स्पष्टता न होने से उलझन बढ़ने की आशंका है।

**कर्क** – परिवार में लोगों के साथ मतभेद हो सकता है। किसी उलझन के कारण महत्वपूर्ण निर्णय नहीं लेने की सलाह दी जाती है।

**वृषभ** – उलझनपूर्ण मानसिकता के कारण महत्वपूर्ण अवसर खो सकते हैं। नए काम शुरू करने के लिए अनुकूल दिन नहीं है।

**सिंह** – आज आपको लाभ होने की संभावना है, परंतु आपका मनोबल स्पष्ट न हो, तो मिला हुआ अवसर भी खो सकते हैं। मित्रों से मिलकर लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

**मिथुन** – आज आप उत्साहित और ताजगी का अनुभव कर सकेंगे। अच्छे कपड़े और आभूषण खरीदने का योग बन रहा है।

**क.**

**कन्या** – नए काम शुरू करने के लिए आपने जो योजनाएं बनाई है, उसे आसानी से पूरी कर सकेंगे। पिता के साथ निकटता बढ़ेगी। मान-सम्मान बढ़ेगा।

**तुला** – साहित्य में रुचि रखनेवाले बौद्धिक लोगों से मिलकर ज्ञान की चर्चा में समय व्यतीत होगा। नए काम की शुरुआत आप कर पाएंगे।

**मकर** – व्यापार-धंधे में वृद्धि होगी। आर्थिक दृष्टि से आपका दिन लाभदायक होगा। आर्थिक कामकाज अच्छी तरह पूरा कर सकेंगे।

**वृश्चिक** – आज सावधानीपूर्वक आगे बढ़े और महत्वपूर्ण काम आज हाथ में न लें, तो अच्छा होगा। उग्र स्वभाव और खराब व्यवहार के कारण आप तकलीफ में आ सकते हैं।

**कुंभ** – आज आपको अपने स्वास्थ्य तथा संतान की चिंता परेशान करेगी। तेजी से विचार बदलने से आपकी मानसिक स्थिति कमजोर रहेगी।

**धनु** – आज का दिन तर्क-वितर्क के लिए अच्छा है। आप किसी भी बात का अनालिसिस अच्छे से कर सकेंगे। प्रवास, मनोरंजन, मित्रों के साथ मुलाकात, स्वादिष्ट भोजन।

**मीन** – आपके तन-मन में बेचैनी अनुभव होगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद या विवाद हो सकता है। मां की तबीयत खराब होने की आशंका बनी रहेगी।

**मा.**

# एनपीएस को लेकर कर्मचारियों में भारी आक्रोश



**जबलपुर, देशबन्धु।** तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि शासन द्वारा 31/12/2004 से पुरानी पेंशन (ओपीएस) योजना समाप्त कर 01/01/2005 के बाद नियुक्त अधिकारी/ कर्मचारियों को नवीन पेंशन योजना (एनपीएस)लागू की गई है।

नवीन पेंशन योजना के तहत कर्मचारियों के वेतन से प्रतिमाह कटौती कर उस पैसे को शासन द्वारा बाजार में उपयोग किया जाता है उसी पैसे को ब्याज सहित पेंशन के रूप में प्रतिमाह 1000-2000 के बीच ही सेवा निवृत्त कर्मचारियों को मिल पाती है वहीं एक बार के निर्वाचित सांसद एवं विधायक जो एक दिन भी सांसद या विधायक रहने पर पूरे जीवन पेंशन एवं परिवार पेंशन का हकदार हो जाता है वहीं कर्मचारी 30 से 40 वर्षों की सेवा के उपरांत भी पेंशन से वंचित रहता है जिससे उनके एवं उनकेपरिवार में असुरक्षा की भावना बनी रहती है इस असुरक्षा को समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाली हेतु पंडित योगेन्द्र दुबे के नेतृत्व में मातृशक्ति सहित समस्त विभागों सहित निगम मण्डल हजारों अधिकारी/ कर्मचारियों में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री मप्र शासन के नाम से कलेक्टर जबलपुर के प्रतिनिधि मुकेश सिंघई डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर योगेन्द्र दुबे, प्रमोद तिवारी, राम दुबे, अर्वेन्द्र राजपूत, अवधेश तिवारी, अटल उपाध्याय, संजय यादव, अजय सोनकर, मुकेश सिंह, आलोक अग्निहोत्री, बृजेश मिश्रा, मंसूर बेग, दुर्गेश पाण्डे, अभिषेक मिश्रा, शहजाद द्विवेदी, रजनीश पाण्डे, केजी पाठक, मनोज राय, अरूण दुबे, विनोद साहू, सतीश उपाध्याय, नेतराम झारिया, राकेश पाण्डे, विजय कोष्टा, चन्दु जाउलकर, राहुल दुबे, नरेन्द्र दुबे, कपिल दुबे, वीरेन्द्र चंदेल, एसपी वाथरे, विजय गौतम, हर्ष मनोज दुबे, नरेन्द्र सेन आदि उपस्थित रहे।

## भगवत रैली का आयोजन 10 को

**जबलपुर, देशबन्धु।** हिन्दु राष्ट्र आंदोलन समिति जबलपुर के तत्वाधान में 10 सितम्बर दिन रविवार दोपहर 3 बजे बिरसा मुंडा चौक अधारताल से मालवीय चौक तक एक भव्य हिन्दु राष्ट्र भगवा रैली का आयोजन किया जा रहा है विभिन्न व्यक्तियों द्वारा सनातन धर्म के खिलाफ की गई टिप्पणियों के खिलाफ एवं हिन्दु राष्ट्र संस्कृति के लिए जागरूकता लाने के लिए हिन्दु राष्ट्र भगवा रैली निकाली जा रही है आयोजन को सफल बनाने के लिए अधिवक्ता अखिलेश उपाध्याय, सुरेश मिश्रा, भगवती भारद्वाज, शक्ति शुक्ला, सुशील बर्मन, नितेश पटेल, शोभा तिवारी, मंजू दुबे, आरती शुक्ला, सुरेन्द्र यादव, रत्नेश पांडे, मोना ठाकुर, पूनम प्रसाद, मनोज पासी, राकेश श्रीवास्तव आदि ने की है।

# वरिष्ठ नागरिकों को रेल रियायत देने को लेकर 13 सितम्बर कोमहाप्रबंधक को ज्ञापन

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन जबलपुर की 148 वीं मासिकबैठक संख्या 5 बजे हरिशंकर परसाई भवन में एसोसिएशन के सदस्यों की बड़ी संख्या में उपस्थिति के साथ सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने प्रांरभ में ही अपना रोष व्यक्त करते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिक महिला 58 वर्ष, पुरूष 60 वर्ष को क्रमशः 50 एवं 40 प्रतिशत की रेल टिकिट में रियायत कोरोना के समय बंद की गई थी, जो अभी तक चालू नही की गई जबकि रेल का संचालन सुचारू रूप से हो रहा है , साथ ही नई ट्रेनों का भी संचालन किया जा रहा है। वरिष्ठ नागरिकों को रियायत न देने को लेकर एकमतेन निर्णय हुआ कि 13 सितम्बर को दोपहर 12 बजे रेल मंत्री के नाम का रेल प्रबंधक कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन दिया जायेगा। ज्ञापन में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि रेल टिकिट में रियायत नहीं दी जाती है तो देश के वरिष्ठ नागरिक आने वाले आम चुनाव का बहिष्कार किया जायेगा। साथ ही अगर एक माह में रियायत नहीं मिलती है तो रेल रोको आंदोलन करने पर विवश होना पड़ेगा जिसकी जिम्मेदारी रेल प्रशासन की होगी। बैठक में जबलपुर सीजीएचएस लाभार्थियों की संख्या को देखते हुए डिस्पेंसरियों की संख्या 12 तक किये जाने, कटनी एवं इटारसी में भी शीघ्र डिस्पेंसरी खोलने, जबलपुर में सैनिक स्कूल खोलने, अधारताल में केन्द्रीय विद्यालय खोलने एवं नगर निगम द्वारा सम्पत्ति कर में 25 प्रतिशत की छूट देने की समस्या पर चर्चा की। बैठक में अध्यक्ष आरएस तिवारी, डीके सिंह, हरजीवन विश्वकर्मा, एचएल जागड़े, दिनेश चौरे, आरबी शाह, टीके रायघटक, रमाकांत कटियार, महेन्द्र नामदेव, हरिसिंह, आर आर दुबे, विनायक राव सोरते, एके श्रीवास्तव, अब्दुल रहमान, अर्जुन कुमार, डीके निगम, राजू बेन, विनोद बेन, मधुसूदन, शरद मुदगल, एके स्थापक लखन लाल प्रजापति, एनपी सिंह, प्रीतम यादव, एस बोस, नरेश कुमार नेमा, कामता प्रसाद, शंकर लाल विनोदिया, अजय सिंह ठाकुर, चन्द्रशेखर शर्मा, सुरेश प्रसाद कुरसिया, मोहनलाल श्रीवास्तव, केपीदुबे, रामगोविंद पांडे, राजेन्द्र रजक, बिन्द्रा प्रसाद बड़गैया, नरसिंहदास सोनकर, नंदकिशोर सोनकर, एमएल अग्रवाल, घनश्याम सोनकर, रामचंद्र कुरूप, प्रभात गिरी, सुभाष सोनी, श्याम सुंदर आदि मौजूद थे।

# निधन


**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

## पं. जगदीश प्रसाद तिवारी पंचतत्वों में विलीन



**जबलपुर, देशबन्धु।** बड़ी खेरमाई मंदिर के मुख्य पुजारी एवं सुनील तिवारी, सुशील तिवारी, राजकुमार तिवारी के पिता पं. जगदीश प्रसाद तिवारी का 7 सितम्बर को आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 8 सितम्बर को पूर्वान्ह 10 बजे निज निवास खेरमाई मंदिर परिसर से करियापाथर मुक्तिधाम पुहंची जहां अंतिम संस्कार संपन्न हुआ और सैकड़ों नम आखों ने उन्हे अंतिम विदाई दी।

## शांतिबाई जाटव का निधन



श्रीमती शांती बाई जाटव, उम्र 70 70 वर्ष धर्म पत्नि स्व. मिश्री लाल का निधन 8 सितम्बर को हो गया है। कान्ता प्रसाद (कैलाश) जाटव की माँ, करन की दादी एवं एडवोकेट के.एल. जाटव की भाभी थी। अंतिम यात्र निज निवास गोरखपुर से दिनांक 9 सितम्बर को सुबह 11.30 बजे गुप्तेश्वर मुक्तिधाम जायेगी।

**श्री कुमार चौरसिया**- गोरखपुर पंसारी मोहल्ला निवासी श्री मिश्री लाल चौरसिया के पुत्र श्री श्री कुमार चौरसिया (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जगदीश प्रसाद तिवारी**- भानतलैया बड़ी खेरमाई मंदिर में पुजारी श्री जगदीश प्रसाद तिवारी (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अशोक सोनी**- चेरीताल दुर्गाई मोहल्ला निवासी श्री अशोक सोनी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गणेश प्रसाद मौर्य**- करियापाथर झिरिया कुआं के पास निवासी श्री गणेश प्रसाद मौर्य (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुरूचि सुहास दामले**- एमआईजी 53, धनवंतरी नगर निवासी श्री सुहास दामले की धर्मपत्नी श्रीमती सुरूचि सुहास दामले (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मालती रजक**- खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री श्याम लाल रजक की धर्मपत्नी श्रीमती मालती रजक (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुबोध वर्मा**- नब्बे क्वार्टर संजीवनी नगर निवासी श्री सुबोध वर्मा (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संतोष बजाज**- सेठ गोविंददास वार्ड बड़ी संतोषी माता मंदिर के पास निवासी श्री जगन्नाथ बजाज के पुत्र श्री संतोष बजाज (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जीपी दाते**- टैगोर नगर बादशाह हलवाई मोड़ ग्वारीघाट रोड निवासी श्री जीपी दाते (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

## कंजड़ मोहल्ला में मकान में लगी आग रिश्तेदारों पर आग लगाने का आरोप

**जबलपुर,देशबन्धु।** पांडे अस्पताल के पीछे कंजड़ मोहल्ला में एक मकान में शुक्रवार शाम आग भड गई। घटना की सूचना तत्काल नगर निगम को दी गई। सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। समय रहते आग पर काबू पा लेने के चलते अग्निकांड में ज्यादा क्षति नहीं हो पाई। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार ने अपने ही रिश्तेदारों पर आग लगोन का आरोप लगाया है। जिसकी पुलिस जांच कर रही है।

**क्या है मामला**–जानकारी के मुताबिक कंजड़ मोहल्ला निवासी दौलत भूरे के मकान में शुक्रवार शाम 7: 10 बजे अचानक आग लग गई। सूचना पर पहुंचे दो दमकल वाहन मौके पर पहुंच गए जिसके बाद आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में पलंग, बिस्तर और कपड़े जल गए है।

**मकान में कब्जे का विवाद**

पीड़ित दौलत भूरा ने बताया उसके रिश्तेदार मकान में कब्जा करना चहाते है जिसके चलते पूर्व में उसके परिवार को जिंदा जला देने की धमकी दी गई थी। शुक्रवार को रिश्तेदार चिंटू और गोलू पहुंचे और विवाद करते हुए घर में आग लगाकर भाग गए।



**जांच के बाद कार्रवाई**–पुलिस का कहना है कि मामला संदिग्ध है। जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

## जबलपुर मंडल के स्टेशनों पर एक माह में 91 अवैध बेंडर को पकड़ा गया

**जबलपुर,देशबन्धु।** मंडल के वाणिज्य विभाग ने जबलपुर के स्टेशन पर बिकने वाली खाद्य समाग्री एवं बेंडरों की जांच का अभियांन चला कर अनेक अवैध बेंडरों को पकड़कर जुमार्ना वसूलने के साथ ही अमानक समाग्री नष्ट करने का अभियान चलाया।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन के निर्देश पर मंडल वाणिज्य प्रबंधक नितेश कुमार सोने के नेतृत्व में चलाये गए अभियान मे अनेक स्थानो पर कार्यवाही की जा रही हैं जिसमे प्लेटफार्म पर अनाधिकृत रूप से अन्दर आने वाले बेंडरों कि जांच की जा रही हैं रेलवे अधिनियम की धारा 144के तहत अगस्त माह में जबलपुर स्टेशन सहित मंडल पर 91 अवैध बेंडरो को पकड़कर 81150 रूपये का जुमार्ना वसूलने के साथ ही अमानक खाद्य सामाग्री को नष्ट कर उन पर अर्थ दंड लगाया गया।

जिससे अवैध वेंडरों में भय का माहौल पैदा होने के कारण पिछले माह की तुलना में अवैध बेंडरो में कमी आई है। इस कार्यवाही में सहायक वाणिज्य प्रबंधक श्री पंकज दुबे, अखिलेश नायक , गुनार सिंह मुख्य वाणिज्य निरीक्षक रविकांत कुमार, स्टेशन प्रबंधक वाणिज्य संजय जैसवाल सहित वाणिज्य विभाग के निरीक्षक एवं परिवेक्षकों की भूमिका सराहनीय रही। उल्लेखनीय है कि मंडल में यह कार्यवाही जबलपुर के साथ ही कटनी, मैहर, सतना, दमोह, सागर, करेली, नरसिंहपुर, पिपारिया, आदि स्टेशनो पर भी की जा रही है।

## नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक करदाताओं को मिलेगा छूट का लाभ

**जबलपुर,देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन नगर निगम द्वारा 09 सितम्बर 2023 दिन शनिवार को मुख्यालय सहित सभी 16 संभागीय कार्यालयों में आयोजित की गयी है। इस संबंध में राजस्व विभाग के उपायुक्त पी.एन. सनखेरे ने बताया कि लोक अदालत में 25 से 100 प्रतिशत तक अधिभार में करदाताओं को छूट मिलेगी। वहीं करदाताओं को दो किश्तों में राशि जमा करने की सुविधा भी इस लोक अदालत में मिलेगी। महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', निगमाध्यक्ष रिंकू विज, नेताप्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल, प्रभारी जितेन्द्र सिंह ठाकुर एवं निगमायुक्त स्वप्निल वानख? ने सभी करदाताओं से भी अपील की है कि बकाया करों की राशि में छूट का लाभ नेशनल लोक अदालत के माध्यम से दी जा रही है, इसलिए सभी करदाताओं से अपील है, कि अधिक से अधिक संख्या में नेशनल लोक अदालत में पहुँचकर छूट का लाभ लें।

उपायुक्त राजस्व पी.एन. सनखेरे ने बताया कि नेशनल लोक अदालत आज सुबह 10 बजे से शाम 5 तक रहेगी। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा सम्पत्तिकर एवं जल उपभोक्ता प्रभार में सरचार्ज में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए छूट दी जा रही है। उन्होंने बताया कि नेशनल लोक अदालत में सम्पत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार रूपये तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट, 50 हजार रूपये से अधिक तथा 1 लाख रूपये तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत तक की छूट, 1 लाख रूपये से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी। श्री सनखेरे ने बताया कि जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10 हजार रूपये तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत की छूट, राशि 10 हजार रूपये से अधिक तथा 50 हजार रूपये से कम बकाया होने पर मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट, राशि 50 हजार रूपये से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कि छूट उपरांत राशि अधिकतम् दो किश्तों में जमा करना होगा, जिसमें से कम से कम 50 प्रतिशत राशि नेशनल लोक अदालत के दिन जमा करनी होगी और शेष राशि अधिकतम एक माह में जमा कराना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि यह छूट केवल एक बार ही दी जायेगी।

## 'विकास रथ के माध्यम से जन.जन को बताई गयी शासन की जन कल्याणकारी योजनाएं

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रदेश शासन द्वारा संचालित विकास रथ यात्रा को प्रदेश के साथ साथ सभी जिलों में यात्रा निकाली जा रही हैए जहाँ पर विकास रथ के माध्यम से गरीब कल्याण महाभियान संदेशों के साथ.साथ शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारियाँ प्रसारित की जा रही हैं। इसी कड़ी में विकास किया है विकास करेगें की बात को दृष्टिगत रखते हुए केन्ट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विकास रथ को हरी झण्डी दिखाकर केन्ट क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने रवाना किया। इस अवसर पर विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने कहा कि प्रदेश शासन जन जन के लिए लोक कल्याणकारी योजनाएँ चलाता आ रहा है। इसी में सबका साथ और सबका विकास है। इसी तारतम्य में यह विकास यात्रा रथ पूरे केन्ट क्षेत्र में घूम घूमकर इन योजनाओं के विषय में बतायेगा। श्री रोहाणी ने आगे कहा कि मध्यप्रदेश सरकार का यही मूलमंत्र है सबका साथ सबका विकास है और शासन की हर योजनाओं के विषय में जन जन को जानकारी हो इसलिए यह विकास रथ यात्रा पूरे प्रदेश भर में चलाई जा रही है। इसी क्रम में आज यह विकास रथ यात्रा पूरे केन्ट क्षेत्र में भी चलेगा।

गरीब कल्याण महाभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश शासन के विकास रथ को राँझी के मोनी तिराहा से लेकर केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सोंए कॉलोनी क्षेत्रोंए बाजार क्षेत्रों में यह रथ घूमी। राँझी चौक बड़ा पत्थर मस्ताना चौक दर्शन तिराहा व्हीकल मोड़ गोकलपुर शोभापुर कंचनपुर अधारताल तिराहा डिलाईट पेंटीनाका गणेश चौराहा सदरएकाली माई मंदिर गोराबाजार बिलहरीए एकता मार्केट तिलहरी बी टी सेन्टर होते हुए महगाँव में इस रथ यात्रा का समापन हुआ। इस अवसर पर केन्ट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड पार्षद एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल अस्पताल में एंबुलेंस चालक की गुंडागदी

**जबलपुर,देशबन्धु।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल अस्पताल में एंबुलेंस चालकों की गुण्डागर्दी कम होने का नाम नहीं ले रही है। एक बार फिर एक एंबुलेंस संचालक ने दूसरे एंबुलेंस संचालक पर लोहे की राड से हमला कर लहुलूहान कर दिया। पूरी घटना शुक्रवार सुबह की है। पीड़ित ने गढ़ा थाने में रिपोर्ट कराई है। सर्वेंट क्वाटर गढ़ा निवासी विशाल बाल्मीक ने गढ़ा थाने में शिकायत दर्ज करते हुए बताया कि वह एंबुलेंस चलाता है रोजाना की तरह सुपर स्पेशलिटी अस्पताल मेडिकल से फोन आया कि एक शव को सिहोरा ले जाना है। एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंचा तो वहां पहले से मौजूद राजवीर और बबलू बाल्मीक खड़े हुए थे। दोनों के द्वारा कहा गया कि सिहोरा शव उनकी गाड़ी ले जाएगी इस पर दोनों से कहा कि परिजनों ने उसकी बात हो गई। इस बात पर बबलू और राजवीर नाराज हो गए और गाली-गलौज करने लगे। गाली देने से मना किया तो दोनों राड और प्लास्टिक पाइप से हमला कर दिया जिसमें हाथ-पैर और पीठ में गंभीर चोट आई है।

नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल अस्पताल में एंबुलेंस चालक की गुंडागर्दी- शव ले जाने को लेकर दूसरे चालक पर लोहे की राड से हमला इससे पहले भी कई विवाद हो चुकें है मेडिकल में मुख्य गेट पर टपरा रखा, सीएमओ से हो चुका है विवाद इससे पहले भी कई



### शव ले जाने को लेकर दूसरे चालक पर लोहे की राड से हमला

विवाद हो चुकें है मेडिकल में बताया जा रहा है कि इससे पहले भी एंबुलेंस संचालक बबलू और राजवीर शव और मरीज को लाने और ले जाने को लेकर कई बार विवाद कर चुकें है लेकिन पुलिस ने हर बार दोनों को समझाइश देकर छोड़ दिया। नतीजा ये हुआ कि दोनों ने फिर से मेडिकल परिसर के अंदर गुंडागर्दी करते हुए मारपीट की।

मुख्य गेट पर टपरा रखा, सीएमओ से हो चुका है विवाद बबलू और राजवीर बाल्मीक का पूरे मेडिकल में कितना दबदबा और गुंडागर्दी है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इनके द्वारा एक टपरा मुख्यगेट के सामने रखा हुआ यही नहीं है परिवार के सदस्य मेडिकल की आऊटसोर्स कंपनी में काम भी कर रहे हैं। सभी को ज्ञात होगा कि कुछ दिन पूर्व मेडिकल सीएमओ से एंबुलेंस संचालन को लेकर विवाद हुआ था जिसमें इन दोनों के द्वारा डॉक्टर को धमकाया गया था।

## पठान फाउंडेशन द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर कल

**जबलपुर,देशबन्धु।** पठान फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री हाजी इसरार अहमद के अनुसार 10 सितंबर 2023 दिन रविवार को मेगा मेडिकल चेकअप कैंप सेंट अब्राहम स्कूल मक्का नगर गली नंबर 3 रज़ा चौक में लगाया जा रहा है। जिसमें शहर के वरिष्ठ डॉक्टर डॉक्टर अपनी सेवाएं उपलब्ध कराएंगे। मुख्य रूप से डॉक्टर पुष्पराज पटेल वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ,डॉ अभिषेक श्रीवास्तव थायराइड शुगर मोटापा रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर मोहम्मद अर्शी खान शिशु रोग विशेषज्ञ,डॉ मोहसिन अंसारी हड्डी रोग विशेषज्ञ,डॉक्टर फलक रज़ा अहमद स्त्री रोग विशेषज्ञ,डॉक्टर अब्दुल मजिद अंसारी(पेट संबंधित बीमारियों के विशेषज्ञ)डॉक्टर श्रीमती रितु श्रीवास्तव स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर शेख शमन फिजिशियन, डॉक्टर यास्मीन खान, एवं पैथोलॉजी जांच भी फ्री रहेगी। मेडिकल कैंप का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक रहेगा। कन्वीनर हाजी मजहर खान ने लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक लोग कैम्प में पहुंचकर वरिष्ठ डॉक्टरों का लाभ उठाएं।

## अवैध शराब की तस्करी करने वालों के खिलाफ आपरेशन हुआ तेज

**जबलपुर,देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक तुषार कांत विद्यार्थी द्वारा जिले मे पदस्थ समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अवैध मादक पदार्थ/शराब की तस्करी में लिप्त लोगों को चिन्हित करते हुये उनके विरूद्ध कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया है।

आदेश के परिपालन में अति. पुलिस अधीक्षक शहर उत्तर प्रदीप कुमार शेण्डे तथा नगर पुलिस अधीक्षक रांझी विवेक कुमार गौतम के मार्ग दर्शन में थाना रांझी की टीम द्वारा 1 आरोपी को 60 लीटर कच्ची शराब के साथ रंगे हाथ पकडा गया है।

थाना प्रभारी रांझी नीलेश कुमार दोहरे ने बताया कि दोपहर में विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि सूरज सोनकर निवासी बापूनगर रांझी अपने घर के पीछे वाली गली में व्यापक मात्रा में कच्ची शराब बेचने के लिये रखा है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई, जहां सूरज सोनकर अपने घर के पीछे नीले रंग के 2 बड़े कुप्पे अपने अधिपत्य में रखे दिखा जो पुलिस को देखकर दोनों कुप्पों को उठाकर भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसने नाम पता पूछने पर अपना नाम सूरज सोनकर उम्र 21 वर्ष निवासी बापूनगर रांझी बताया जिसके कब्जे में रखे दोनों कुप्पों को चैक करने पर 60 लीटर कच्ची शराब भरी मिली, जिसे जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## असामाजिक तत्वों की धरपकड़ तेज, भगदड़

**जबलपर,देशबन्धु।** पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 25 आरोपियों के विरूद्ध धारा 110 जा.फौ. के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 145 व्यक्तियों के विरूद्ध 107/116 जा.फौ. के तहत, एवं 6 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 151 जा.फौ. के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 4 गैरम्यादी, 4 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है तथा 24 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 11 बॉटल अंग्रेजी, 149 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 147 लीटर कच्ची शराब, जप्त की गयी तथा 5 व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 1 बका, 4 चाकू जप्त किये गये एवं 3 सटोरियों को सट्टा लिखते हुये रंगे हाथों पकडा गया सटोरियो के कब्जे से 2000 रूपये जप्त किये गये।

## प्रताड़ित करने वाले आरोपी पति, सास एवं देवर की तलाश तेज

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रियंका उपाध्याय उम्र 32 वर्ष निवासी उमानगर धनी की कुटिया के पीछे अधारताल को भाई प्रियांशु उपाध्याय द्वारा पीलिया की बीमारी होने के कारण उपचार हेतु भर्ती कराया था दौरान उपचार के 12 अगस्त को श्रीमती प्रियंका उपाध्याय की मृत्यु हो गयी है। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

दौरान मर्ग जांच मृतिका प्रियंका उपाध्याय के मायके पक्ष के कथन लिये गये जिन्होने अपने कथनों में बताये कि प्रियंका उपाध्याय का विवाह 20 अप्रेल2016 में हिन्दू रीति रिवाज से विवेक शुक्ला निवासी अधारताल से हुआ था विवाह में मायके पक्ष



द्वारा अपनी हैसियत के अनुसार धन सम्पत्ति फर्नीचर, सोना चांदी इलेक्ट्रानिक्स आईटम आदि वर पक्ष को उपहार में दिये थे, विवाह के कुछ दिनों बाद से ही प्रियंका के पति विवेक शुक्ला, सास उमा मिश्रा, ससुर पुरूषोत्तम मिश्रा, देवर वैभव मिश्रा कम दहेज लाने को लेकर प्रियंका को ताना एवं उलाहना देते थे एवं मायके से 5 लाख रूपये की मांग करते थे इसी दौरान मृतिका के मायके पक्ष एवं ससुराल पक्ष के बीच रिश्तेदारों ने समझौता कराने का प्रयास किया लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ दिनांक 20-4-23 को प्रियंका को जान से मारने की कोशिश भी की गई थी, तब प्रियंका अपने ससुराल से मायके आ गयी थी एवं शिकायत की थी जिस पर दोनों पक्षों मे आपसी समझौता हो गया था।

सम्पूर्ण जांच पर पति विवेक शुक्ला , सास उमा मिश्रा, देवर वैभव मिश्रा द्वारा श्रीमति प्रियंका के साथ विवाह पश्चात दहेज की मांग करना एवं मांग पूरी न होने पर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताडित करना पाये जाने पर : तीनो आरोपियों के विरूद्ध थाना अधारताल में 7 सितंबर 23 को धारा 498 ए,34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## सोलर पावर आधारित लाइट ट्रेप का कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने किया उद्घाटन

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्राकृतिक खेती एवं जैविक खेती हेतु अति उपयोगी है सोलर आधारित लाइट ट्रेप जबलपुर 08 सितम्बर, 2023 जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों के हित में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर विश्वविद्यालय को गौरांवित किया है। दरअसल सौर ऊर्जा चलित प्रकाश प्रपंच का निर्माण कर यह उपलब्धि प्राप्त की है जिसका उद्घाटन कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने कहा कि सौर ऊर्जा संचालित यूवी-एलईडी लाइट ट्रैप एक अक्षय ऊर्जा आधारित विद्युत यांत्रिक उपकरण हैं, जो किसानों को प्रकाश तरंग दैर्ध ्य (365ƒ) के बहुत विशेष स्पेक्ट्रम की ओर आर्थिक रूप से प्रभावित वयस्क कीटों को पकड़कर कीटनाशक स्प्रे के उपयोग को कम करने में मदद करता है। यंत्र डिजाइन में मॉड्यूलर हैं और खेत में स्थापित करने और बनाए रखने में आसान है।

सोलर एनर्जी आधारित लाइट ट्रेप तैयार करने वाले वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संजय वैशंपायन ने लाइट ट्रैप मॉडल एसएमवी 19 की विशेषताओं के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुये बताया कि अल्ट्रा वायलेट-ए एलईडी - कीटों को नुकसान पहुंचाने वाले पौधों के वयस्कों को पकड़ने के लिए प्रकाश तकनीक और कीट माइक्रोकंट्रोलर आधारित ऑपरेशन ऑटो सूर्यास्त से पहले चालू हो जाता है और स्वचालित रूप से 11.00 बजे बंद हो जाता है। इसके साथ ही पूरी तरह से सौर चार्ज करने योग्य और डिवाइस को संचालित करने के लिए बिजली की आवश्यकता नहीं है। आपने बताया कि इस यंत्र का पेटेंट भी जल्द ही विश्वविद्यालय को प्राप्त होगा।

संचालक विस्तार सेवायें डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा ने बताया कि रात में कीटों की नियमित गतिविधियां होती हैं, इसलिए फोटोटैक्सिस वाले कीड़ों का भी रोशनी के लिए उड़ान भरने का निश्चित समय हो सकता है। जब कीड़ों की नियमित गतिविधियां हों तो लाइट चालू करें और जब उनके पास कुछ गतिविधियां हों तो लाइट बंद कर दें, जिससे ऊर्जा की बचत हो सकती है और प्राकृतिक दुश्मनों और तटस्थ कीड़ों को नुकसान कम हो सकता है। कीटशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एस.बी. दास ने बताया कि धान, गेहूं, कपास, सब्जियां, फल, फूलों की खेती, बागवानी फसलों और सभी बड़ी चाय, कॉफी और अन्य बागान फसलों के लिए पर्यावरण के अनुकूल एकीकृत कीट और कीट प्रबंधन उपकरण है। डॉ. दास ने कहा कि एक वयस्क कीट को नियंत्रित करने से खेत में 500-900 की आबादी और उसके बाद की संतति कम हो जाती है।

सौर ऊर्जा चलित प्रकाश प्रपंच का के उद्घाटन के अवसर पर अधिष्ठता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, संचालक विस्तार सेवायें डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अनित शर्मा, प्रभारी संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जे.पी. लखानी, विभागाध्यक्ष कीटशास्त्र विभाग डॉ. एस. बी. दास, उपकुलसचिव डॉ. टी.आर.शर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संजय वैशंपायन, वैज्ञानिक डॉ. प्रमोद गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

## नेशनल लोक अदालत आज, प्रदेश की 1346 खंडपीठें में सुनवाई




**जबलपुर,देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में आज शनिवार 9 सितंबर को नेशनल लोक अदालत आयोजित की गई है। इसके लिये प्रदेश भर में 1346 खंडपीठें गठित की गई हैं।

उक्त जानकारी मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अतिरिक्त सचिव मनोज कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि हाईकोर्ट की मुख्यपीठ जबलपुर व इंदौर-ग्वालियर बेंच में मामलों की सुनवाई के लिए कुल 17 खंडपीठ गठित की गई हैं। जबकि जिला व तहसील अदालतों में 1329 खंडपीठों के जरिए सुनवाई होगी। इस बार एक लाख 88 हजार से अधिक मामले निराकरण के लिए सूचीबद्ध किए गए हैं। साढ़े तीन लाख से अधिक प्रीलिटिगेशन मामले भी शुमार हैं। जिन पर परस्पर सहमति से विवादों का निराकरण कराने वाले पक्षकारों को छूट का लाभ भी मिलेगा। श्रम न्यायालय व कुटुम्ब न्यायालय में भी सहमति से विवादों को निराकृत किया जाएगा।

### मप्र एलआईसी कर्मचारी संघ की याचिका खारिज

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रदेश हाईकोर्ट के जस्टिस जीएस अहलूवालिया की एकलपीठ ने मप्र एलआईसी कर्मचारी संघ की उस याचिका को निरस्त कर दिया जिसमें कर्मचारियों को नियमित करने और चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को आउटसोर्सिंग के स्थान पर संविदा पर रखने की मांग की गई थी। एलआईआसी की ओर से अधिवक्ता एनएस रूपराह ने पक्ष रखा। जिनकी ओर से कहा गया कि भृत्य तथा ड्राइवर इत्यादि पदों को बाहरी एजेंसियों को आउटसोर्स नहीं किया जाए। याचिका में आउटसोर्सिंग के लिए जारी विज्ञापन को चुनौती दी गई थी। जहां तक नियमितीकरण का सवाल है तो हाईकोर्ट ने पूर्व में ही एक अन्य याचिका में फैसला दिया था किन-किन मापदंडों में कर्मचारियों

### शिकायत पर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करे एसपी

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने एसपी को निर्देशित किया है कि वे याचिकाकर्ता की शिकायत पर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करे। जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने सीधी एसपी को उक्त निर्देश देते हुए मामले का निराकरण कर दिया।

यह मामला सीधी निवासी सुधीर यादव की ओर से दायर किया गया था। जिसमें कहा गया कि उसके साथ मारपीट हुई थी। जिसकी शिकायत कोतवाली थाने में की गई, लेकिन आरोपियों के रसूख के चलते पुलिस ने उचित कार्रवाई नहीं की। आरोप है कि आरोपियों को बचाने व शिकायतकर्ता को प्रताड़ित किये जाने का रवैया पुलिस ने अपना लिया। जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश देते हुए मामले का पटाक्षेप कर दिया।

# नेशनल लोक अदालत आज आपसी सुलह से निपटेंगे मामले



**पाटन देशबन्धु।** शनिवार को जिला अपर सत्र न्यायालय एवं सिविल न्यायालय में आपसी रजामंदी से प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा प्राप्त जानकारी के अनुसार सिविल प्रकृति प्रकरण,आपराधिक मामले के 125 प्रकरण,138 के मामलों का निराकरण नेशनल लोक अदालत में किया जाएगा। अपर सत्र न्यायालय श्री विवेक कुमार जी,श्री दशरथ सिंह भिड़े जी,श्री रवि कुमार साहू जी,श्रीमती उजाला झा जी,श्रीमती रितिका शर्मा जी के न्यायालय से नेशनल लोक अदालत में आपसी रजामंदी से प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है।

इस नेशनल लोक अदालत में भारतीय दूर संचार निगम की भी नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों का निराकरण होगा,नगर परिषद पाटन के अन्तर्गत जलकर भवन कर सभी तरह के करो का भी निराकरण किया जाएगा,समस्त बैंक जो पाटन न्यायालय क्षेत्र में आते है वे सभी बैंक न्यायालय परिसर में अपना टेंट लगाकर नेशनल लोक अदालत में आपसी रजामंदी से प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा अधिवक्ता संघ पाटन के अध्यक्ष रघुवीर सिंह ठाकुर के द्वारा बताया गया कि नेशनल लोक अदालत से दोनो पक्षकारों की जीत होती है इसका नारा रहता है कि न कोई जीता न कोई हारा नेशनल लोक अदालत से आपसी सहमति से प्रकरणों का निराकरण होगा। (फाइल फोटो)

# जन आशीर्वाद यात्रा का बरेला में भव्य स्वागत






**बरेला,देशबन्धु।** भाजपा द्वारा निकाली जा रही जन आशीर्वाद यात्रा का जबलपुर जिले की पनागर विधानसभा की अंतर्गत आने वाले बरेला में प्रवेश करने पर जोरदार स्वागत किया गया जिसमें केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते प्रहलाद पटेल सांसद राकेश सिंह विधायक सुशील तिवारी जिला अध्यक्ष रानू तिवारी अभिलाष पांडे नगर अध्यक्ष प्रतीक दुबे सहित बरेला मंडल और रानी दुर्गावती मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित थे जन आशीर्वाद यात्रा के माध्यम से सरकार की जन कल्याणकारी जनहितेसी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का कार्य किया यात्रा को बरेला परिक्षेत्र एवं नगर में भारी जन समर्थन मिला है।

जिसमे विधानसभा संयोजक डॉ सुभाष तिवारी,बरेला मंडल अध्यक्ष प्रतीक दुबे,सालीबड़ा मंडल अध्यक्ष मनोज यादब, जिला महामंत्री राजेश दहिया,संजय पटेल,अलका गर्ग राजमणि सिंह बघेल, हर्ष तिवारी,अमन तिवारी,सोनू सोनकर, डॉ पहलाद पटेल, गणेश पटेल,रुपेश पटेल,अर्पित जैन,प्रवेश पटेल,चंदन सिंह पटेल,ममता बर्मन,ज्योति ठाकुर, प्रकाश चक्रवर्ती राजकुमार गोटिया, विक्की पटेल, दीपक सोनकर,खुशी लाल साहू,राजू रजक,डॉ आशुतोष पटेल विकी, डालचंद विश्वकर्मा, सरपंच शेंकी राय,भानु नवेलिया,आलोक दुबे,केश लाल यादव,मुनि विश्वकर्मा,पंकज पटेल, प्रशांत सोनी दिनेश साहू,कृष्णा बर्मन महेश चक्रवर्ती,अंकुर साहू,उदय राम साहू, चंदू सोनी,अजय सोनी,शेरा जैन,जय चंद पटेल,मोहन पाठक, पकंज,अतीक बर्मन, अलोक चौक से, सतीश दुबे सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी बरेला मंडल एवं गौर सालीवाडा मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ता गण स्वागत में मौजूद रहे।

## सार-समाचार



### भारतीय किसान संघ तहसील मझौली ने पोला तिराहा मझौली में मांगों को लेकर दिया धरना

**मझौली, देशबंधु।** आज भारतीय किसान संघ मझौली द्वारा अपने विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है जिसमें किसानों को मिलने वाली बिजली भी समय पर नहीं दी जा रही जिससे किसानों की फसल सूखने की कगार पर है किसानों को डबल लॉक मझौली मैं होने के बाद भी खाद समय पर नहीं मिल रही जो की किसान संघ के पदाधिकारी का कहना है कि शासन द्वारा खाद जरूर आती है लेकिन बड़े व्यापारियों को ब्लैक में ज्यादा पैसों देकर दे दिया जाता है जिससे किसान दर-दर भटक रहा मूँग का भुगतान किसानों का जल्द से जल्द किया जाय दो माह से मूँग का भुगतान नहीं हुआ खरीदी प्रभारी की लापरवाही से किसान दर दर भटक रहा कोई शासन प्रशासन सुनने तैयार नहीं ना कि जनप्रतिनिधि किसानों का कहना है कि यदि भुगतान जल्द नहीं हुआ तो आंदोलन उग्र किया जायेगा उपस्थित किसान संघ के जनप्रतिनिधि रंजीत पटेल वीरेंद्र पटेल जिला पंचायत सदस्य राजेश सिंह हर्षित राजपूत ओर सभी किसान भाई एकत्रित हुए।

### जन आशीर्वाद यात्रा का आज होगा पाटन आगमन




**पाटन, देशबन्धु।** जिले के पाटन ब्लाक के अंतर्गत नुनसर एवं पाटन में आज दोपहर 2 बजे एवं पाटन में 2:20 पर जन आशीर्वाद यात्रा नगर में प्रवेश करेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जन आशीर्वाद यात्रा नुनसार ग्राम से होती हुई रोसरा,उड़ना,गुरुपिपरिया, सिविल कोर्ट चौराहे से होते हुए झंडा चौक पर पहुंचेगी जहां एक विशाल आमसभा आयोजित की गई है। यात्रा में प्रहलाद सिंह पटेल खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और जल शक्ति केंद्रीय राज्य मंत्री,सांसद राकेश सिंह,आशीष दुबे प्रदेश मंत्री,सुभाष रानू तिवारी जिला भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष,राजेश दाहिया जिला संयोजक,रूपेंद्र पटेल जिला सह संयोजक मौजूद रहेंगे।

### मनरेगा योजना में की गड़बड़ी करने वाले सीईओ की जांच के आदेश

**हटा, देशबन्धु।** हटा एवं पटेरा के तत्कालीन सीईओ ब्रतेश जैन द्वारा मनरेगा योजना में व्यापक गड़बड़ी की शिकायतें लगातार की जा रही हैं जिनकी जांच के आदेश भी जारी किए जा रहे हैं। पिछले दिनों जिला कलेक्टर ने तीन दिन में जबाव प्रस्तुत करने का आदेश जारी किया था। इसके पहले सीएम हेल्पलाइन पर झूठी शिकायत दर्ज कराकर निराकरण करने की शिकायत पर आयुक्त एवं कमिश्नर ने संज्ञान लिया था। अब मध्यप्रदेश रोजगार गारंटी परिषद भोपाल द्वारा अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक मनरेगा को एक पत्र जारी कर कहा गया है कि हटा एवं पटेरा जनपद पंचायत में रहे ब्रतेश जैन ने नियमों को ताक में रखकर फर्जी बैंडर की सहायता से करोड़ों रुपए का गमन किया है जिसकी जांच कर 15 दिवस में प्रस्तुत करने आदेशित किया है।

यहां बता दें कि पिछले तीन वर्षों में ब्रतेश जैन के पास हटा एवं पटेरा का संयुक्त प्रभार होने से दोनों जनपदों में अपने चहेतों की ग्राम पंचायत में नियमों को दरकिनार कर भुगतान किए थे जिनकी खबरें भी सार्वजनिक हुईं। शिकायत में बताया गया है कि इनके कार्यकाल में ग्रेवियन निर्माण श्रृंखला वृद्ध संरचना, खखरी निर्माण, स्टाप डेम, चैक डैम जिसमें बिनौला पत्थर का उपयोग किया गया जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान हुआ है कुछ निर्माण कार्य जो चार से पांच वर्ष पहले हो गए थे।

# नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की.. जय घोष से गूंजा नगर



## बघराजी में धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी

**बघराजी, देशबन्धु।** जन्माष्टमी के पावन पर्व पर यदुवंशी समाज के लोगों द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें यदुवंशी समाज के लोगों ने शानदार परंपरागत अपने अहीर नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां ढोल मृदंग की थाप पर गाते झूमते नाचतेहनुमान मंदिर से शोभायात्रा शुरू की नगर भ्रमण करते हुए समापन राधा कृष्ण मंदिर बघराजी में किया गया मृदंग की थाप पर नाचते यदुवंशियों ने लोगों का मन अपनी और आकर्षित किया शोभा यात्रा में विधायक नंदनी मरावी डॉक्टर संजीव बरर्कडे भी शामिल हुए कार्यक्रम में यादव समाज प्रमुख राम सुजान यादव राममिलन यादव पुरुषोत्तम यादव राजेश यादव जवाहर यादव सरपंच नर्मदा यादव अभिषेक यादव भगवानदास यादव प्रदीप यादव दशरथ यादव शुभम यादव रामगोपाल यादव प्यारे लाल यादव बसंत यादव मुस्की यादव कोड़ी लाल यादव रवि शंकर यादव कमलेश यादव रघुनाथ यादव देव यादव गुड्डु यादव रंजीत यादव लल्ला यादव नाम लाल यादव बबलू यादव श्रीमती अर्चना पोरचे श्रीमती पूजा यादव किरण यादव अनीता यादव ललिता यादव वर्षा यादव लता यादव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्री लोक शोभा यात्रा में शामिल थे।

शोभायात्रा के समापन समारोह के दौरान शोभायात्रा की अगुवाई कर रहे राजेश सोनी महेंद्र विश्वकर्मा राजकुमार विश्वकर्मा बैजनाथ विश्वकर्मा मनोज बागरी एसपी विश्वकर्मा के के विश्वकर्मा धर्मेंद्र जायसवाल ने राधा कृष्ण मंदिर में यदुवंशी समाज के प्रमुख लोगों एवं शोभा यात्रा में अहिरी नृत्य कर रहे सभी कलाकारों का तिलक वंदन एवं नगद राशि भेंट कर सम्मानित किया इस अवसर पर दीपक लाल धनगर उप सरपंच प्रणव सोनी दिनेश साहू विजय साहू विनीत साहू सोनू रजक योगेश पटेल शहर बड़ी संख्या में लोगों उपस्थित थे समापन समारोह के दौरान शोभायात्रा के संचालक राजेश सोनी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया ।



## कृष्ण जन्माष्टमी पर यदुवंशी यादव समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

**गोसलपुर, देशबन्धु।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर यदुवंशी यादव समाज द्वारा घुघरी नवीन हनुमान मंदिर से भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर एक विशाल शोभायात्रा यात्रा निकाली गई। ढोल नगाड़ों के बीच बग्घी में सवार भगवान श्री कृष्ण की झांकी का लोगों ने रस्ते रस्ते पूजन अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। शोभा यात्रा शांति नगर, कछपुरा ,खिन्नी तिराहा, महाकाली मैदान , बस स्टैंड, राम सागर तालाब, राम जानकी मंदिर गोसलपुर पहुंची।

गोसलपुर बस स्टैंड में भगवान श्री कृष्ण की झांकी का पूजन स्वागत सिहोरा विधायक नंदनी मरावी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल एवमविश्व हिन्दू परिषद ने स्वागत किया ।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश पालीवाल, जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष पुष्पराज बघेल , जनपद सदस्य अनिल चौधरी , जनपद सदस्य धर्मेंद्र सिंह राजपूत ,महेंद्र सिंह, राजा दुबे ,उत्तम मिश्रा, गनपत सिंह चौहान ,मथुरा यादव, गुलाब श्रीवास, सुखदेव पटेल ,उप सरपंच गोसलपुर अमित सिंह परिहार, सुमित पालीवाल ,अरविंद पटेल, दौलत सिंह राजपूत, नारायण यादव सहायक सचिव गोसलपुर , परमानंद यादव ,अरविंद पटेल, यादव समाज केमस्तराम यादव, राज यादव , सुशील यादव,मनोज यादव, नीरज यादव,गुडडु यादव, जित्तु यादव,आकाश यादव,सोहन श्रीवास, पवन यादव, अवदेश यादव आदि उपस्थित थे।



## रेडियो सिंगर के कृष्णजन्म के भजनों पर मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** गांधीग्राम क्षेत्र के प्रसिद्ध बाजार स्थित चारों धाम मंदिर गाँधीग्राम में रात्रि 10 बजे से मन्दिर के मानस भवन में रेडियो सिंगर गायक सुनील मास्टर,संगीतमय रामायण मण्डल, वाद्ययंत्रों को साज देने वाले कलाकार एकत्रित हुए और भगवान श्री कृष्ण के जन्म के संगीतमय भजनों का गायन हुआ जिस से उपस्थित श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए रेडियो सिंगर सुनील दाहिया ने रात्रि लगभग 10 रात्रि से संगीतमय भजनों का जमकर गायन किया।

**ऐसे मनाया भगवान श्रीकृष्ण का जन्म**- मंदिर पुजारी पुनीत तिवारी ने चारों धाम मंदिर के पट खोले। बाँस की टोकनी के नीचे शिशु जन्म के नारे के रूप में खीरे को काटा। भगवान श्री कृष्ण का जन्म होते ही मंदिर परिसर में जय कन्हैया लाल की हाथी घोड़ा पालकी एवं वाद्य यंत्रों ढोलक, मजीरा,हारमोनियम, मृदंग,खंजनिया,शंख इत्यादि की मधुर धुन से संपूर्ण मंदिर परिसर गूंज उठा।

रेडियो सिंगर ने दी भजनों की प्रस्तुति- भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव जन्माष्टमी पर्व पर गाँधीग्राम के प्रसिद्ध गायक कलाकार एवं रेडियो सिंगर सुनील दहिया ऊर्फ सुनील मास्टर द्वारा गाँधीग्राम के रामायण मंडल व वाद्ययंत्रों के साज बाजों के के साथ संगीतमय रामायण व भजनों की प्रस्तुति की गयी।

**गुड़ के लड्डुओं का वितरण हुआ**- कार्यक्रम आयोजक गाँधीग्राम के भक्त संतोष असाटी ने भगवान श्री कृष्ण के जन्म उत्सव पर गुड़ के लड्डुओं का पहले भोग लगाया इसके बाद गुड़ मेवे के लड्डुओं का वितरण भी किया गया।

## पनागर में भव्यता के साथ निकला श्रीकृष्ण जन्माष्टमी चल समारोह



**पनागर,देशबन्धु।** प्रत्येक वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी यादव महासभा पानागर द्वारा जन्माष्टमी चल समारोह बड़ी भव्यता के साथ निकाला गया जुलूस में विभिन्न अखाड़ों के पहलवानों द्वारा पटा भनोती अहीर नृत्य एवं अन्य प्रकार की झांकियां का पदर्शन किया गया स्कूल की छोटी-छोटी बच्चियों द्वारा सैला नृत्य एवं अनेक प्रदर्शन किए गए कार्यक्रम आयोजक गोरेलाल यादव के द्वारा विगत 35 वर्षों से किए जा रहे चल समारोह के आयोजन को देखते हुए उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों से प्रभावित होकर अखिल भारतवर्ष यादव महासभा संभाग जबलपुर द्वारा उन्हें शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया इस अवसर पर नगर पालिका पनागर के अध्यक्ष प्रदीप पटेल कांग्रेस की वरिष्ठ नेता विमल जैन कार्यक्रम संयोजक विजय यादव संभाग अध्यक्ष यादव महासभा उपाध्यक्ष नगर पालिका महेंद्र चक्रवर्ती तुलसीराम कुशवाहा पार्षद बहादुर राय पार्षद कांग्रेस की वरिष्ठ नेता राजेश पटेल संदीप शर्मा श्रीमती रजनी यादव पदम मोदी सतीश यादव झम्मू यादव केशव यादव गोपी यादव मनीष यादव शरद यादव विष्णु यादव मुन्ना यादव दशरथ यादव राजू यादव गोविंद यादव संतोष यादव आदि प्रमुख लोग उपस्थित थे इस अवसर पर जुलूस का जगह-जगह स्वागत किया गया कार्यक्रम आयोजक गोरेलाल यादव संयोजक विजय यादव ने सभी को धन्यवाद देते हुए अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

## 35 अक्षर साथियों में उल्लास, नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में किया सम्मानित



**पनागर, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस 8 सितम्बर के अवसर पर इस वर्ष की थीम जन जन साक्षर पर आज विकास खंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जनपद शिक्षा केंद्र पनागर में किया गया जिसमें 35 अक्षर साथियों को उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत आसाक्षरों को साक्षर करने में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गय। साथ ही सभी को साक्षर करने के लिये साक्षरता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जनपद शिक्षा केंद्र से बी.ए. सी. विनोद पटेल बी.ए.सी. हरमेश सेन सी.ए.सी. श्रीमती फरीदा खान संकुल सह समन्वयक अमित ठाकुर गुलाब सिंह मार्को नारेंद्र वर्मा लक्ष्मी कांत श्रीवास्तव भरत अहिरवार श्रीमती रिचा मुछारिया उपस्थित रहे। मंच संचालन , विनोद कुमार पटेल विकास खंड साक्षरता सह समन्वयक पनागर द्वारा किया गया।

# गंदगी से सराबोर श्रीधाम रेलवे स्टेशन

**गोटेगांव, देशबन्धु ।** श्रीधाम रेलवे स्टेशन को अमृत भारत योजना में शामिल किया गया है। परंतु कहते हैं की पूत के पांव पालने में पहले से दिखने लगते हैं इसी तरह श्रीधाम रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म पर लगे नलों में टोटियां टूटने और गायब होने के कारण अमृत यूं ही व्यर्थ बह रहा है। जगह जगह शौचालयों में गंदगी पनप रही है ऐसा कई महीनों से देखा जा रहा है परंतु सफाई के अभाव में श्रीधाम स्टेशन बद से बदतर हालात में चला जा रहा है।रेलवे के आला अधिकारियों और लापरवाह कर्मचारियों की लापरवाही के कारण श्रीधाम स्टेशन गंदगी की बलिवेदी पर नाम और अपनी रौनक दिनोदिन खोती जा रही हैं।कोई कहने सुनने वाला नहीं। सफाई कर्मचारी नदारत,अधिकारी कुंभकर्णी निद्रा में लीन।क्या भविष्य होगा श्रीधाम स्टेशन का नगर की जनता और ट्रेन में सफर कर रहे यात्री तो अभी से कयास लगाने लगे हैं। स्वच्छता का नारा देने वाली सरकार के जबाबदार अधिकारी अपनी नजरे भी इस ओर आकृष्ट करें तब समझ में आएगा की श्रीधाम स्टेशन के हाल क्या होते जा रहे हैं।

सभी प्लेटफॉर्म की सफाई व्यवस्था चौपट - प्राय: कई महीनो तो क्या वर्षों से देखा जा रहा है श्रीधाम स्टेशन में सभी प्लेटफार्मों की व्यवस्था लापरवाह अधिकारियों के हाथ में हैं जो इस और कभी ध्यान ही नहीं देते।शौचालयों की गंदगी,प्लेटफार्म पर झाड़ू ना लगना और झाड़ू लगाई भी जाति है सप्ताह में एक दिन ही लग जाए तो बड़ी बात है,टूट नलों में टोटी ना होने से व्यर्थ जा रहा जल,पानी की टंकी का असमय खाली हो जाना इत्यादि ऐसे कई कार्य हैं जिनसे अधिकारी अपने आपको विरक्त किए हुए हैं तो सोचने वाली बात यह है की फिर रेल विभाग ऐसे कर्मचारियों और लापरवाह अधिकारियों को क्या लापरवाही या कार्य के प्रति उदासीनता की तनख्वाह देता है। श्रीधाम स्टेशन की समस्याओं को जानने के लिए वरिष्ठ अधिकारी यदि गुपचुप तरीके से श्रीधाम का दौरा करें तो समस्या क्या है वह स्वयं अवलोकन कर सकते है। स्टेशन की व्यवस्थाओं पर नहीं है ध्यान -श्रीधाम स्टेशन पर जबाबदार अधिकारी अपने कर्तव्यों के प्रति इतने लापरवाह हैं कि प्लेटफार्म की व्यवस्थाएं ठप हैं।

## गाड़ी पार्किंग को लेकर हुए विवाद ने पकड़ा तूल


**डिंडोरी, देशबन्धु।** गुरुवार की देर शाम जिला पंचायत अध्यक्ष रुदेश परस्ते की शिकायत पर बजाग पुलिस ने विधायक ओमकार सिंह मरकाम के बेटे नमः शिवाय मरकाम (बेटू), लोकेश पटेरिया, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बजाग और सचिन नंदा के खिलाफ बजाग थाने में भादवि. की धारा 341, 294, 506,34 के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस मामले की विवेचना कर आगे की कार्रवाई करेगी।गौरतलब है कि विगत दिनों बजाग ब्लॉक के ग्राम बघरेली में कब्बड़ी प्रतियोगिता के दौरान विधायक के बेटे और जिला पंचायत अध्यक्ष रुदेश परस्ते के बीच गाड़ी निकालने के चलते हुए सामान्य विवाद के बाद कल गुरुवार को विधायक के बेटे ने बजाग थाने में जिला पंचायत अध्यक्ष रुदेश परस्ते के खिलाफ शिकायत की थी।

## बंगाल के मंत्रियों, विधायकों के वेतन में भारी वृद्धि की घोषणा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कैबिनेट मंत्रियों, राज्य मंत्रियों और विधायकों के वेतन में भारी बढ़ोतरी की घोषणा की। इन तीन श्रेणियों में से हर एक के लिए मासिक वेतन 40,000 रुपए प्रति माह बढ़ाया जाएगा। इस बढ़ोतरी के बाद, विधायक अब 10,000 रुपए की मौजूदा राशि के बजाय 50,000 रुपए प्रति माह के मासिक वेतन के हकदार होंगे। राज्य के मंत्रियों का मासिक वेतन 10,900 रुपए से बढ़ाकर 50,900 रुपए कर दिया गया है। कैबिनेट मंत्रियों के मामले में यह राशि 11,000 रुपए से बढ़ाकर 51,000 रुपये कर दी गई है। कैबिनेट मंत्री, राज्य मंत्री और विधायक मासिक वेतन के अलावा जो अन्य अतिरिक्त भत्ते पाने के हकदार हैं, वे वही रहेंगे। राज्य सरकार के एक अधिकारी ने बताया, इसका मतलब यह होगा कि वेतन और भत्तों सहित विधायकों को मिलने वाला वास्तविक मासिक भुगतान अब 81,000 रुपये प्रति माह की मौजूदा दर से बढ़कर 1.21 लाख रुपए हो जाएगा।

# वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए भाषण नहीं देंगे पुतिन : पेसकोव

■ जी-20 में रूस का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री लावरोव करेंगे



**मॉस्को।** भारत की राजधानी नयी दिल्ली में आयोजित जी-20 सम्मेलन में रूस के व्लादिमीर पुतिन के वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संबोधित किये जाने की कोई योजना नहीं है तथा विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए वहां मौजूद होंगे। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने गुरुवार को यहां संवाददाताओं को यह जानकारी दी। यह पूछे जाने पर कि क्या रूसी राष्ट्रपति जी-20 शिखर सम्मेलन के प्रतिभागियों के लिए एक अलग वीडियो संदेश भेजने की योजना बना रहे हैं, उन्होंने कहा , नहीं, वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये संबोधन की कोई योजना नहीं है। यह सुनियोजित नहीं है। जी-20 में रूस का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री लावरोव करेंगे। इससे पहले श्री पेसकोव ने कहा था कि श्री पुतिन अपने व्यस्त एवं पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के मद्देनजर नौ और 10 सितम्बर को भारत में होने वाले जी20 सम्मेलन शामिल नहीं होंगे और उनका मुख्य फोकस यूक्रेन में एक 'विशेष सैन्य अभियान' पर है। दक्षिण अफ्रीका में हुए जी20 सम्मेलन में भी श्री पुतिन शामिल नहीं हुए थे हालांकि इस मौके पर उन्होंने अपना वर्चुअल संबोधन दिया था। इससे पहले वर्ष 2008 से जी 20 का प्रत्यक्ष रूप से 16 शिखर सम्मेलनों और एक वर्चुअल शिखर सम्मेलन (सऊदी अरब, 2020) का आयोजन हो चुका है। वर्ष 2009 और 2010 में दो-दो शिखर सम्मेलन हुए। इन 16 प्रत्यक्ष शिखर सम्मेलनों में से 2008 और 2009 के पहले तीन शिखर सम्मेलनों को छोड़कर, 2010 से अब तक एक भी अवसर ऐसा नहीं आया जब कि इसमें प्रत्येक देश ने राष्ट्राध्यक्ष या शासनाध्यक्ष स्तर पर भाग लिया हो।

जी-20

## जी-20 के भारत दौरे को लेकर 'बेहद उत्साहित' हैं बाइडेन



**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडेन जी20 नेताओं की बैठक के लिए भारत आने को लेकर उत्साहित हैं। रणनीतिक संचार के लिए अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के समन्वयक जॉन किर्बी ने जेक सुलिवन ने बुधवार को यात्रा का पूर्वावलोकन करते हुए संवाददाताओं से कहा, बाइडेन गुरुवार को नई दिल्ली पहुंचेंगे और शुक्रवार शाम को अपने मेजबान प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं को यह जानकारी दी।

## जी-20 में सकारात्मक भूमिका अदा कर रहा है चीन

**बीजिंग।** जी20 नेताओं का 18वां शिखर सम्मेलन 9 से 10 सितंबर को भारत में आयोजित होगा। हाल ही में जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के चीन और दक्षिण पूर्व एशिया अध्ययन केंद्र के निदेशक बीआर. दीपक ने दिल्ली में सीएमजी के संवाददाता को इंटरव्यू देते हुए कहा कि विश्व में सबसे बड़े विकासशील देश के रूप में चीन लगातार जी20 का एक अहम सदस्य है और महत्वपूर्ण व सकारात्मक भूमिका अदा करता है। चाहे वह वैश्विक विकास और सहयोग को बढ़ावा देना हो, या विश्व शासन को बदलना और जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करना हो, चीन का प्रदर्शन उल्लेखनीय है।

## इमरान के वकील ने अटक जेल के बारे में आईएचसी को जानकारी दी

■ अटक जेल की भयावह स्थिति के बारे में शिकायत की



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के कानूनी सलाहकार शेर अफजल मारवत ने बुधवार को अटक जेल की भयावह स्थिति के बारे में शिकायत की। इस जेल में पूर्व प्रधानमंत्री को रखा जा रहा है। मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गयी है। श्री मारवत ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) में अडियाला जेल में स्थानांतरण से संबंधित अपने मुवक्किल की याचिका की सुनवाई के दौरान सुविधा की निम्न स्थितियों पर आपत्ति जताते हुए दावा किया कि जहां पीटीआई अध्यक्ष को रखा गया है, वहां कीड़ों का संक्रमण है। जियो न्यूज के अनुसार, उन्होंने यह भी साझा किया कि पूर्व प्रधानमंत्री सो नहीं पा रहे हैं क्योंकि जिस जगह पर इमरान खान को रखा गया है, वहां कोई छत नहीं है। वकील ने यह भी साझा किया कि अटक जेल में बी-श्रेणी की सुविधा का पूरी तरह अभाव है। श्री मारवत ने सुरक्षा चिंताओं के कारण इमरान खान को अटक जेल में रखे जाने के अधिकारियों के कथन का खंडन करते हुए कहा कि हर कोई जानता है कि अडियाला अटक जेल से अधिक सुरक्षित है।

उन्होंने अदालत से पूर्व प्रधानमंत्री को रावलपिंडी में स्थानांतरित करने का आग्रह करते हुए कहा, %उनके लिए बी-श्रेणी की सुविधा उपलब्ध कराना और उन्हें अडियाला में स्थानांतरित करना हमारा अधिकार है। पूर्व प्रधानमंत्री को पिछले महीने तोशाखाना मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद पांच साल जेल की सजा सुनाई गई थी। आईएचसी के 02 सितंबर को पीटीआई अध्यक्ष की सजा को निलंबित करने के फैसले के बावजूद, पूर्व प्रधानमंत्री अभी भी सलाखों के पीछे हैं।

## आज का इतिहास

1449- टुमु के किले की लड़ाई में मंगोलियाई सेनाओं ने चीन के सम्राट को बंधक बनाया।
1553- ब्रिटेन के लिचफिल्ड शहर की स्थापना।
1776- अमेरिकी संसद कांग्रेस ने देश का नाम यूनाइटेड कॉलोनीज से बदल कर आधिकारिक रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका किया।
1791- अमेरिका की राजधानी का नाम राष्ट्रपति जॉर्ज वाशिंगटन के नाम पर वाशिंगटन रखा गया।
1828- रूसी उपन्यासकार लियो टॉल्सटॉय का जन्म।
1850- कैलीफोर्निया अमेरिका का 31वां राज्य बना।
1850- प्रसिद्ध हिन्दी लेखक और नाटककार भारतेन्दु हरिश्चंद्र का जन्म।
1909- फिल्म अभिनेत्री लीला चिटनिस का जन्म।
1920- अलीगढ़ का एंग्लो ओरिएंटल कॉलेज अलीगढ़ मुस्लिम विवि में रूपांतरित किया गया।
1945- प्रथम कंप्युटर बग की खोज हुई।

## सुडोकू 6311

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | 4 | | | 3 | | | 5 |
| | | 3 | 5 | | | 2 | 6 | |
| | | | | | 2 | 9 | 4 | |
| | | | 8 | 4 | 7 | | | |
| | 8 | 6 | 3 | | | | | |
| | 2 | 5 | | | 8 | 1 | | |
| 6 | | | 7 | | | 5 | | |
| 1 | | | | | | | | 6 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## सार संक्षेप

### यूपी में चार आईएएस अफसरों के तबादले

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में एक बार फिर प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। चार आईएएस अफसरों के तबादले कर दिए गए हैं। चार दिन पहले जिलाधिकारी मथुरा से सीईओ यूपीआरआरडीए भेजे गये 2011 बैच के आईएएस पुलकित खरे का तबादला ग्रेटर नोएडा में एसीईओ के पद पर किया गया है। वहीं आईएएस रवीश गुप्ता एआईजी स्टाम्प को सीईओ यूपीआरआरडीए बनाया गया है। आईएएस आंनद वर्धन एसीईओ ग्रेडर नोयडा को गोरखपुर विकास प्राधिकरण का वीसी नियुक्त किया गया है। आईएएस रमेश रंजन को विशेष सचिव गन्ना एवं चीनी को निदेशक कौशल विकास बनाया गया है।

### भुवनेश्वर में करीब ढाई किलो तस्करी के सोने के साथ शख्स गिरफ्तार

नई दिल्ली। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने भुवनेश्वर में छापेमारी के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और बिस्कुट और बार के रूप में 2.465 किलोग्राम विदेशी-चिह्नित तस्करी का सोना बरामद किया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर भुवनेश्वर में कई जगहों पर छापेमारी की गई। अधिकारी ने कहा, 'जांच से पता चला कि सोना अवैध रूप से देश में तस्करी कर लाया गया था। इसे जब्त कर लिया गया है और सीमा शुल्क अधिनियम के प्रावधानों के तहत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।' आरोपी को एक स्थानीय अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने उसे चौदह दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उससे आगे की पूछताछ होगी। मामले की जांच जारी है।

### राजकोट में दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में पांच की मौत

राजकोट (गुजरात)। गुजरात के राजकोट शहर के पास दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई टक्कर में कम से कम पांच लोगों की जान चली गई। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। दुर्घटना बुधवार रात सरदार-भूपगढ़ रोड पर हुई। अजीदम थाना प्रभारी एसआई ए.जे. परमार द्वारा प्रारंभिक जांच निष्कर्षों के अनुसार एक मोटर साइकिल चालक के लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण यह हादसा हुआ। पीड़ितों की पहचान दिलीप भूरिया (25), अर्जुन मेड़ा (18), दिनेश राठौड़ (30), देवगन मकवाना, (22) और राजेश राठौड़ (22) के रूप में हुई है। सभी राजकोट जिले के साजादियाली गांव के निवासी हैं। भूरिया, मेड़ा और दिनेश किराने की खरीदारी के लिए मोटरसाइकिल पर सरदार गांव जा रहे थे, जबकि मकवाना और राजेश अपने दोपहिया वाहन पर सरदार से भूपगढ़ जा रहे थे।

## उत्तर कोरिया का दौरा करेगा चीनी प्रतिनिधिमंडल

■ देश की 75वीं वर्षगांठ बना रहा कोरिया

**प्योंगयांग।** चीन के उप प्रधानमंत्री लियू गुओझोंग के नेतृत्व में एक चीनी प्रतिनिधिमंडल उत्तर कोरिया के स्थापना दिवस की 75वीं वर्षगांठ समारोह में शामिल होने के लिए यहां का दौरा करेगा। उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए ने गुरुवार को यह जानकारी दी । रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्कर्स पार्टी की केंद्रीय समिति और उत्तर कोरिया सरकार के निमंत्रण पर चीनी प्रतिनिधिमंडल देश का दौरा करेगा। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने उप प्रधानमंत्री की यात्रा की पुष्टि की। प्रवक्ता ने कहा, वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया और डीपीआरके सरकार के निमंत्रण पर, आठ सितंबर से सीपीसी केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य और राज्य परिषद के उप प्रधान मंत्री लियू गुओझोंग डीपीआरके में एक पार्टी और सरकारी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। प्योंगयांग नौ सितंबर को देश के स्थापना दिवस की 75वीं वर्षगांठ मनाएगा।

सूडान में वकीलों के समूह ने कहा

## ओमडुरमैन में तोपखाने के हमले में 32 नागरिक मारे गए



**खार्तूम।** सूडान में आपातकालीन वकीलों के कानूनी समूह ने बुधवार को कहा है कि राजधानी के ओमडुरमन शहर में सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) द्वारा तोपखाने से शुरु की गोलाबारी में 32 नागरिक मारे गए। गैर-सरकारी सिंडिकेट ने बताया कि मंगलवार को ओमडुरमैन के ओमबाडा इलाके में एसएएफ तोपखाने से किये हमलों में बच्चों सहित नागरिक मारे गए हैं। समूह ने एक बयान में कहा कि हमलों में दर्जनों लोग घायल हो गए और कई घर ध्वस्त हो गए। बयान कहा गया है कि नागरिक आबादी वाले क्षेत्रों में भारी और हल्के तोपखाने का उपयोग एक युद्ध अपराध है और यह दोनों संघर्षरत पक्षों द्वारा नागरिकों के जीवन के प्रति उपेक्षा को दर्शाता है। एसएएफ ने अभी तक घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बुधवार को एसएएफ और अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के बीच मुख्य रूप से पश्चिम ओमडुरमन में ओमबाडा पड़ोस और शहर के दक्षिण-पश्चिम में इंजीनियर्स कोर बेस के आसपास हिंसक झड़पें हुईं।

## सूडान सेना प्रमुख का अर्धसैनिक समूह को भंग करने का आदेश

**खार्तूम।** सूडान के सेना के प्रमुख और सूडान की परिवर्ती संप्रभुता परिषद के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल अब्देल फतह बुरहान ने एक संवैधानिक आदेश जारी कर रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) अर्धसैनिक समूह की स्थापना करने वाले कानून को निप्रभावी कर दिया। अप्रैल में सूडानी सेना और आरएसएफ के बीच संघर्ष की शुरुआत में बुरहान ने अर्धसैनिक समूह को भंग करने का फरमान जारी किया था। सूडानी सेना और आरएसएफ अर्धसैनिक बल के बीच अप्रैल में हिंसक झड़प हुई।

## चीन में भारी बारिश के मद्देनजर येलो अलर्ट जारी



**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने देश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का अनुमान व्यक्त करते हुए गुरुवार सुबह येलो अलर्ट जारी किया हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार गुरुवार सुबह आठ बजे से शुक्रवार सुबह आठ बजे तक जियांग्शी, फुज़ियान, गुआंग्डोंग, हुनान, गुआंग्शी, हैनान और ताइवान द्वीप के कुछ हिस्सों में तूफान और भारी बारिश होने के आसार है। केंद्र ने स्थानीय सरकारों को भारी बारिश से प्रभावित सड़क पर उचित यातायात नियंत्रण लागू करने और जलजमाव वाले खंडों पर यातायात का मार्गदर्शन करने के लिए भारी बारिश और यातायात प्रबंधन अधिकारियों को तैयार करने की सलाह दी है। मौसम के मद्देनज़र जोखिम वाले अंदर और बाहरी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति को बंद करने और खतरनाक क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने का सुझाव दिया गया है। केंद्र के अनुसार, शहरों, खेत और मछली तालाबों की जल निकासी व्यवस्था की जांच करने और जल निकासी उपाय करना भी जरूरी है।

## ब्राजील में चक्रवात से मरने वालों की संख्या बढ़कर 39 हुई

ब्रासीलिया। ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल प्रांत में आए चक्रवात से मरने वालों की संख्या बढ़कर 36 हो गई है। ब्राजील के समाचार पोर्टल जी1 ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, प्रांत में चक्रवात सोमवार रात को आया। इस दौरान तूफानी हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश हुई। जिससे शहर के कई क्षेत्र बाढ़ की चपेट में आ गए। बाढ़ के कारण लगभग तीन हजार लोगों को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करना पड़ा। चक्रवात से ब्राजील के 66 शहर और कस्बे प्रभावित हुए हैं।

## मेक्सिको में अब गर्भपात अपराध नहीं

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के सुप्रीम कोर्ट ने मौजूदा प्रतिबंध को असंवैधानिक बताते हुए संघीय स्तर पर गर्भपात को अपराध की श्रेणी से बाहर करने का फैसला सुनाया है। मेक्सिको के सुप्रीम कोर्ट ने सोशल प्लेटफॉर्म'एक्स' पर एक पोस्ट में बुधवार को कहा, संघीय आपराधिक संहिता में गर्भपात को दंडित करने वाली कानूनी प्रणाली असंवैधानिक है क्योंकि यह महिलाओं के मानवाधिकारों का उल्लंघन करती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 2021 में गर्भपात का अपराधीकरण, जिसने गर्भपात की मांग करने वाली महिलाओं पर तीन साल तक की जेल और जुर्माना लगाया वह असंवैधानिक है। गौरतलब है कि मेक्सिको के 12 राज्यों ने पहले ही गर्भपात को अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया था। सबसे हालिया फैसला 30 अगस्त को अगुआस्कालिएंटेस राज्य में आया था।

## वर्ग पहेली 6311

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. समाज-विरोधी
४. किसी कार्य को पूर्ण करने के लिए मिलने वाली शासकीय सहायता राशि
६. पकड़ना, रोकना, संभालना
७. हुकूमत करने वाला, अधिकारी (उर्दू)
८. किसी फल आदि पकने के करीब होना
१०. अनाथ (उर्दू)
११. बांटने वाला
१३. वध करना, मारपीट करना
१४. किंतु
१५. चीरने वाला
१७. उपाधि, पदवी (उर्दू)
१९. पाठ, अनुच्छेद
२१. निशेघ
२२. बड़प्पन
२४. झुका हुआ सिर

**ऊपर से नीचे:-**

१. ठहाका, जोर की हँसी
२. अपमानित, बेइज्जत
३. किसी कहानी का प्रधान पात्र
४. अप्राप्ति, न आना
५. वृत्त, गोलाकार (उर्दू)
९. अमुचित, अनुपयुक्त (उर्दू)
११. संकट
१२. रखवाला
१३. मां का भाई
१४. सूर्यवंशी राजाओं की राजधानी
१५. असमानता, जटिलता
१६. नीरस
१८. शवाच्छादन (उर्दू)
१९. नीच, दुष्ट, पापी
२०. सेना का ब्यूह, एक काव्यालंकार
२३. सरोवर

## वर्ग पहेली-6310

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ रा | ज | २ न | यि | ३ क | ■ | ४ व | नो | ५ प | ज |
| ज | ■ | र | ■ | ६ म | का | न | ■ | तं | ■ |
| ७ धा | व | क | ■ | ला | ■ | ८ वा | रां | ग | ९ ना |
| नी | ■ | पा | ■ | १० स | मा | स | ■ | ■ | ट |
| ■ | ११ उ | ल | १२ झ | न | ■ | ■ | १३ मो | द | क |
| ■ | धा | ■ | र | ■ | १४ उ | त्को | च | ■ | का |
| १५ ह | र | १६ जा | ना | ■ | त्कं | ■ | १७ न | १८ ज | र |
| म | ■ | न | ■ | १९ प | ठा | २० र | ■ | रू | ■ |
| २१ रा | जी | व | ■ | ठि | ■ | २२ वै | शा | र | २३ द |
| ही | ■ | २४ र | वि | त | न | या | ■ | ■ | क्ष |

युसूफ कुरेशी, मो. 8109948408

मौसम

उच्च तापमान के कारण जंगल की आग जैसी घटनाएं हो रही

# पिछले 123 वर्षों में जुलाई 2023 पृथ्वी का सबसे गर्म महीना रहा

■ सार्वजनिक स्वास्थ्य, पर्यावरण और अर्थव्यवस्था पर बड़ा प्रभाव पड़ा

**जालंधर।** जुलाई 2023 विश्व स्तर पर सबसे गर्म महीनों में से एक रहा और उच्च तापमान के कारण गर्मी की लहरें, भारी वर्षा, सूखा और जंगल की आग जैसी चरम मौसम की घटनाएं हो रही हैं। ये तापमान उत्तरी अमेरिका, एशिया और यूरोप के बड़े हिस्से में गर्मी की लहरों से जुड़े हैं, जिससे कनाडा और यूनान सहित देशों में जंगल की आग लग गई है, साथ ही सार्वजनिक स्वास्थ्य, पर्यावरण और अर्थव्यवस्था पर बड़ा प्रभाव पड़ा है।पृथ्वी अभी-अभी रिकॉर्ड की गई सबसे गर्म जुलाई महीने में रही।

नासा द्वारा जुलाई 2023 को 1880 के बाद से वैश्विक तापमान रिकॉर्ड में सबसे गर्म महीना माना जाता है। जुलाई में औसत वैश्विक सतह का तापमान औसत से 2.02 डिग्री फ़ारेनहाइट (1.12 डिग्री सेल्सियस) अधिक था, क्योंकि जुलाई मौसमी रूप से वर्ष का सबसे गर्म महीना होता है। प्राचीन तलछटों और बर्फ की चादरों के साथ-साथ अन्य पुराजलवायु रिकॉर्डों में पाए गए पिछले तापमान के सबूतों के आधार पर, संपूर्ण पृथ्वी जुलाई 2023 को रिकॉर्ड रखे जाने के बाद से पृथ्वी पर सबसे गर्म महीना बनाती है। और संभवत: 120 वर्षों में सबसे गर्म महीना जुलाई 2023 पहली बार था जब जुलाई का औसत तापमान दीर्घकालिक औसत से 1.8 डिग्री फ़ारेनहाइट (1.0 डिग्री सेल्सियस)




अधिक हो गया। जुलाई 2023 का महीना 2021 में जुलाई के रिकॉर्ड की तुलना में 0.36 डिग्री फ़ारेनहाइट (0.20 डिग्री सेल्सियस) अधिक गर्म था। जुलाई 2023 लगातार 47वां जुलाई और 533वां महीना था , जब तापमान 20वीं सदी के औसत से ऊपर रहा। गुरु अर्जन देव इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज के महानिदेशक डॉ गुरशरण सिंह कैंथ ने बताया कि लीपज़िग विश्वविद्यालय के जलवायु वैज्ञानिक कार्स्टन हॉस्टीन के अनुसार, मई में विकसित अल नीनो भी वैश्विक तापमान बढ़ाता है, और जलवायु परिवर्तन के साथ इस जलवायु पैटर्न के संयोजन से यह संभावना बनती है कि इस वर्ष अधिक महीने रिकॉर्ड स्थापित करेंगे। समग्र रूप से यह वर्ष निश्चित रूप से रिकॉर्ड पर सबसे गर्म वर्ष के रूप में शुमार किया जाएगा। नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन के अनुसार, 2016 के बाद जून तक, यह रिकॉर्ड पर तीसरा सबसे गर्म वर्ष था। वैज्ञानिक तौर पर सामान्य नहीं है। चिंताजनक ग्लोबल वार्मिंग मुख्य रूप से मानव-जनित ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन से प्रेरित है और औसत तापमान में यह वृद्धि खतरनाक अत्यधिक गर्मी को बढ़ावा दे रही है जिसका लोग यहां घर और दुनिया भर में अनुभव कर रहे हैं।

# खेल जगत

**सेरेना विलियम्स एक महान खिलाड़ी हैं जिनसे मैं अपनी तुलना नहीं कर सकती : कोको गॉफ**

**न्यूयॉर्क,** 8 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी टेनिस स्टार कोको गॉफ ने कहा कि वो कभी भी अपनी तुलना सेरेना विलियम्स से नहीं करना चाहेंगी क्योंकि सेरेना एक महान खिलाड़ी हैं। गॉफ ने ईएसपीएन से बात करते हुए कहा कि सेरेना सर्वकालिक महान खिलाड़ी हैं और उन्हें अपने जीवन में एकमात्र अफसोस सेरेना विलियम्स के खिलाफ नहीं खेलने का है। कोको गॉफ ने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैंने अमेरिकी टेनिस को आगे बढ़ाया है। हमारे बहुत सारे हमवतन हैं जो अच्छा कर रहे हैं। सेरेना सेरेना है। मुझे उम्मीद है कि उन्होंने जो किया उसका आधा हिस्सा भी मैं कर सकूंगी। लेकिन मैं उनसे अपनी तुलना कभी नहीं करना चाहूंगी। वह ऐसी खिलाड़ी हैं जिनका मैं सम्मान करती हूं और उन्हें फॉलो करती हूं। उनके जैसा ही स्टेट लाइन में होना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। वह मेरी आदर्श हैं। जीवन भर मुझे एक ही अफसोस रहेगा कि मैं उनके साथ नहीं खेल पाऊंगी।



## पाकिस्तान के खिलाफ सुपर-4 मैच से पहले बुमराह टीम इंडिया में शामिल : रिपोर्ट

**कोलंबो**। भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले एशिया कप सुपर 4 मुकाबले से पहले भारतीय टीम में फिर से शामिल हो गए हैं। ग्रुप स्टेज में भारत और पाकिस्तान का मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था लेकिन अब एक बार फिर क्रिकेट फैंस इस महा-मुकाबले का लुत्फ उठाने के लिए तैयार हैं, क्योंकि 10 सितंबर को सुपर-4 में यह दोनों टीमें आमने-सामने होने वाली है।

इस बीच भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए एक और अच्छी खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि जसप्रीत बुमराह, जो अपने बच्चे के जन्म के लिए देश वापस लौट आए थे, एक बार फिर श्रीलंका में टीम के साथ जुड़ गए हैं। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, बुमराह शुक्रवार शाम को आर.प्रेमदासा स्टेडियम में प्रैक्टिस सेशन के लिए टीम से जुड़ेंगे। खराब मौसम की आशंका के कारण भारतीय टीम को इंडोर प्रैक्टिस सेशन करना पड़ सकता है, जैसा कि उन्होंने गुरुवार को किया था।

रिपोर्ट में बताया गया है कि शुक्रवार सुबह से कोलंबो में बारिश नहीं हुई है, जिससे शाम के प्रैक्टिस सेशन के सफल होने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। बुमराह की वापसी ऐसे समय में हुई है जब 10 सितंबर को होने वाले भारत-पाकिस्तान सुपर 4 मुकाबले को रिजर्व डे दिया गया है। इस तेज गेंदबाज ने अभी तक वनडे मैच में गेंदबाजी नहीं की है, क्योंकि पिछले हफ्ते भारत-पाकिस्तान लीग मैच का दूसरा भाग बारिश के कारण रद्द हो गया था। आखिरी बार बुमराह ने वनडे में अपने पूरे दस ओवर का कोटा जुलाई 2022 में लॉर्ड्स में फेंका था।




रिपोर्ट में कहा गया है, कोलंबो में भारी वर्षा होने की उम्मीद है, जिसमें रविवार को बारिश की 90 प्रतिशत संभावना भी शामिल है। यही कारण है कि भारत-पाक मैच के लिए एसीसी ने रिजर्व डे रखने का निर्णय लिया। रविवार और संभवतः सोमवार के बाद भी भारत-पाकिस्तान मैच, यदि रिजर्व डे में जाता है। तो भारत 12 सितंबर को उसी स्थान पर श्रीलंका और 15 सितंबर को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा।

### भारत-पाकिस्तान सुपर 4 मैच में बारिश से निपटने के लिए होगा रिजर्व डे

**कोलंबो।** एशिया कप में भारत-पाकिस्तान के सुपर-4 चरण का 10 सितंबर को कोलंबो में होने वाला बहुप्रतीक्षित मैच यदि बारिश से प्रभावित होता है तो उसके लिए एक रिजर्व डे होगा। 10 सितंबर को कोलंबो के आर. प्रेमदासा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले पाकिस्तान बनाम भारत के एशिया कप सुपर 4 मैच के लिए एक रिजर्व डे रखा गया है। अगर खराब मौसम के कारण पाकिस्तान बनाम भारत मैच के दौरान खेल रुक जाता है, तो मैच 11 सितंबर 2023 को वहीं से जारी रहेगा जहां से इसे निलंबित किया गया था। ऐसी स्थिति में टिकट धारकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने मैच टिकट अपने पास रखें जो रिजर्व डे पर भी मान्य रहेंगे। इसका मतलब है कि अगर भारत-पाकिस्तान मैच 11 सितंबर तक खिंचता है, तो रोहित शर्मा एंड कंपनी लगातार तीन दिनों तक खेलेगी, क्योंकि उन्हें 12 सितंबर को उसी स्थान पर श्रीलंका का सामना करना है। दिलचस्प बात यह है कि प्रतियोगिता के बाकी सुपर फोर मैचों के लिए रिजर्व डे रखने के बारे में कोई जानकारी नहीं है, जिसमें 15 सितंबर को बांग्लादेश के खिलाफ टूर्नामेंट के इस चरण में भारत का आखिरी गेम भी शामिल है।

## आईपीएल ट्रॉफी जीतने पर शिवम दुबे ने कहा, जडेजा और मुझे विश्वास था कि हम जीतेंगे

**नई दिल्ली**। भारत के ऑलराउंडर खिलाड़ी शिवम दुबे ने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल 2023 फाइनल के आखिरी ओवर के दौरान क्रीज पर रहने के अपने समय को याद करते हुए कहा कि उन्हें और रवींद्र जडेजा को पूरा विश्वास था कि जीत उनकी होगी। चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटन्स के बीच खेला गया आईपीएल 2023 का फाइनल मुकाबला टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे रोमांचक फाइनल मुकाबला था। अहमदाबाद में खेले गए इस मुकाबले में पहले बारिश ने बाधा डाला। इसके बाद मैच रिजर्व डे के लिए स्थगित हुआ। हालांकि, रिजर्व डे के दिन भी बारिश ने दोनों टीमों को खूब परेशान किया। हालांकि, देर से ही सही लेकिन मैच का आगाज हुआ और नतीजा भी निकला। इस मैच का सबसे रोमांचक पल तब आया जब मैच की आखिरी दो गेंदों पर जडेजा ने मोहित शर्मा पर छक्का और चौका लगाकर चेन्नई को चैंपियन बनाया और गुजरात टाइटंस के हाथों से ट्रॉफी छीन ली।

इस जीत को याद करते हुए शिवम ने कहा, आखिरी ओवर में हमें 13 रन चाहिए थे और क्रीज पर हम (जडेजा) दोनों थे। मुझे और जड्डू भाई को विश्वास था कि हम जीतेंगे। उस विश्वास ने हमें आगे बढ़ाया। हमें इस बात की चिंता नहीं थी कि किसने हिट किया और कौन विजयी रन बनाएगा। उन्होंने आगे कहा, मोहित भाई ने पहली गेंद पर शानदार यॉर्कर फेंकी। हालांकि मैंने उन पर दबाव बनाने के लिए एक बड़े शॉट की योजना बनाई थी लेकिन ऐसा हुआ नहीं। उन्होंने शुरुआत की चार गेंदें अच्छी फेंकी और हमें मात्र 3 रन मिले। अब, 2 गेंदों में 10 रनों की जरूरत थी। लेकिन फिर भी हम दोनों ने हार नहीं मानी और हमें विश्वास था कि हम यह कर सकते हैं।




दुबे ने जियोसिनेमा के दैनिक स्पोर्ट्स शो आकाशवाणी पर कहा, पांचवीं गेंद पर जड्डू ने छक्का जड़ा, जिससे खेल पूरी तरह से बदल गया। आईपीएल में आप खिलाड़ियों को 3 या 4 रन दौड़ते हुए नहीं देखेंगे, खासकर इतने बड़े मैदान पर लेकिन हम इसके लिए तैयार थे क्योंकि 3 रन से सुपर ओवर हो सकता है। इसलिए, मैंने खुद को तैयार रखा और जैसे ही मौका आया मैं जितनी तेजी से दौड़ सकता था दौड़ा, बिना यह जाने कि गेंद पहले ही बाउंड्री के लिए जा चुकी है! दुबे के लिए आईपीएल 2023 में चेन्नई के लिए मध्य-क्रम हिटर के रूप में एक अच्छा सीजन रहा। 14 पारियों में 158.33 की स्ट्राइक-रेट से उन्होंने 418 रन बनाए। स्पिनरों के खिलाफ हिटिंग में वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर थे और उन्होंने 176.47 की स्ट्राइक रेट से 22 छक्के लगाए। आईपीएल में उनके शानदार प्रदर्शन को ध्यान में रखकर दुबे की आयरलैंड में टी20 श्रृंखला के दौरान टीम में वापसी हुई, जहां उन्होंने मालाहाइड में दूसरे गेम में नाबाद 22 रन बनाए। दुबे को 28 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चीन के हांगझाऊ में होने वाले पुरुष टी20 इवेंट के लिए भारत की एशियाई खेलों की टीम में भी शामिल किया गया है।

## दक्षिण अफ्रीका सफेद गेंद श्रृंखला के लिए बांग्लादेश, श्रीलंका की महिला टीमों की मेजबानी करेगा

**जोहान्सबर्ग**। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने घोषणा की है कि उसकी महिला टीम 2023-24 सीज़न में महिलाओं की सफेद गेंद श्रृंखला के लिए बांग्लादेश और श्रीलंका की मेजबानी करेगी। जहां बांग्लादेश 3-23 दिसंबर तक दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा, वहीं श्रीलंका 27 मार्च से 17 अप्रैल, 2024 तक देश का दौरा करने वाला है। दक्षिण अफ्रीका इस समय पाकिस्तान के सफेद गेंद दौरे पर है और बांग्लादेश और श्रीलंका से भिड़ने से पहले घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगा। दक्षिण अफ्रीका 3, 6 और 8 दिसंबर को तीन मैचों की टी20 सीरीज में बांग्लादेश से भिड़ेगा। इसके बाद 16-23 दिसंबर तक दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज होगी और यह आईसीसी महिला चैंपियनशिप 2022-25 (आईडब्ल्यूसी) का हिस्सा है, जो 2025 महिला वनडे विश्व कप क्वालीफिकेशन के लिए अंक प्रदान करता है। बांग्लादेश दौरे के आयोजन स्थल चार शहरों में होंगेः बेनोनी, किम्बरली, पूर्वी लंदन और पोचेफस्ट्रूम। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका 2023-24 सीज़न के अंत में श्रीलंका का स्वागत करेगा। इसमें 27 मार्च से 3 अप्रैल तक बेनोनी, पोचेफस्ट्रूम और ईस्ट लंदन द्वारा आयोजित होने वाले तीन टी20 शामिल हैं, इससे बाद 9-17 अप्रैल तक ईस्ट लंदन, किम्बरली और पोचेफस्ट्रूम में तीन वनडे मैच होंगे। सीएसए ने कहा कि दोनों दौरों में संबंधित आईडब्ल्यूसी वन-डे से पहले 50 ओवर का अभ्यास मैच होगा, जिसमें दक्षिण अफ्रीका एकादश अपने बांग्लादेशी और श्रीलंकाई समकक्षों से भिड़ेगी।

## नितिन मेनन 13 वें वन डे विश्व कप 2023 में भारत के अकेले अंपायर और श्रीनाथ मैच रेफरी

नई दिल्ली। नितिन मेनन भारत में होने वाले 13 वें आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 में मेजबान देश के अकेले अंपायर होंगे जबकि जवागल श्रीनाथ अकेले मैच रेफरी होंगे।आईसीसी ने विश्व कप के 16 अंपायरों और चार मैच रेफरियों सहित लीग दौर के शुक्रवार को दुबई में 20 अधिकारियों की घोषणा की।

आईसीसी द्वारा विश्व कप के 13 वें संस्करण में 16 अंपायरों मैचों में अपांयर की भूमिका निभाएंगे इनमें आईसीसी के इलीट पैनल के 12 और चर आईसीसी इमर्जिंग अंपायर पैनल हैं। विश्व कप मैचों के लिए चुने गए ये अंपायर हैंः क्रिस ब्राउन, कुमार धर्मसेना, मराइस इरासमस, क्रिस गैफानी, माइकल गॉफ, एड्रियन हॉल्डस्टॉक,रिचर्ड इलिंगवर्थ, रिचर्ड कैटलबोरो,




- आईसीसी ने वन डे विश्व कप के लिए 16 अंपायर और चार मैच रेफरी घोषित किए
- इंग्लैंड-न्यूजीलैंड उदघाटन मैच मेनन व धर्मसेना अंपायर, श्रीनाथ मैच रेफरी

नितिन मेनन, अहसान रजा, पॉल राइफल,शरफुद्दोला इब्ने शाहिद, रॉड टकर,अलेक्स वॉर्फ, जोइल विल्सन , पॉल राइफल। आईसीसी वन डे विश्व कप के 2019 के लॉडर्स में खेले गए फाइनल में अलीम दार को छोड़ कर तीन - कुमरार धर्मसेना, इरासमस रॉड टकर ऐसे हैं जो इस बार 13 वें संस्करण के लिए बतौर अंपायर चुने गए हैं। आईसीसी इलीट पैनल के 2023 के विश्व कप के लिए चुने गए मैच रेफरी है, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट जेफ क्रो (न्यूजीलैंड), , एंडी पायक्रॉफ्ट (जिम्बाब्वे), रिची रिचर्डसन (वेस्ट इंडीज) व जवागल श्रीनाथ (भारत)। भारत के जवागल श्रीनाथ पिछले वन डे विश्व के फाइनल में पहुंचने वाली और मौजूदा संस्करण के 5 अक्टूबर को अहमदाबाद में खेले जाने वाले उदघाटन मैच में आमने सामने होने वाली इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के मैच में मैच रेफरी का जिम्मा संभालेंगे। इसी उदघाटन मैच में भारत के नितिन मेनन और श्रीलंका के कुमार धर्मसेना अंपायरिंग का जिम्मा संभालेंगे जबकि पॉल विल्सन टीवी अंपायर सैकत चौथे अंपायर होंगे।

## आईसीसी ने की पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए मैच अधिकारियों की घोषणा

**दुबई**। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत में होने वाले पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लीग दौर के लिए 20 मैच अधिकारियों की घोषणा की है। टूर्नामेंट के 13वें संस्करण में सोलह अंपायर अंपायरिंग करेंगे, जिसमें आईसीसी के एमिरेट्स एलीट पैनल के सभी 12 अंपायर और आईसीसी इमर्जिंग अंपायर पैनल के चार सदस्य शामिल हैं। जिनमें क्रिस ब्राउन, कुमार धर्मसेना, मराइस इरास्मस, क्रिस गैफनी, माइकल गफ, एड्रियन होल्डस्टॉक, रिचर्ड इलिंगवर्थ, रिचर्ड केटलबोरो, नितिन मेनन, अहसान रज़ा, पॉल रिफ़ेल, शरफुद्दौला इब्ने शैद, रॉड टकर, एलेक्स व्हार्फ, जोएल विल्सन और पॉल विल्सन के नाम हैं।

अनुभवी अंपायरों की सूची में लॉर्ड्स में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2019




फाइनल के लिए नियुक्त किए गए चार अंपायरों में से तीन - धर्मसेना, इरास्मस और टकर शामिल हैं। इसमें केवल अलीम डार का नाम नहीं है, जिन्होंने इस साल मार्च में एलीट पैनल से इस्तीफा दे दिया था। मैच रेफरी के एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल का प्रतिनिधित्व इस कार्यक्रम में पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों, जेफ क्रो, एंडी पाइक्रॉफ्ट, रिची रिचर्डसन और जवागल श्रीनाथ की एक चौकड़ी द्वारा किया जाता है। श्रीनाथ पांच अक्टूबर को अहमदाबाद में आखिरी प्रतियोगिता के फाइनलिस्ट इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच की जिम्मेदारी संभालेंगे। मेनन और धर्मसेना स्थायी अंपायर होंगे, पॉल विल्सन टीवी अंपायर होंगे और सैकत चौथे अंपायर की भूमिका निभाएंगे। संपूर्ण लीग खंड के लिए अधिकारियों को नामित किया गया है, साथ ही टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और फाइनल के चयन की घोषणा भी उचित समय पर की जाएगी। आईसीसी के महाप्रबंधक वसीम खान ने आईसीसी की प्रेस विज्ञप्ति में कहा, इतने बड़े आयोजन करने के लिए आपको हर क्षेत्र पर अपना जबरदस्त प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों की आवश्यकता होती है।

## ऑस्ट्रेलिया से हारने के बावजूद तेम्बा बावुमा ने अपनी टीम का बढ़ाया हौसला

**ब्लोमफोंटेन**। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के शुरुआती मैच में 142 गेंदों पर नाबाद 114 रन बनाए। हालांकि, ये पारी टीम को जीत नहीं दिला पाई लेकिन कप्तान ने अपनी टीम से धैर्य बनाए रखने का अनुरोध किया। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया ने अपने नाम किया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत बेहद खराब रही लेकिन कप्तान ने अकेले ही मोर्चा संभाला और अपनी नाबाद शतकीय पारी के दम पर टीम का स्कोर 222 रन तक पहुंचाया। इस स्कोर को डिफेंड करते हुए दक्षिण



अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को बैकफुट पर धकेल दिया। मेहमान टीम ने 113 रन पर 7 विकेट खो दिए थे, लेकिन कन्कशन सब्स्टीट्यूट मार्नस लाबुशेन (नाबाद 80*) और एश्टन एगर (48*) के बीच 112 रन की नाबाद साझेदारी ने ऑस्ट्रेलिया को तीन विकेट से जीत दिला दी।

ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने बावुमा के हवाले से कहा, यदि आपकी टीम जीत के करीब है तो आप उम्मीद करते हैं कि आप जीत के साथ ही मैदान से बाहर आएं। हालांकि, हम हार नहीं मानेंगे। जब आपको ऑस्ट्रेलिया जैसी टीम के खिलाफ मौका दिया जाता है, तो आपको इस तरह के उलटफेर को स्वीकार करना होगा।

उन्होंने यह भी महसूस किया कि कुछ दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी पांच महीने से कोई अंतर्राष्ट्रीय मैच नहीं होने के बाद भी अपनी लय हासिल कर रहे हैं। हम बेहतर होंगे। हमारी टीम में कई विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं। हम उनसे ऐसी गलतियां दोहराने की उम्मीद नहीं करते हैं। बावुमा ने यह भी स्वीकार किया कि गेंदबाजी क्रम पहले दस ओवरों में ज्यादा प्रभाव नहीं डाल पाया ।

## सार संक्षेप

### यूरो 2024 क्वालीफायर में पोलैंड ने फरो आइलैंड्स को 2-0 से हराया

**वारसॉ।** पौलैंड की राजधानी वारसॉ में रॉबर्ट लेवांडोवस्की के दो गोल की मदद से मेजबान टीम (पोलैंड) ने यूईएफए (यूएफा) यूरो 2024 क्वालीफायर में फरो आइलैंड्स पर 2-0 से जीत दर्ज की है। फर्नांडो सैंटोस के खिलाड़ी सीटी बजने के बाद से दबाव में थे, लेकिन उन्हें मौके भुनाने में दिक्कतें आ रही थीं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार ब्रेक के आठ मिनट बाद लेवांडोवस्की ने छह गज के बॉक्स के दाईं ओर से हेडर मारा और उन्होंने 73वें मिनट में ओडमार फेरो के हैंडबॉल के बाद पेनल्टी को गोल में बदलकर पोलैंड को बढ़त दिला दी। मेजबान टीम ने गेम पर नियंत्रण कर लिया और लेवांडोव्स्की ने मैच खत्म होने से सात मिनट पहले पोस्ट के अंदर से एक और गोल दाग दिया और टीम को 2-0 से जीता दिया। पोलैंड ग्रुप ई में छह अंकों के साथ चेक गणराज्य और अल्बानिया के बाद तीसरे स्थान पर है। फ़रो आइलैंड्स ने अब तक केवल एक अंक अर्जित किया है। रविवार को पोलैंड का मुकाबला अल्बानिया से होगा, जबकि फरो आइलैंड्स का मुकाबला मोल्दोवा से होगा।

### सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम की घोषणा

नई दिल्ली। भारतीय अंडर-19 पुरुष फुटबाल टीम के मुख्य कोच शुवेंदु पांडा ने नेपाल के काठमांडू में 21-30 सितंबर तक खेले जाने वाले सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टीम शुक्रवार को सऊदी अरब में एक्सपोजर-कम-ट्रेनिंग के लिए रवाना हुई। भारतीय टीम 19 सितंबर को काठमांडू पहुंचेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के सूत्रों ने कहा कि चैंपियनशिप काठमांडू के दशरथ स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। ब्लू कोल्ट्स को ग्रुप बी में भूटान और बंगलादेश के साथ रखा गया है, जबकि मेजबान नेपाल, मालदीव और पाकिस्तान ग्रुप ए में हैं। एकल राउंड-रॉबिन ग्रुप चरण के बाद दोनों ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में भिड़ेंगी।

## एशियाई खेलों स्वर्ण जीतने की मुश्किल चुनौती के लिए हम हैं तैयार : गुरजंट

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली।** लंबे कद के स्ट्राइकर गुरजंट सिंह की प्रतिभा और हॉकी कौशल पर कभी कोई शक नहीं था। निरंतरता का अभाव के चलते वह बराबर भारत टीम से अंदर -बाहर होते रहे। गुरजंट को खुद को खुशकिस्मत मानना चाहिए नए चीफ कोच क्रेग फुल्टन ने उन्हें अनुभवी आकाशदीप सिंह, उनके चचेरे भाई सिमरनजीत सिंह और दिलप्रीत सिंह जैसे कहीं सधा हुआ प्रदर्शन करने वाले स्ट्राइकरों पर तरजीह देते हुए हांगजू(चीन) में होने वाले 19 एशियाई खेलों के लिए भारत की 18 सदस्यीय पुरुष हॉकी टीम में चुना। 28 बरस गुरजंट ने सीनियर भारतीय टीम के लिए अपने करियर का आगाज 2017 में किया लेकिन पिछले एशियाई खेलों में टीम में चोट के चलते जगह बनानशे से चूक गए थे।

**हर टीम का ध्यान बढिया हॉकी खेल अपनी योजना को अमली जामा पहनाने का होगा। हम जानते हैं क्या दांव पर है। हर टीम की पुरजोर कोशिश स्वर्ण पदक जीतने की होगी। एशियाई खेलों में स्वर्णजीतना बेशक मुश्किल चुनौती है लेकिन हम चुनौती के लिए तैयार हैं: गुरजंट**

अब गुरजंट की निगाहें भारत को हांगजू एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जिता सीधे पेरिस में 2024 के ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने पर लगी हैं।

गुरजंट 2016 में भारत को लखनउ में एफआईएच जूनियर हॉकी विश्व कप जिताने में अहम भूमिका निभा सुर्खियों में आए। फिर टोक्यो ओलंपिक में आठ बार के चैंपियन भारत को 41 बरस के लंबे अंतराल



के बाद कांसे के रूप में पहला जिताने , 2022-23 में एफआईएच प्रो लीग में तीसरा स्थान दिलाने तथा 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों में रजत तथा बीते महीने चेन्नै में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जिताने में गुरजंट ने अहम योगदान किया।

गुरजंट कहते हैं, 'हमारी टीम का ध्यान अच्छी हॉकी खेल अपनी योजना को अमली जामा पहनाने पर है। हमने बेशक हाल ही चेन्नै में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीती है लेकिन हम कुछ भी तय मान कर नहीं चल सकते। हर टीम का ध्यान बढ़िया हॉकी खेल अपनी योजना को अमली जामा पहनाने का होगा। हम जानते हैं क्या दांव पर है। हर टीम की पुरजोर कोशिश स्वर्ण पदक जीतने की होगी। एशियाई खेलों में स्वर्णजीतना बेशक मुश्किल चुनौती है लेकिन हम चुनौती के लिए तैयार हैं। मेरी निगाहें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर भारतीय टीम को उसके लक्ष्य तक पहुंचाने पर लगी हैं। एशियाई खेलों में मेरी जिम्मेदारी और ध्यान अचूक निशाने जमा गोल करने की होगी। मैंने बीते कुछ महीनों में अपने हॉकी कौशल को और बेहतर करने काफी मेहनत की।'

- निगाहें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर टीम को उसके लक्ष्य तक पहुंचाने पर
- एशियाई खेलों में मेरी जिम्मेदारी अचूक निशाने जमा गोल करने की

वह कहते हैं, मेरी भारत के लिए अब हाकी यात्रा शानदार रही। मुझे अपनी इस यात्रा में टीम के सभी साथियों का पूरा सहयोग मिला और इसके लिए मैं सभी का आभारी हूं। मैं अब बहुत समय से टीम का हिस्सा हूं। मैं बीते कुछ बरसों में बतौर खिलाड़ी बहुत कुछ सीखा है मेरी भारत के लिए अब हाकी यात्रा शानदार रही।

मुझे अपनी इस यात्रा में टीम के सभी साथियों का पूरा सहयोग मिला और इसके लिए मैं सभी का आभारी हूं। मैं अब बहुत समय से टीम का हिस्सा हूं। मैं बीते कुछ बरसों में बतौर खिलाड़ी बहुत कुछ सीखा है। मैं चोट के चलते पिछले एशियाई खेलों में शिरकत करने से चूक गया था। तब घर बैठ कर अपनी भारतीय टीम के लिए मैच देखना मेरे लिए खासा मुश्किल रहा था। मैं खुद बहुत फख्र महसूस कर रहा हूं और रोमांचित हूं कि मुझे अब पहली एशियाई खेलों में भारतीय हॉकी टीम का नुमाइंदगी का मौका मिल रहा है।'

### सुडोकू 6309 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 7 | 9 | 6 | 1 | 3 | 8 | 2 |
| 6 | 3 | 8 | 4 | 2 | 5 | 7 | 1 | 9 |
| 1 | 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 | 9 | 2 | 1 |
| 7 | 8 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 | 6 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 3 | 6 | 5 | 4 | 1 | 9 | 8 |
| 5 | 9 | 6 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 4 |
| 8 | 1 | 4 | 2 | 3 | 9 | 6 | 5 | 7 |

| SENSEX | BSE | 66598.91 ▲ 333.35 | NSE | 19819.95 ▲ 92.90 | MCX | Gold | 59085 ▲ 87 | silver | 72068 ▲ 298 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

## रुपया 24 पैसे की बढ़त के साथ 82.99 प्रति डॉलर पर पहुंचा

**नयी दिल्ली।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 24 पैसे की बढ़त के साथ 82.99 (अस्थायी) प्रति डॉलर के भाव पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजारों में तेजी के बीच रुपये की धारणा मजबूत हुई। विदेशी मुद्रा कोरोबारियों ने कहा कि रिजर्व बैंक के वृद्धिशील नकद आरक्षित अनुपात को सात अक्टूबर 2023 तक चरणबद्ध तरीके से बंद करने की घोषणा के बाद डॉलर के मुकाबले रुपये को मजबूती मिली। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.13 पर खुला।



## चीन के आईफोन बैन से दो दिनों में एप्पल का मार्केट कैप 200 अरब डॉलर गिरा

**नई दिल्ली।** मीडिया रिपोर्ट के अनुसार चीनी सरकारी कर्मचारियों पर आईफोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाए जाने की रिपोर्ट के बाद एप्पल के शेयरों में लगातार दूसरे दिन गिरावट आई है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, दो दिनों में कंपनी के शेयर बाजार मूल्यांकन में 6 प्रतिशत से अधिक या लगभग 200 बिलियन डॉलर की गिरावट आई है। चीन प्रौद्योगिकी दिग्गज का तीसरा सबसे बड़ा बाजार है, जिसका पिछले साल के कुल राजस्व में 18 प्रतिशत योगदान था। यह वह जगह भी है जहां एप्पल के अधिकांश उत्पाद उसके सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता फॉक्सकॉन द्वारा निर्मित किए जाते हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने बताया कि बीजिंग ने केंद्र सरकार की एजेंसी के अधिकारियों को आदेश दिया था कि वे कार्यालय में आईफोन न लाएं न ही काम के लिए उनका उपयोग करें। अगले दिन, खबरों के मुताबिक प्रतिबंध राज्य के स्वामित्व वाली कंपनियों और सरकार समर्थित एजेंसियों के श्रमिकों पर भी लगाया जा सकता है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ये रिपोर्टें आईफोन 15 के लॉन्च से पहले आई हैं, जो 12 सितंबर को होने की उम्मीद है। रिपोर्टों के जवाब में चीनी सरकार की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, एप्पल का शेयर बाजार मूल्यांकन दुनिया में सबसे अधिक करीब 2.8 ट्रिलियन डॉलर है।

# देश के 55 नए जिलों में सोने के आभूषणों की हॉलमार्किंग हुई अनिवार्य, तीसरा चरण 16 राज्यों को करेगा कवर



*नई दिल्ली। सोने के आभूषणों और कलाकृतियों की अनिवार्य हॉलमार्किंग का तीसरा चरण 16 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के 55 जिलों में लागू हो गया है। सरकार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।*

कीमती धातु की शुद्धता के प्रमाण के तौर पर हॉलमार्किंग 16 जून, 2021 तक स्वैच्छिक रूप से लागू थी। उसके बाद सरकार ने चरणबद्ध तरीके से सोने की हॉलमार्किंग को अनिवार्य रूप से लागू करने का निर्णय लिया।

**अब तक 343 जिलों में हॉलमार्किंग अनिवार्य** - वर्तमान में, देश के कुल 343 जिलों में हॉलमार्किंग को अनिवार्य किया जा चुका है। हॉलमार्किंग के पहले चरण की शुरुआत 23 जून, 2021 को हुई थी जिसमें 256 जिले शामिल थे। दूसरा चरण चार अप्रैल, 2022 को शुरू हुआ था जिसमें 32 अन्य जिलों को शामिल किया गया था। अब इसका तीसरा चरण शुरू हो गया है।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अनुसार, सोने के आभूषणों और सोने की कलाकृतियों की अनिवार्य हॉलमार्किंग के तीसरे चरण के कार्यान्वयन के लिए आठ सितंबर को आदेश अधिसूचित कर दिया गया। बयान के मुताबिक, सोने के गहनों की अनिवार्य हॉलमार्किंग का तीसरा चरण 16 राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश के 55 अतिरिक्त नए जिलों को कवर करेगा। इसके अंतर्गत बिहार में पूर्वी चंपारण सहित आठ जिलों के साथ आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश एवं महाराष्ट्र के पांच-पांच जिले और तेलंगाना के चार जिले शामिल किए गए हैं। इसके साथ हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, कर्नाटक और तमिलनाडु में तीन-तीन जिले जबकि असम, गुजरात, झारखंड, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में दो-दो जिले शामिल होंगे। राजस्थान के एक जिले जालोर में भी इसे लागू किया गया है। सोने की हॉलमार्किंग के लिए नोडल एजेंसी के रूप में कार्यरत भारतीय मानक ब्यूरो ने पिछले दो चरणों में इसे सफलतापूर्वक लागू किया है। हर दिन चार लाख से अधिक स्वर्ण उत्पादों को हॉलमार्क विशिष्ट पहचान के साथ हॉलमार्क किया जा रहा है। मंत्रालय ने कहा कि अनिवार्य हॉलमार्किंग लागू किए जाने के बाद से पंजीकृत आभूषण विक्रेताओं की संख्या 34,647 से बढ़कर 1,81,590 हो गई है, जबकि परख और हॉलमार्किंग केंद्र 945 से बढ़कर 1,471 हो गए हैं।

## भारतीय अध्यक्षता का उद्देश्य डिजिटल भुगतान के बुनियादी ढांचे में क्रांति लाना

**नई दिल्ली।** जी-20 के शेरपा अमिताभ कांत ने शुक्रवार को कहा कि भारत की जी-20 की अध्यक्षता का एक प्रमुख उद्देश्य डिजिटल भुगतान बुनियादी ढांचे में क्रांति लाना है, क्योंकि शुरुआत में बहुत कम लोग इसके बारे में जानते थे, लेकिन इसे बड़े पैमाने पर आगे बढ़ाया गया है। उन्होंने आगे कहा कि डिजिटल भुगतान बुनियादी ढांचे को वित्तीय समावेशन लाने के तरीके के रूप में व्यापक रूप से स्वीकार किया गया है। शिखर सम्मेलन से पहले संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांत ने कहा, जब भारत ने जी-20 की अध्यक्षता शुरू की थी, तब बहुत कम लोग डिजिटल भुगतान बुनियादी ढांचे और इसके ओपन सोर्स मॉडल के बारे में जानते थे। इसे फाइनेंस ट्रैक और शेरपा ट्रैक दोनों द्वारा बहुत कठोर तरीके से बड़े पैमाने पर आगे बढ़ाया गया है। डिजिटल भुगतान बुनियादी ढांचे को मोटे तौर पर स्वीकार किया गया है, वित्तीय समावेशन लाने का रास्ता। यह तेजी से भुगतान करने का तरीका है, यह भविष्य के नवाचार को चलाने का तरीका है। उन्होंने कहा, भारत की अध्यक्षता की एक प्रमुख उपलब्धि यह है कि इसने डिजिटल भुगतान के बुनियादी ढांचे में पूरी तरह से क्रांति ला दी है, जो एक अनूठा मॉडल है। इसकी परिभाषा, इसकी रूपरेखा और हम इसे कैसे आगे ले जाते हैं, यह सब भारत की जी-20 अध्यक्षता में चर्चा में आया है। उन्होंने यह भी कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन के अंत में नई दिल्ली में नेताओं की घोषणा वैश्विक दक्षिण की आवाज को प्रतिबिंबित करेगी।






## फरवरी तक रहेगा अलनीनो का असर

**नई दिल्ली।** अलनीनो की वजह से इस साल अगस्त के दौरान देश में मानसून की बरसात में भारी कमी आई है और अब आशंका जताई जा रही है कि बरसात पर अलनीनो का असर 6 महीने तक रह सकता है. अमेरिका की मौसम एजेंसी क्लाइमेट प्रिडिक्शन सेंटर (सीपीसी) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है अलनीनो का असर अगले साल फरवरी तक रह सकता है.ऐसा हुआ तो खरीफ के बाद रबी फसलों पर भी मौसम की मार पड़ सकती है. सीपीसी ने दिसंबर 2023 से लेकर फरवरी 2024 तक अलनीनो का असर बना रहने की संभावना को बढ़ाकर 95 फीसद कर दिया है.

**मानसून कमजोर**- अलनीनो की अवधि बढ़ने से इस बात के साफ संकेत मिलते हैं कि इस साल मानसून कमजोर है. भारतीय मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक जुलाई के दौरान मानसून की बरसात सामान्य से ज्यादा दर्ज की गई थी, जबकि अगस्त में बारिश 32 फीसद कम रही थी. आमतौर पर अलनीनो से एशिया में सूखा और शुष्क मौसम रहता है. समूचे एशिया से आ रही खबरों के मुताबिक मौसम संबंधी घटनाएं घटित होती दिखाई पड़ रही हैं.

# भारत के पास पर्याप्त चीनी, इस सत्र के दौरान हो सकता है 20-30 टन ज्यादा उत्पादन

*नई दिल्ली। भारत में चीनी उत्पादन की स्थिति इस साल कमजोर है। अधिकारियों का कहना है कि अगर निर्यात में कटौती की जाती है तो आगामी 2023-24 चीनी सत्र के दौरान घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए चीनी का पर्याप्त स्टॉक मौजूद होगा। उद्योगों से मिले फीडबैक और राज्यों के गन्ना आयुक्तों के साथ हुई बैठकों के आधार पर यह अनुमान लगाया गया है। इससे पता चलता है कि खपत 280 लाख टन रहने का अनुमान है, जबकि उत्पादन इस सत्र के दौरान इससे 20-30 टन ज्यादा होगा। चीनी सत्र अक्टूबर से शुरू होता है।*

एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा, 'महाराष्ट्र व कर्नाटक में गन्ने की खड़ी फसल की स्थिति को लेकर कुछ चिंता है, लेकिन पिछले कुछ दिनों से बारिश होने से स्थिति सुधरने में थोड़ी मदद मिल सकती है।'उन्होंने कहा कि 2022-23 चीनी सत्र के शेष महीनों में मिलों के पास 31 अगस्त तक करीब 83 लाख टन स्टॉक था। नया पेराई सत्र शुरू होने के पहले के 3 महीनों के लिए इतनी चीनी पर्याप्त है। भारत में चीनी की मासिक खपत करीब 20 से 25 लाख टन है, जो मांग पर निर्भर है। अधिकारी ने कहा कि केंद्र सरकार स्टॉक रखने की सीमा तय करने पर विचार कर रही है। यह 2016 के बाद पहली बार हो रहा है। इससे जमाखोरी रोकने और कीमत प्रभावित करने की स्थिति से बचा जा सकेगा। खुदरा कारोबारियों और थोक विक्रेताओं दोनों के लिए सीमा तय की जा सकती है और यह कवायद की जा सकती है कि रखा गया चीनी लोगों के पास तक पहुंचे।

## अल नीनो के कारण भारत में चीनी की कमी की आशंका नहीं-एनएफसीएसएफ

चीनी सहकारी संस्था एनएफसीएसएफ ने गुरुवार को अल नीनो के कारण देश में चीनी की कमी की संभावना संबंधी अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि वर्ष 2023-24 के सत्र में चीनी की घरेलू उपलब्धता प्रतिकूल होने की उम्मीद नहीं है। चीनी का मौसम अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। वर्ष 2023-24 का पेराई कार्य अभी शुरू नहीं हुआ है। नैशनल फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज लिमिटेड ने बयान में कहा कि अल नीनो जिसका मतलब समुद्र की सतह का गर्म होना है, महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में मानसून पर असर डाला है। एनएफसीएसएफ के प्रबंध निदेशक प्रकाश नाइकनवारे ने कहा, ''हालांकि, अन्य सभी गन्ना उत्पादक राज्यों यानी उत्तर प्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, बिहार, उत्तराखंड में सामान्य से अधिक बारिश हुई है, जिससे निश्चित रूप से खड़े गन्ने के विकास चरण में वजन और सुक्रोज तत्व को बढ़ाने में मदद मिली है।'' उन्होंने कहा कि 2023-24 सत्र के दौरान चीनी की संभावित गंभीर कमी के बारे में कुछ वर्गों में ''व्यापक अफवाह'' है। उन्होंने कहा, ''वस्तुस्थिति इस काल्पनिक अनुमान के विपरीत है।''कुछ राज्यों में अपेक्षित अधिक पैदावार का उदाहरण देते हुए, नाइकनवारे ने कहा कि कर्नाटक में शुद्ध चीनी उत्पादन, जिसके 35 लाख टन तक घटने की आशंका थी, वास्तव में 45 लाख टन से अधिक होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा गन्ना और चीनी उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश द्वारा अपने पिछले साल के शुद्ध चीनी उत्पादन से 10 लाख टन अधिक चीनी का उत्पादन करेगा। उन्होंने कहा, ''जहां तक महाराष्ट्र का सवाल है, अगस्त के लंबे समय तक सूखे के बाद सितंबर में मानसून फिर से सक्रिय हो गया है, जिससे खड़ी फसल के स्वास्थ्य और सुक्रोज सामग्री में सुधार करने में मदद मिलेगी।''




## महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 12000-13000, मीडियम बोल्ड 13000-14000, फाइन 14000-15000, एकस्ट्रा बोल्ड 14500-15000, चना दाल एवरेज 6300-6500 चना दाल मार्का 6600-6800, मसूर दाल एवरेज 7000-7200, मसूर दाल फाइन 7400-7500, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9000, उड़द धुली 9000-9500, फाइन 10000-11000, मूंग दाल छिलका 8500-9000, मूंग दाल फाइन 9000-9500, मूंगदाल धुली 9000-9500,फाइन 9500-10000।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3800-4000, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-4900 फाइन-5200-5400 दुबराज भाटापारा 5000-5500, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5500-5600, बासमती कनकी चालू 2500-2800, बासमती कनकी मीडियम 3200-3600, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-7500, बासमती 8000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4000-4200, फाइन 4400-4600, मुरमुरा-5000-5500, फाइन- 6800-7200, रु.।

## सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095

सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60500 चांदी टंच- 72550 चांदी रिफाइन -73800

## दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार- मो. 9425860998,9826307100

सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60500 चांदी टंच- 72550 चांदी रिफाइन -73800


## रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 82.94 |
| एक यूरो | 89.01 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 103.09 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53.08 |
| एक जापानी येन | 0.56 |


## परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 130 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 130 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-132 प्रति कि.
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 75 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160रु. किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070

भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 6000, 10 एम एम 5800,12 एम एम, 5 ]00 एवं 16 एम एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।


# बैंक ऑफ बड़ौदा ने ग्राहकों को दी बड़ी सुविधा,6000 एटीएम में यूपीआई का यूज कर निकाल सकेंगे कैश

*नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने कस्टमर्स को एक खास सुविधा उपलब्ध करा दी है। बैंक ने देश भर में 6000 एटीएम को यूपीआई एटीएम फैसिलिटी में अपग्रेड कर दिया है.*

इससे लोग बिना डेबिट कार्ड के एटीएम से कैश निकाल सकेंगे। यह नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के कॉर्डिनेशन से और एनसीआर कॉरपोरेशन द्वारा संचालित यूपीआई एटीएम लॉन्च करने वाला पहला सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है।

**टेक्नोलॉजी को समझें** - खबर के मुताबिक, बैंक के यूपीआई एटीएम को 5 से 7 सितंबर 2023 तक मुंबई में आयोजित ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2023 में शोकेस किया गया था। इंटरऑपरेबल कार्डलेस कैश विदड्रॉल टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए, जो एटीएम के जरिये कार्डलेस कैश विड्रॉल की सुविधा देता है, यूपीआई एटीएम क्यूआर आधारित कैश निकासी को सक्षम बनाता है, जिससे नकदी निकालने के लिए कार्ड ले जाने की जरूरत नहीं रह जाती है।



**भारत में एक शानदार डिजिटल चेंज** - बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यकारी निदेशक जॉयदीप दत्ता रॉय ने कहा कि हम भारत में एक शानदार डिजिटल चेंज देख रहे हैं, जिसमें हर वर्ग के लोग नई टेक्नोलॉजी को अपनाने के लिए उत्सुक हैं, जो बैंकिंग को और भी अधिक ईजी, इंस्टैंट और सेफ बनाती है। बैंक ऑफ बड़ौदा में, हम 6,000 से ज्यादा यूपीआई एटीएम के साथ लाइव होकर खुश हैं। यूपीआई एटीएम सुविधा लोगों के लिए बिना कार्ड के उपयोग के नकदी निकालने का एक सुविधाजनक और सुरक्षित तरीका है।

-एटीएम स्क्रीन पर यूपीआई कार्डलेस कैश विकल्प चुनें।

-नकद निकासी राशि चुनें।

-यूपीआई ऐप का उपयोग करके एटीएम स्क्रीन पर प्रदर्शित क्यूआर कोड को स्कैन करें।

-अगर कई बैंक खाते एक ही यूपीआई आईडी से जुड़े हैं, तो डेबिट किए जाने वाले बैंक खाते का चयन करें

-पीआई पिन का उपयोग करके लेनदेन की पुष्टि करें और नकदी कलेक्ट करें

यूपीआई एटीएम सुविधा का फायदा यह है कि ग्राहक यूपीआई से जुड़े कई खातों से नकदी निकाल सकते हैं। यूपीआई एटीएम नदेन भी तेज, सुविधाजनक और सुरक्षित हैं क्योंकि यह हर लेनदेन के लिए सिंगल यूज गतिशील क्यूआर कोड जेनरेट करता है और एक सुरक्षित बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित करता है।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस की गारंटीकृत

**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के गारंटीकृत बचत उत्पाद खंड (गारंटीड सेविंग्स प्रोडक्ट्स सेगमेंट) में वित्त वर्ष 2020 से वित्त वर्ष 2023 के बीच 158 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। विकास में यह तेजी स्पष्ट रूप से उन उत्पादों के प्रति ग्राहकों की प्राथमिकता को उजागर करती है, जो तयशुदा लाभ प्रदान करते हैं। शेयर बाजारों में बढ़ती अस्थिरता के कारण ग्राहकों की प्राथमिकता गारंटीशुदा लाभ देने वाले उत्पादों की ओर बढ़ी है। गारंटीकृत लाभ उत्पाद पूंजी की सुरक्षा प्रदान करते हैं और स्थिर रिटर्न प्रदान करते हैं। उत्पादों की यह श्रेणी वित्तीय स्थिरता और सेकेंडरी आय स्रोत बनाने का संभावित मार्ग प्रदान करती है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट विनोद एच ने कहा,हमने देखा है कि बहुत से उपभोक्ता आय का वैकल्पिक स्रोत बनाना चाह रहे हैं। हमारे कुछ ग्राहक-अनुकूल उत्पाद जैसे 'आईसीआईसीआई प्रू गारंटीड इनकम फॉर टुमॉरो', 'आईसीआईसीआई प्रूगोल्ड' और 'आईसीआईसीआई प्रू सुख समृद्धि' ग्राहकों को अपने दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्यों की योजना बनाने में सक्षम बनाते हैं। हमारे कुछ उत्पाद ग्राहकों को दूसरे पॉलिसी वर्ष से ही वैकल्पिक आय स्रोत बनाने का विकल्प भी प्रदान करते हैं। कुछ उत्पादों द्वारा पेश की जाने -वाली नवीन बचत वॉलेट सुविधा का उपयोग आय संचय करने के लिए किया जा सकता है जिसका उपयोग भविष्य के प्रीमियम का भुगतान करने या इसे एकमुश्त राशि के रूप में लेने के लिए किया जा सकता है। परिपक्वता लाभ जानने से ग्राहक अपने दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्यों के लिए बेहतर योजना बनाने में सक्षम होते हैं। विभिन्न ग्राहक वर्गों के लिए बीमा की आसान उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए, कंपनी ने एक 4डी ढांचा तैयार किया है। ढांचे में डेटा एनालिटिक्स, विविध प्रस्ताव, डिजिटलीकरण और साझेदारी में गहराई शामिल है। डेटा एनालिटिक्स अनुकूलित जीवन बीमा उत्पाद बनाने में मदद करता है, जबकि विविध प्रस्ताव उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार करते हैं। जिससे कंपनी ग्राहकों की एक विस्तृत श्रृंखला को पूरा करने में सक्षम होती है।

# रिजर्व बैंक ने वृद्धिशील सीआरआर को चरणबद्ध तरीके से वापस लेने का फैसला किया

*मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को वृद्धिशील नकद आरक्षित अनुपात (आई-सीआरआर) को वापस लेने का फैसला किया। इसे 2,000 रुपये के नोट चलन से हटाने की घोषणा के बाद अतिरिक्त नकदी में कटौती के लिए लागू किया गया था।*




आरबीआई ने एक बयान में आई-सीआरआर को चरणबद्ध ढंग से वापस लिए जाने की घोषणा करते हुए कहा कि इसकी शुरुआत शनिवार से हो जाएगी। रिजर्व बैंक ने 10 अगस्त को बैंकों को जारी निर्देश में कहा था कि 19 मई और 28 जुलाई के बीच वे 10 प्रतिशत वृद्धिशील नकद आरक्षित अनुपात (आई-सीआरआर) को बनाए रखें। इस कदम का मकसद बैंकिंग प्रणाली में 2,000 रुपये के नोटों की वापसी समेत विभिन्न कारकों से पैदा हुई अतिरिक्त नकदी को अवशोषित करना था।

केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा, समीक्षा के बाद आई-सीआरआर को चरणबद्ध तरीके से वापस लेने का निर्णय लिया गया है। आरबीआई ने कहा कि नकदी से संबंधित मौजूदा एवं उभरती हुई स्थितियों के आकलन के बाद यह फैसला किया गया कि आई-सीआरआर के तहत वित्तीय प्रणाली से ली गई नकदी को चरणबद्ध ढंग से जारी किया जाएगा। इस फैसले के पीछे यह वजह रही कि प्रणाली को अचानक नकदी के झटके का सामना न करना पड़े और मुद्रा बाजार व्यवस्थित ढंग से कार्य कर सके। आरबीआई ने कहा कि बैंकों के पास रखी गई आई-सीआरआर की 25 प्रतिशत राशि नौ सितंबर को और 25 प्रतिशत राशि 23 सितंबर को जारी की जाएगी। बाकी राशि सात अक्टूबर को जारी की जाएगी। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने आई-सीआरआर की घोषणा करते समय संकेत दिया था कि यह प्रावधान नकदी प्रबंधन के लिए एक अस्थायी उपाय है। आरबीआई ने कहा था कि त्योहारी मौसम से पहले इस राशि को बैंकिंग प्रणाली में वापस लाने के लिए आठ सितंबर 2023 या उससे पहले आई-सीआरआर की समीक्षा की जाएगी।


देशबन्धु

ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

टेलर्स वारिस

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596

मो.-9424392281, 9425152707

देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

बिना ऑपरेशन

डॉ. विश्वास

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे

मो: 9827042596

देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

## मानसून का असर 20 सितंबर तक रहने के आसार

# बारिश का क्रम चला, आंकड़ा 51 इंच के पार, जलाशय लबालब



**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर के अलावा संभाग के दूसरे जिलो मे बारिश का क्रम चल रहा है। शुक्रवार को भी दिन में झमाझम बारिश हुई। जिसके बाद आंकड़ा 50 इंच के पार पहुंच गया है। इसी तरह बारिश का क्रम चलता रहा तो औसत से अधिक बारिश होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। अगले चौबीस घंटे में संभाग के जिलों में पड़ोसी संभाग में गरज चमक के साथ मध्यम से भारी बारिश की संभावना है।

जबलपुर और आस-पास मानसून सक्रिय है। इससे बीते दो दिनों से बारिश का क्रम चल रहा है। इससे मौसम खुशनुमा हो गया है। शुक्रवार को भी दिन में रूक-रूक कर बारिश होती रही, शाम ढलने के बाद भी आसमान में मानसून के बादल छाये थे। मौसम विभाग ने कहा है कि आगामी बीस सितंबर तक बंगाल की खाड़ी में बने नये सिस्टम के परिणाम स्वरूप इस माह बारिश होती रहेगी। इससे एक बार फिर नदी और दूसरे जलाशयो में पानी बढ़ा है। बारिश का आंकड़ा 50 इंच के आगे निकल गया है, यह सभी के लिये अच्छी खबर मानी जा सकती है। बरगी, परियट, खंदारी आदि जलाशय पूरी तरह भर गये हैं। इसे नगर वासियों के लिये खुशखबरी माना जा सकता है। पानी की किल्लत की संभावना खत्म हो गई है। सबसे ज्यादा मौसमी बीमारी से पीड़ित लोगों को लाभ हुआ है। वायरल फीवर का असर कम होने लगा है, अस्तपतालों में मरीजों की संख्या में नियंत्रण हुआ है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बालाघाट, टीकमगढ़ इत्यादि में अति भारी बारिश के लिये रेड और मध्यम से भारी बारिश वाले संभावना वाले सतना, छिंदवाड़ा, उमरिया, मंडला, डिंडौरी, कटनी और सिवनी में येलो अलर्ट जारी किया गया है। इससे कहा जा सकता है कि प्रदेश में महाकोशल और दूसरे संभाग के जिलों में बारिश के आसार बने हुये हैं।

### आकाशीय बिजली गिरने से 3 की मौत

शहडोल जिले में आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई। तीनों ने सासाहिक हाट बाजार में दुकान लगा रखी थी, तब अचानक शाम छह बजे बिजली कड़कने लगी। तीनों अपनी जान बचाने के लिए ओट लेते, उससे पहले ही बिजली ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। मामला जिले के अमलाई थाना अंतर्गत ग्राम बकहो का है। वहां बकहो में हर शुक्रवार को सासाहिक हाट बाजार लगता है। इसमें ही तीनों ने दुकान लगा रखी थी। शाम लगभग सवा छह बजे के आसपास तेज गर्जना के साथ बिजली गिरी। इसकी चपेट मे आने से तीनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। अमलाई थाना प्रभारी जेपी शर्मा ने बताया कि मृतक सुनील कुशवाहा, 42 वर्ष, निवासी धनपुरी, कुंजी लाला जैसवाल, 45 वर्ष, निवासी अमलाई, की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी।

## आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा

### नई बिल्डिंग का 27 सितंबर को राष्ट्रपति करेंगी शिलान्यास



**जबलपुर, देशबन्धु।** जल्द ही मप्र हाईकोर्ट एक नए स्वरूप में दिखेगा, हाईकोर्ट की बहुमंजिला इमारत होगी। इसके अलावा कई आधुनिक सुविधाओं से हाईकोर्ट की नई बिल्डिंग लेस होने वाली है इसकी प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जायेगी। हाईकोर्ट की नई बिल्डिंग का शिलान्यास करने के लिए 27 सितंबर को राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू का जबलपुर दौरा प्रस्तावित है। राष्ट्रपति के जबलपुर दौरे को देखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है। राष्ट्रपति के जबलपुर दौरे के दौरान कई राज्यों के चीफ जस्टिस भी संभवत जबलपुर आ सकते हैं।

इस बारे में कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने बताया कि 27 सितंबर को हाईकोर्ट की नई बिल्डिंग का भूमि पूजन होना है। जिसमें की राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू का दौरा प्रस्तावित है। कलेक्टर ने बताया कि राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। जिला अदालत की पुरानी बिल्डिंग को तोड़कर इसका निर्माण किया जा रहा है। जो कि हाई कोर्ट की नई बिल्डिंग बनेगी।

हाईकोर्ट के लिए नई बिल्डिंग के निर्माण की जरूरत लंबे समय से चली आ रही थी। इसके चलते अब जिला अदालत की पुरानी बिल्डिंग को तोड़कर इसका निर्माण किया जा रहा है। नई बिल्डिंग में हाईकोर्ट की बेंचों के अलावा पक्षकारों के लिए भी सुविधाएं रहेगी। नई बिल्डिंग का डिजाइन और प्रोजेक्ट पीडब्ल्यूडी की इकाई की पीआईयू तैयार कर रही है। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस बिल्डिंग मेंई तरह की सुविधाएं होंगी।

## महानगरी एक्सप्रेस 15 अक्टूबर तक बदले रूट से चलेगी



**जबलपुर, देशबन्धु।** लखनऊ मंडल पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते इस मार्ग से पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 22177/22178 महानगरी एक्सप्रेस के निर्धारित रूट में 19 सितम्बर से आंशिक परिवर्तन किया गया है. गाड़ी संख्या 22177 छत्रपति शिवाजी टर्मिनस-वाराणसी के मध्य प्रतिदिन चलने वाली महानगरी एक्सप्रेस ट्रेन 19 सितम्बर 2023 से 14 अक्टूबर 2023 तक अपने निर्धारित रूट मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-विन्ध्याचल - वाराणसी के बजाये मानिकपुर-प्रयागराज-प्रयागराज रामबाग-बनारस रूट से गंतव्य को जायेगी, अतः उक्त गाड़ी वाराणसी स्टेशन के बजाय बनारस स्टेशन पर टर्मिनेट होगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 22178 वाराणसी-छत्रपति शिवाजी टर्मिनस के मध्य प्रतिदिन चलने वाली महानगरी एक्सप्रेस ट्रेन दिनांक 20 सितम्बर 2023 से 15 अक्टूबर 2023 तक अपने निर्धारित रूट मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-विंध्याचल-वाराणसी के बजाये मानिकपुर-प्रयागराज-प्रयागराज रामबाग-बनारस रूट से गंतव्य को जायेगी। उक्त गाड़ी वाराणसी स्टेशन के बजाय बनारस स्टेशन से ओरिजिनेट होगी।

## इंटर लॉकिंग के कारण चित्रकूट एक्सप्रेस 4 दिन नहीं चलेगी

**जबलपुर, देशबन्धु।** नॉन रेल प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास हेतु लखनऊ मंडल में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते पश्चिम मध्य रेल से प्रारंभ/टर्मिनेट होने वाली गाड़ी संख्या 15205/15206 लखनऊ-जबलपुर-लखनऊ चित्रकूट एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

बताया गया है कि गाड़ी संख्या 15206 जबलपुर से लखनऊ के मध्य प्रतिदिन चलने वाली चित्रकूट एक्सप्रेस 09 सितम्बर से 13 सितम्बर तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 15205 लखनऊ से जबलपुर के मध्य प्रतिदिन चलने वाली चित्रकूट एक्सप्रेस 08 सितम्बर से 12 सितम्बर 2023 तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। रेलवे ने यात्रियों से आग्रह किया है कि वे अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता करके रेलवे स्टेशन पर पहुंचे।

## दोस्त ने महिला मित्र के साथ मिलकर किया रेलवे के चीफ कंट्रोलर को ब्लैकमेल

### लाखों की ब्लैकमेलिंग, एफआईआर दर्ज होते ही आरोपी फरार

**जबलपुर, देशबन्धु।** पमरे के भोपाल रेल मंडल के चीफ कंट्रोलर संजय कटारे को ब्लैकमेल करने वाले उनके साथी चीफ कंट्रोलर निरपेंद्र सिंग गंगवार और उसकी महिला मित्र काजल तोमर के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। इसकी जानकारी लगते ही निरपेंद्र फरार हो गया। गुरुवार रात पुलिस उसके घर और अन्य संभावित ठिकानों पर पहुंची। आरोपी महिला के संबंध में भी फिलहाल पुलिस को कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। आरोपियों ने ब्लैकमेल करके लाखों रुपए ऐंठे हैं।

पुलिस के अनुसार संजय कटारे (52) रेलवे में चीफ कंट्रोलर हैं। वे भोपाल कंट्रोल रूम में पदस्थ हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 30 दिसंबर 2021 को उनके साथी चीफ कंट्रोलर निरपेंद्र ने उन्हें अपनी जन्मदिन पार्टी में बुलाया था, जब वह पार्टी में पहुंचे तो निरपेंद्र ने उनकी पहचान काजल परमार नाम की युवती से कराई, काजल एक एनजीओ में काम करती है। इसके कुछ समय बाद निरपेंद्र और काजल ने उन्हें ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। दोनों ने धमकाया कि रेप के झूठे केस में फंसाकर जेल भिजवा देंगे। नौकरी चली जाएगी और समाज में बदनामी भी होगी। डरा धमकाकर उनसे साढ़े पांच लाख रुपए वसूल लिए। दोस्त ने रची इतनी बड़ी साजिश-संजय कटारे ने बताया कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि मेरा साथी, मेरा दोस्त इतनी बड़ी साजिश कर सकता है। चंद पैसों के लालच में उसने मुझे मौत के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया था। इतना डिप्रेशन में आ चुका था कि कई बार आत्महत्या करने जैसे ख्याल दिल दिमाग में आने लगे थे। मैं निर्दोष था, बदनामी से डरता था। आरोपी, परिवार वालों को भी मनगढंत कहानी सुनाकर रिश्तों में दरार डलवाने की धमकी देते थे। फिलहाल मामले को लेकर पुलिस ने जांच तेज कर दी है, वहीं रेलवे गलियारों में प्रकरण को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है।

## श्रीजी कंस्ट्रक्शन कंपनी के एमडी ने बीमारी का हवाला देकर मांगी जमानत

### हाईकोर्ट ने सीबीआई को मेडिकल दस्तावेजों की जांच कर रिपोर्ट पेश करने के दिये निर्देश



**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट में श्रीजी कंस्ट्रक्शन कंपनी के फरार एमडी ज्ञानेन्द्र सिंह ने पुनः जमानत के लिये आवेदन पेश किया। जस्टिस नंदिता दुबे की एकलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। जिस पर सीबीआई की ओर से आपत्ति पेश की गई। एकलपीठ ने मामले में सीबीआई को आरोपी के मेडिकल दस्तावेजों की जांच कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिये है।

आरोपी श्रीजी कंस्ट्रक्शन कंपनी के फरार एमडी ज्ञानेन्द्र सिंह की ओर से वह काफी बीमार है और हॉस्पिटल में भर्ती हैं। लिहाजा उन्हें जमानत का लाभ दिया जाए। कोर्ट में हॉस्पिटल में भर्ती होने व उपचार से संबंधित दस्तावेज भी प्रस्तुत किए गए। सीबीआई की ओर से अधिवक्ता पंकज दुबे ने दस्तावेजों पर सवाल खड़े करते हुए जमानत का विरोध किया। सुनवाई बाद न्यायालय ने सीबीआई को निर्देश दिए कि श्रीजी कंस्ट्रक्शन कंपनी के फरार एमडी ज्ञानेन्द्र सिंह द्वारा प्रस्तुत उपचार संबंधी दस्तावेजों की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

उल्लेखनीय है कि सीबीआई को शिकायत मिली थी कि कटनी फोरलेन बायपास निर्माण के दौरान रेलवे लाइन पर बन रहे पुल में श्रीजी कंस्ट्रक्शन कंपनी ने रेल और एनएचएआई अधिकारियों के साथ मिलकर लाखो रुपए का फर्जीवाड़ा किया है। जिसके बाद श्रीजी कंस्ट्रक्शन कंपनी के कार्यालय व अन्य स्थानों में 25 व 26 जुलाई को छापामारी करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। वहीं सीबीआई द्वारा दर्ज की गई एफआईआर में बनाये गए मुख्य आरोपी कंपनी का मैनेजिंग डायरेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह अभी भी फरार है। इसके पूर्व 21 अगस्त को ज्ञानेन्द्र सिंह सहित अन्य ने जमानत आवेदन पेश किये थे। जिसे न्यायालय ने खारिज कर दिये थे।

## 3 नए कॉलेज खुलेंगे, चरगवां और शहपुरा, गढ़ा क्षेत्र का चयन

### नये शिक्षण सत्र से मिल सकती है युवाओं को नई सौगात

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले को तीन नए कालेजों की सौगात मिली है। नए शिक्षण सत्र में शहपुरा, गढ़ा व चरगवां में इन कालेजों की शुरुआत होगी। कालेजों में जल्द ही प्रवेश प्रक्रिया भी प्रारम्भ हो जाएगी। 3 कालेजों को खोलने के लिए सरकार ने भी हरी झंडी दे दी है। मिली जानकारी के अनुसार जबलपुर में नए कालेजों के खोलने की वर्ष 2019 में कैबिनेट से मंजूरी भी प्राप्त हो गई थी, लेकिन कुछ कारणों के चलते कालेज नहीं खोले जा सके. इस दिशा में लगातार प्रयास किए जाते रहे। जिसके सुखद परिणाम सामने आने लगे हैं।

जिसके चलते जबलपुर को तीन कालेज खोलने की सरकार ने घोषणा कर दी। जिसके चलते चरगवां, शहपुरा व गढ़ा क्षेत्र का चयन किया गया है. कोशिश यही की जा रही है कि इन कालेज में नए शिक्षण सत्र से प्रवेश की प्रक्रिया शुरु हो जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के छात्र व छात्राओं को शहर के कालेजों की ओर रुख न करना पड़े।

गौरतलब है कि जबलपुर में अभी 13 शासकीय कालेज है। इन तीन कालेजों के खुलने के बाद संख्या 16 हो जाएगी। तीनों कालेजों के लिए जमीन का चयन कर लिया गया है।

## नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़ा मामलाः तीन माह में सुनवाई को लेकर आवेदन पेश

### हाईकोर्ट ने सरकार को जवाब पेश करने के दिये निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** नर्सिंग कालेज फर्जीवाड़े मामले में शुक्रवार को हाईकोर्ट के समक्ष एक आवेदन पेश किया गया। जिसमें सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का हवाला देते हुए उक्त मामलों की सुनवाई तीन माह में पूर्ण किये जाने की राहत चाही गई। उक्त आदेवन पर जवाब के लिये सरकार की ओर से समय की राहत चाही गई। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने शासन के आग्रह को स्वीकार करते हुए मामले की अगली सुनवाई 20 सितंबर को निर्धारित की है।

उल्लेखनीय है कि मामला लॉ स्टूडेंट एसोसियेशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की ओर से दायर किया गया है। जिसमें फर्जी तरीके से संचालित नर्सिंग कालेजों को कटघरे में रखा गया है। मामले में कहा गया शैक्षणिक सत्र 2020-21 में प्रदेश के आदिवासी बाहुल्य इलाकों में 55 नर्सिंग कॉलेज को मान्यता दी गयी। जबकि वास्तविकता में यह कॉलेज सिर्फ कागज में संचालित हो रहे है। अधिकांश कॉलेज की निर्धारित स्थल में बिल्डिंग तक नहीं है। कुछ कॉलेज सिर्फ चार-पांच कमरों में संचालित हो रहे है। ऐसे कॉलेज में प्रयोगशाला सहित अन्य आवश्यक संरचना नहीं है। बिना छात्रावास ही कॉलेज का संचालन किया जा रहा है। याचिका की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट को बताया गया था कि एक ही व्यक्ति कई नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य है और फैक्लटी भी अगल-अलग कॉलेजों में कार्यरत है। जिस कॉलेज में कार्यरत है उनकी दूरी सैकड़ो किलोमीटर है। मामले में पूर्व में हुई सुनवाई पर डीएमई अरुण श्रीवास्तव ने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर मांफी मांगते हुए पूर्व रजिस्ट्रार के खिलाफ उचित कार्रवाई के संबंध में शपथ पत्र दिया था। पिछली सुनवाई में न्यायालय ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा था कि सरकार के रवैये के कारण हमारा विचार है कि जांच सीबीआई को सौंप दी जाये। युगलपीठ ने ग्वालियर पीठ में नर्सिंग कॉलेज संबंधित सभी याचिकाओं को मुख्यपीठ स्थानांतरित करने के आदेश किये थे। शुक्रवार को सभी मामलों में संयुक्त रूप से हुई सुनवाई दौरान अनावेदक कॉलेजों की ओर से एक अंतरिम आवेदन पेश किया गया। जिसमें कहा गया कि ग्वालियर खंडपीठ ने प्रदेश के 650 मेडिकल कॉलेजों में से 364 कॉलेजों की सीबीआई जांच के आदेश देते हुए परीक्षा पर रोक लगा दी थी। परीक्षा पर रोक लगाये जाने के खिलाफ छात्रों ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। जिस पर सर्वोच्च न्यायालय ने तीन माह में याचिकाओं के निराकरण के लिए तीन माह की समय अवधि निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता आलोक बागरेचा ने पैरवी की।

## पटवारी संघ की मांग पूरी नहीं होने तक हड़ताल जारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश पटवारी संघ के आव्हान में जबलपुर के सैकड़ो पटवारी करीब 12 दिनों से हड़ताल में बैठे हुए हैं। पटवारी संघ के पदाधिकारी का कहना है प्रदेश में बारिश होने के बाद भी हम अपनी मांगों पर अड़े रहेंगे। आखिर प्रदेश के मुखिया मामा शिवराज हमसे कब खुश होंगे। जबकि मुख्यमंत्री के द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का जमीनी स्तर तक पहुंचाने का काम पटवारी के द्वारा किया जा रहा है। वहीं अब पटवारी संघ को वास्तविक भारत पार्टी का समर्थन मिल गया है। जहां आज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व आईएएस वरदमूर्ति मिश्रा भी पटवारी के बीच अधारताल तहसील कार्यालय में पहुंचे। गौरतलब है प्रदेश के सैकड़ो पटवारी 28 अगस्त से लगातार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर अपनी 3 सूत्रीय मांगो को लेकर बैठे हुए हैं। जहां जबलपुर के हाट बाजार में भी दर्जनों पटवारियों का प्रदर्शन जारी है। संघ की मुक्ता चौकसे के मुताबिक आज हड़ताल का नौवां दिन है। जहां प्रदेश के करीब 19 हजार पटवारी हड़ताल पर हैं। उन्होंने कहां सभी की तीन सूत्रीय मांगे हैं। जिसमें ग्रेड पे को 2800 करना, भत्तों को बढ़ाना, साथ ही वेतनमान समयमान को लेकर मांगे की जा रही है।।

ब्यूटी इंडस्ट्री में अपना सुनहरा कॅरियर बनाये
FREE FREE FREE FREE
जबलपुर का सरकारी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान
(ब्यूटी पार्लर के सभी कोर्स मे 50% डिस्काउंट)
LOOK SALON & ACADEMY (ONLY FOR FEMALE)
हेयर वाश, हेयर कट, फेस ब्लीच, हैंड डी -टेन पैक, फेस डी -टेन पैक,
7828416648,7987003927
239, जय नगर, गढ़ा रोड, लेबर चौक, जबलपुर म.प्र.
कॉल करके अपॉइंटमेंट प्राप्त कर इस विज्ञापन की कटिंग लेके आने पर इनमें से कोई भी एक सर्विस (उम्र 15+ महिलाओं के लिए) फ्री है।

आसान किस्तों में उपलब्ध
मिश्रा इन्टरप्राइजेज
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रू. 126
मीडियम ब्रॉयलर - रू. 126
छोटा ब्रॉयलर - रू. 128
मोबाइल नं. 9300692405

J.B.F.A.
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रू. 132
मुर्गा मीडियम - रू. 130
मुर्गा बड़ा - रू. 130
मुर्गा जम्बो - रू. 130
मो.-9039925000, 9425800409

